RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 3 अंक 176
फरीदाबाद, बुधवार, 05 अगस्त, 2020
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




खुराक पर दें ध्यान

सेहत- 12

**कोरोना मीटर**

**विश्व**

| | |
|---|---|
| कुल | 18,544,759 |
| मौतें | 6,99,812 |
| ठीक | 11,763,539 |

**भारत**

| | |
|---|---|
| कुल | 19,01,542 |
| मौतें | 39,792 |
| ठीक | 12,78,393 |

स्रोत: www.covid19india.org

**मौसम** फरीदाबाद

अधिकतम 36.00°C
न्यूनतम 28.00°C

# सोनीपत के प्रदीप ने किया यूपीएससी टॉप, दूसरे स्थान पर आए जतिन किशोर

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**संघ** लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2019 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। परीक्षा में प्रदीप सिंह ने टॉप किया है। दूसरे स्थान पर जतिन किशोर और तीसरे स्थान पर प्रतिभा वर्मा रही हैं। इस बार कुल 829 उम्मीदवारों का चयन किया गया है। चुने गए उम्मीदवारों में 304 उम्मीदवार जनरल कैटेगरी, 78 उम्मीदवार ईडब्ल्यूएस, 251 उम्मीदवार ओबीसी, 129 एससी और 67 उम्मीदवार एसटी कैटेगरी के शामिल हैं। हर साल लाखों की संख्या में आईएएस और आईपीएस बनने के लिए उम्मीदवार परीक्षाएं देते हैं। यूपीएससी ने 182 उम्मीदवारों को रिजर्व लिस्ट में रखा



है। इनमें 91 जनरल, 9 ईडब्ल्यूएस, 71 ओबीसी, 8 एससी, 3 एसटी कैटेगरी के हैं।

बता दें कि साल 2019 के लिए यूपीएसी परीक्षा के लिए 2304 उम्मीदवार सफल हुए थे। इन छात्रों के लिए इंटरव्यू की परीक्षा 17 फरवरी 2020 से शुरू हुई थी लेकिन कोरोना की वजह से मार्च में इंटरव्यू रोकना पड़ा था, जिसके बाद 20-30 जुलाई के बीच इंटरव्यू रखे गए। तीन चरणों में यूपीएससी की परीक्षा में चयन किया जाता है, इसमें पहले प्रारंभिक, फिर मुख्य और आखिरी में साक्षात्कार कर उम्मीदवारों का चयन किया जाता है। यूपीएससी की परीक्षा में पास होने पर उम्मीदवारों का भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) समेत कई सेवाओं मे चयन किया जाता है।

### टॉप-10 में इन्होंने बनाई जगह

1- प्रदीप सिंह
2- जतिन किशोर
3- प्रतिभा वर्मा
4- हिमांशू जैन
5- जयदीप सी एस
6- विशाखा यादव
7- गणेश कुमार भास्कर
8- अभिषेक सारफ

### झारखंड देवघर के रवि जैन को 9वीं रैंक



**झारखंड** के देवघर जिले के रवि जैन ने संघ लोक सेवा आयोग-2019 की परीक्षा में पूरे देश में 9वां स्थान प्राप्त किया है। फिलहाल वे बिहार के जमुई जिला में सेल्स टैक्स ऑफिसर के पद पर तैनात हैं। बीपीएससी में पिछले साल उनका चयन हुआ था। रवि की प्रारंभिक शिक्षा देवघर से हुई है। रवि देवघर के जैन मंदिर गली के निवासी हैं। उनके पिता अशोक जैन व्यवसायी हैं जबकि उनके चाचा ताराचंद जैन झारखंड राज्य दिगंबर जैन धार्मिक न्याय बोर्ड के अध्यक्ष हैं। देवघर के जैन मंदिर गली के रहने वाले हैं।

### 90 रैंक लाने वाली डॉ. अनुपमा पटना की



**90वीं** रैंक लाने वाली डॉ. अनुपमा सिंह का ससुराल रांची स्थित खेलगांव है। वो पटना की रहने वाली हैं। पीएमसीएच से एमबीबीएस की पढ़ाई की और आईजीआईएमएस, पटना में गाइनी विभाग में डॉक्टर थीं। करीब 6 माह पूर्व उन्होंने रिजाइन कर दिया और दिल्ली से यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी। इनके पति भी रांची में डॉक्टर हैं और दंपती का चार साल का एक बेटा है। अनुपमा ने अपने पहले ही प्रयास में यूपीएससी में सेलेक्ट कर ली गईं।

### हजारीबाग के दीपांकर चौधरी को 42वां रैंक



**हजारीबाग** के दीपांकर चौधरी यूपीएससी की परीक्षा में 42वां रैंक प्राप्त कर आईएस बने हैं। यह सफलता उन्होंने चौथे प्रयास में प्राप्त किया। तीसरे प्रयास में 166 रैंक लाकर वे आईपीएस बने। वर्तमान में वे हैदराबाद में आईपीएस की ट्रेनिंग ले रहे हैं। प्लस 2 डीपीएस आरके पुरम दिल्ली से और दिल्ली से ही इन्होंने डीसीई ( दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग ) इंजीनियरिंग की पढाई करने के साथ सिविल सर्विसेज की तैयारी में जुट गए।

### प्रधानमंत्री ने दी टॉपर्स को बधाई



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सिविल सेवा परीक्षाओं के सफल उम्मीदवारों को बधाई दी। पीएम ने ट्वीट के जरिए सभी टॉपर्स को अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, सिविल सेवा परीक्षा 2019 को सफलतापूर्वक पास करने वाले सभी युवाओं को बधाई। सार्वजनिक सेवा का एक रोमांचक और संतोषजनक करियर आपका इंतजार कर रहा है। मेरी शुभकामनाएं।

## क्विक न्यूज

### चीनी कंपनी वीवो नहीं होगी आईपीएल की स्पॉन्सर

**नई दिल्ली।** चौतरफा विरोध के बाद आखिरकार चीनी कंपनी वीवो को इंडियन प्रीमियर लीग के टाइटल स्पॉन्सरशिप से हाथ धोना पड़ा। बताया जा रहा है कि चीनी मोबाइल कंपनी अब आईपीएल को स्पॉन्सर नहीं करेगी। 19 सितंबर से यूएई में खेले जाने वाले टूर्नामेंट के लिए बीसीसीआई अब नया प्रयोजक तलाशेगा। आईपीएल का वीवो के साथ पांच साल का करार 2022 में खत्म होना है। कॉन्ट्रेक्ट के तहत बोर्ड को हर साल 440 करोड़ रुपये मिलते थे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक (आरएसएस) से संबद्ध स्वदेशी जागरण मंच (एसजेएम) ने तो देश के नागरिकों से आईपीएल के बहिष्कार की अपील तक कर डाली थी।

### राम सबके हैं, राष्ट्रीय एकता का बनें भूमि पूजन: प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को कहा कि भगवान राम सबके हैं और ऐसे में बुधवार को अयोध्या में मंदिर निर्माण के लिए होने जा रहा भूमि पूजन राष्ट्रीय एकता, बंधुत्व और सांस्कृतिक समागम का कार्यक्रम बनना चाहिए। एमपी के पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कारण मंदिर का सपना साकार होने जा रहा है और प्रदेश कांग्रेस कमेटी राम मंदिर निर्माण के लिए चांदी की 11 ईंटें भेजेगी। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका ने एक बयान में कहा, दुनिया और भारतीय उपमहाद्वीप की संस्कृति में रामायण की गहरी और अमिट छाप है।

### एसबीआई अधिकारियों रियल इस्टेट कंपनी पर केस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बैंक के साथ 23.86 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक के छह अधिकारियों और नासिक स्थित रियल एस्टेट कंपनी सन इन्फ्रास्ट्रक्चर के खिलाफ मामला दर्ज किया है और छापेमारी के दौरान एक आरोपी से 50 लाख रुपए से अधिक की नकदी बरामद की है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि सीबीआई ने बैंक अधिकारियों शैलेन्द्र कुमार, अब्बास मोरबी, प्रशांत बी वरदकर, अरुण एस भगत, एमएमके राव और शिवाजी मुर्कुटे के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### नए नक्शे में पाक ने ठोका कश्मीर-लद्दाख पर दावा

**नई दिल्ली।** भारत और नेपाल के बीच नक्शा विवाद के बाद अब पाकिस्तान ने भी ऐसा ही हथकंडा अपनाया है। पाकिस्तान ने अपना एक नया राजनीतिक नक्शा जारी किया है जिसमें उसने लद्दाख, जम्मू-कश्मीर के सियाचीन के साथ गुजरात के जूनागढ़ पर भी दावा जताया है। हालांकि, भारतीय सरकार ने पाकिस्तान के इस दावे को हास्यास्पद करार दिया है।

### चीन को करारा जवाब देने की तैयारी में भारत

**नई दिल्ली।** वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत और चीन के बीच तनाव अभी भी बरकरार है। पांच स्तर की वार्ता के बाद भी चीन की सेना पैंगोंग त्सो क्षेत्र में बनी हुई है और अपनी पुरानी स्थिति में लौटने को तैयार नहीं है। चीन की हरकतों और नापाक मंसूबों को ध्यान में रखते हुए भारत भी लगातार अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।

राम मंदिर का शिलान्यास आज, पूजन से 15 घंटे पहले आडवानी ने कहा

# ‘लगता है प्रतीक्षा सार्थक हुई’

**एजेंसी।** अयोध्या

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी बुधवार को यानी आज राम मंदिर की नींव रखेंगे। इसके लिए सभी तैयारियां करीब पूरी हो चुकी हैं। इस बीच, शहर में एसपीजी ने सुरक्षा संभाल ली है। शहर की सीमाएं सील कर दी गई हैं। 5 अगस्त तक बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक भी लगा दी गई है। उधर, इस शिलान्यास समारोह से करीब 15 घंटे पहले उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवानी ने कहा है कि लगता है, प्रतीक्षा सार्थक हुई है। जीवन के कुछ सपने पूरे होने में बहुत समय लेते हैं। आडवानी ने कहा, मैं जनमानस, संतों और नेताओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करता हूं।

संघ प्रमुख मोहन भागवत एवं स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज अयोध्या पहुंच चुके थे। वे पूजा में शामिल होंगे और मोदी के साथ मंच साझा करेंगे। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या पहुंचेंगे। भूमि पूजन के दौरान वो 40 किलो चांदी की ईंट राम मंदिर की नींव में रखेंगे और मंदिर परिसर में पारिजात का पौधा लगाएंगे। इस पूजा



से पहले मोदी हनुमान गढ़ी में दर्शन के लिए जाएंगे। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी अयोध्या राममय हो चुकी है। नयाघाट राम की पैड़ी पर मंगलवार शाम को दीपोत्सव मनाया गया। यहां तकरीबन 1 लाख दीये रोशन किए गए। वहीं, साकेत महाविद्यालय से हनुमानगढ़ी तक लगभग डेढ़ किमी का क्षेत्र अलग रंग में दिखाई दिया।

उन पर रामकथा के चित्र अपनी दिव्यता का एहसास करा रहे हैं। इस पूरे क्षेत्र को भगवा और लाल झंडों से पाट दिया गया है। लोग जगह-जगह सेल्फी लेकर इस पल को अपने कैमरे में कैद कर रहे थे। हालांकि, सिक्योरिटी की वजह से जहां ज्यादातर दुकानें बंद हैं, वहीं सरकारी गाड़ियों की आवाजाही ज्यादा है। हनुमान गढ़ी में एंट्री के लिए लगाई गई बैरिकेडिंग भी हटा दी गई है।

पीएम के स्वागत के लिए विहिप, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और प्रशासनिक अमला मिल कर काम कर रहा है। रास्ते में पड़ने वाले घरों पर सुरक्षा की दृष्टि से कहां किस छत पर सिक्योरिटी रहेगी, इसको चेक किया गया है। हनुमानगढ़ी के रास्ते को पीले वस्त्रों से सजाया जा रहा है।

हर घर और दुकान पर रात को रोशनी के लिए झालर लटकाए गए हैं। वहीं, हनुमानगढ़ी से नया घाट तक जैसे पहले अयोध्या थी, वैसी ही है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए चल रहे तीन दिन के अनुष्ठान का मंगलवार को दूसरा दिन था। राम जन्मभूमि में रामार्चा पूजा हुई। काशी और अयोध्या के 9 वेदाचार्य ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा कराई। यह छह घंटे चली।

# अब रिहायशी क्षेत्र के साथ दूसरी सम्पति का भी होगा सर्वे : दुष्यंत

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**अब** प्रदेश में आबादी वाले क्षेत्र के साथ-साथ कृषि सहित अन्य भूमि व जायदाद का भी ड्रोन सर्वे होगा। यह आदेश मंगलवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने दिए। वे मंगलवार को चंडीगढ़ में अपने कार्यालय में 'हरियाणा लार्ज स्केल मैपिंग एंड स्वामित्व प्रोजेक्टस' से संबंधित अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आबादी देह के साथ-साथ राजस्व संपदा का भी ड्रोन-सर्वे किया जाए ताकि लोगों को उनके मालिकाना हक की संपत्ति का ऑनलाइन रिकार्ड मिल सके। उन्होंने महात्मा गांधी जयंती दो अक्टूबर 2020 तक लक्षित 242 गांवों में आबादी देह के सर्वे को जल्द से जल्द पूरा करने के भी निर्देश दिए, उस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश में हर जिला के एक गांव को लाल डोरा मुक्त करने की घोषणा करके डीड-टाइटल वितरित करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में प्रत्येक जिला से 11 गांवों अथवा कुल 242



### डिप्टी सीएम चौटाला ने दिए अधिकारियों को आदेश

गांवों को दो अक्टूबर तक लाल डोरा मुक्त किए जाने का लक्ष्य है।

बैठक में डिप्टी सीएम को जानकारी दी गई कि 242 गांवों के अतिरिक्त आठ अन्य गांवों में भी ड्रोन सर्वे का कार्य तो पूरा कर लिया है बाकि कार्य भी तेजी से किए जा रहे हैं। यही नहीं 214 गांवों में डाटा-प्रोसेसिंग भी पूरा हो गया है। यह भी बताया कि 123 गांवों के मैप जिला प्रशासन को सौंप दिए हैं। जब उपमुख्यमंत्री को जानकारी दी गई खराब मौसम के चलते कुछ ड्रोन खराब हो गए थे तो उपमुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिरिक्त ड्रोन मंगवा कर कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

दुष्यंत चौटाला ने सर्वे ऑफ इंडिया के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आबादी देह के साथ-साथ राजस्व-संपदा का भी सर्वे किया जाए ताकि एक-एक इंच जमीन के मालिकाना हक का पता चल सके। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश के लोगों को यह लाभ होगा कि वे अपनी जमीन का डिजिटली रिकॉर्ड कभी भी ले सकेंगे। इससे उनके समय व संसाधनों की बचत होगी।

उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने सर्वे ऑफ इंडिया से जो समझौता किया था, इसमें ड्रोन सर्वे से जहां गांव-शहर, राजस्व की संपत्तियों की हद को सुरक्षित किया जाएगा, वहीं किसी भी प्रकार के अतिक्रमण से निपटना सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि इससे व्यवस्था में पादर्शिता आएगी।

बैठक में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजय वर्धन, भूमि रिकार्ड हरियाणा की निदेशक कुमारी आमना तसनीम, उपमुख्यमंत्री के विशेष कार्यकारी अधिकारी कमलेश कुमार भादू, सर्वे ऑफ इंडिया चंडीगढ़ के निदेशक प्रशांत कुमार समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# हरियाणा के 21 जिलों में कम हुए सवा लाख मतदाता

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

### निर्वाचन आयोग ने जारी की ड्राफ्ट मतदाता सूचियां

### ढाई सौ से अधिक ट्रांसजेंडर मतदाता

**प्रदेश** में पिछले चार माह में फरीदाबाद को छोड़कर 21 जिलों में 1.21 लाख मतदाता कम हो गए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ड्राफ्ट मतदाता सूचियों के अनुसार प्रदेश भर में एक करोड़ 82 लाख 69 हजार 60 हैं, जिसमें 98 लाख 12 हजार 35 पुरुष और 84 लाख 56 हजार 772 महिला जबकि 253 ट्रांसजेंडर (किन्नर ) मतदाता है। चार अक्टूबर 2019 को यानि हरियाणा विधानसभा आम चुनाव से पहले प्रदेश में मतदाताओं की संख्या एक करोड़ 83 लाख 90 हजार 525 थी।

इस प्रकार अक्टूबर 2019 और फरवरी 2020 के मध्य अर्थात चार माह में हरियाणा के कुल मतदाताओं की संख्या एक लाख 21 हजार 465 घट गई है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट एवं कानूनी विश्लेषक हेमंत कुमार के मुताबिक 10 फरवरी 2020 को जारी ड्राफ्ट मतदाताओं में सभी 22 जिलों में केवल फरीदाबाद जिला ही एक ऐसा जिला है, जहां अक्तूबर 2019 से फरवरी 2020 के बीच मतदाताओं की संख्या 1389 बढ़ी है। पिछले वर्ष फरीदाबाद जिले में 15 लाख 12 हजार 47 मतदाता थे, ड्राफ्ट मतदाता सूची अनुसार इनकी संख्या 15 लाख 13 हजार 436 हो गई।

हेमंत ने बताया कि सबसे अधिक मतदाताओं की संख्या महेंद्रगढ़ जिले में कम हुई है। वर्ष विधानसभा चुनावों में यहां छह लाख 80 हजार 935 मतदाता थे, जो इस वर्ष फरवरी में 6 लाख 57 हजार 107 हो गए अर्थात इस संख्या में 23 हजार 828 की कमी



आई हैं। इसके बाद पानीपत जिले में 23 हजार 402 मतदाता कम हुए हैं। गत वर्ष यहां 8 लाख 47 हजार 821 मतदाता थे जो इस वर्ष घटकर 8 लाख 24 हजार 419 हो गए। हिसार में 20 हजार 977 मतदाता कम हुए हैं। गत वर्ष यहां 12 लाख 44 हजार 503 मतदाता थे जो बीती फरवरी में 12 लाख 23 हजार 526 हो गए।

रेवाड़ी में 16 हजार 340 मतदाता घटे, उसके बाद मेवात जिला है जहां 15 हजार 768 मतदाता कम हुए हैं जबकि फतेहाबाद में 14 हजार 463 मतदाता कम हुए।

प्रदेश के मुख्यमंत्री का चुनावी क्षेत्र वाले करनाल में 14 हजार 92 मतदाता, भिवानी में 13 हजार 802 मतदाता, चरखी दादरी में 13 हजार 636 मतदाता कैथल में 13 हजार 115 मतदाता, कुरुक्षेत्र में 11 हजार 883 मतदाता और झज्जर जिले में 11 हजार 680 मतदाता घटे हैं। उन्होंने बताया की प्रदेश में सबसे कम मतदाता पंचकूला में कम हुए हैं जिनकी संख्या 721 हैं।

### महिला अफसरों को स्थाई कमीशन देने की प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने पात्र महिला अधिकारियों को स्थाई कमीशन देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इससे करीब दो हफ्ते पहले रक्षा मंत्रालय ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। अधिकारियों ने बताया कि सेना मुख्यालय ने महिला विशेष प्रवेश योजना और लघु सेवा कमीशन के तहत भर्ती हुईं महिला अधिकारियों से 31 अगस्त तक स्थाई कमीशन के लिए आवेदन मांगे हैं। स्थाई कमीशन देने के संबंध में सरकार से आधिकारिक मंजूरी पत्र मिलने के बाद, सेना मुख्यालय स्थाई कमीशन देने के लिए महिला अफसरों की स्क्रीनिंग करने के वास्ते एक विशेष संख्या चयन बोर्ड आहूत करने की प्रक्रिया में है।

# सीएमओ में अटकी डीएसपी पदोन्नति की फाइल

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

### गृह विभाग ने 35 इंस्पेक्टरों की तरक्की का केस तैयार कर भेजा

### पानीपत लाठीचार्ज मामले में करनाल एसपी की जांच का समय बढ़ाया

**हरियाणा** के गृहमंत्रालय और मुख्यमंत्री कार्यालय के बीच तालमेल का अभाव एक बार फिर से सामने आ गया है। गृहमंत्रालय द्वारा प्रदेश के 35 इंस्पेक्टरों को पदोन्नत करके डीएसपी बनाए जाने की फाइल सीएमओ में अटक गई है। इस मुद्दे पर गृहमंत्रालय के अधिकारियों ने सीएमओ को स्मरण पत्र भेजा है।

हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज द्वारा हालही में करीब तीन दर्जन इंस्पेक्टरों को तरक्की देकर डीएसपी बनाने का केस तैयार करके सीएमओ में भेजा था। यह फाइल कई दिनों से सीएमओ में अटकी हुई है। सूत्रों की मानें तो मंगलवार को सीएमओ ने कुछ आपत्तियां दर्ज करते हुए कई दिन बाद यह फाइल लौटा दी है। जिसे दोबारा संशोधन के साथ सीएमओ में भेजा जा रहा है।

हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि उनके द्वारा आपत्तियों को दूर करने के बाद फाइल को फिर से सीएमओ में भेजा जा रहा है। शराब घोटाले को लेकर एसईटी द्वारा दी गई रिपोर्ट पर किसी प्रकार की टिप्पणी करने से इनकार करते हुए विज ने कहा कि अभी रिपोर्ट का अध्यन किया जा रहा है। गृह सचिव द्वारा रिपोर्ट दिए जाने के बाद ही इस बारे में जानकारी को सार्वजनिक किया जाएगा। पानीपत में हुए लाठीचार्ज के मुद्दे पर गृहमंत्री ने कहा कि करनाल के एसपी सभी पहलूओं की जांच कर रहे हैं। उन्होंने जांच के लिए 21 दिन का समय मांगा है। जांच रिपोर्ट में जो भी लोग दोषी पाए गए उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### चिदंबरम मामले की जांच को तीन महीने दिए

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम और उनके बेटे कार्ति के खिलाफ एयरसेल-मैक्सिस मामले में जारी अपनी जांच के सिलसिले में ब्रिटेन और सिंगापुर को भेजे अनुरोध पत्र पर जवाबी रिपोर्ट हासिल करने के लिए मंगलवार को तीन महीने का वक्त दिया। विशेष न्यायाधीश अजय कुमार कुहाड़ ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए हुई सुनवाई में दोनों एजेंसियों द्वारा किए गए अनुरोध को मंजूरी दे दी। इससे पहले, उनका प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ने अदालत से कहा कि अनुरोध पत्र भेजा गया है लेकिन जवाब प्राप्त नहीं हुआ है। बहरहाल, अदालत ने मामले की सुनवाई तीन नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी।

अयोध्या में राममंदिर के शिलान्यास समारोह में प्रस्थान से पूर्व बोले स्वामी ज्ञानानंद महाराज

# ‘भारतवर्ष के लिए आज दीपोत्सव पर्व है, हर घर में दीप जलें’

**पायनियर समाचार सेवा।** वृंदावन

**सतयुग** में वनवास के बाद जिस तरह श्रीराम भगवान के अयोध्या पहुंचने पर धरती-आकाश-पाताल में दीपोत्सव मनाया गया था, आज के युग में वह पल पांच अगस्त को दोहराया जा रहा है। यह समूचे भारतवर्ष के लिए दीपोत्सव के समान है। उत्कर्ष और उत्साह का क्षण है। देश काल परिस्थितियों के अनुरूप कई वर्षों तक श्रीराम टीन व छप्पर में रहकर वनवासी के रूप में रहे, लेकिन अब भव्य राम मंदिर निर्माण का शुभारंभ शिलान्यास समारोह से हो जाएगा। यह बात परम पूज्य महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी

### हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी की उपाध्यक्ष सुषमा गुप्ता ने मंदिर निर्माण के लिए पूजन सामग्री उन्हें भेंट की

ज्ञानानंद महाराज ने मंगलवार प्रात: वृंदावन स्थित श्री कृष्ण कृपा धाम आश्रम में मंगला आरती के बाद पत्रकारों के समक्ष कही। ज्ञानानंद महाराज गोवर्धन, वृंदावन समेत भारत के सभी पवित्र स्थलों की मिट्टी, जल लेकर अयोध्या के लिए रवाना हुए।



अयोध्या प्रस्थान से पूर्व रज कलश की मंगल आरती की गई। इसके उपरांत हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी की उपाध्यक्ष सुषमा गुप्ता और दिल्ली एनसीआर के प्रतिष्ठित बिल्डर प्रमुख समाजसेवी प्रमोद गुप्ता ने ज्ञानानंद महाराज की आरती की। सुषमा गुप्ता ने भी मंदिर निर्माण के लिए पूजन सामग्री उन्हें भेंट की। ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि भारत देश के लिए यह बड़े गौरव की बात है कि राममंदिर निर्माण अपने तय समय के अनुसार शुरू होने जा रहा है। राममंदिर निर्माण के लिए अनेक साधु-संतों ने अपना बलिदान दिया है। शिलान्यास और इसके निर्माण के बाद उन सभी की आत्माओं को हर्षित करने वाला यह क्षण है। इसीलिए भारत के प्रत्येक व्यक्ति को इस शुभ समय पर अपने घर में दीप प्रज्वलित करके श्री राम का सुमिरन करना चाहिए।

-राइट विजन-

## एहितयात के साथ बचाव करते हुए जीत सकते हैं कोरोना की जंग : वशिष्ठ

कोरोना की वजह से हुए लंबे लॉकडाउन के कारण पहले ही देश की अर्थव्यवस्था पर काफी बुरा असर पड़ चुका है। ऐसे में हम और ज्यादा दिनों तक लॉकडाउन होकर नहीं रह सकते हैं। जब तक कोरोना वायरस की वैक्सीन नहीं बन जाती, तब तक हमें कोरोना के साथ ही जीना होगा। हम सरकार द्वारा बनाए गए बचाव के नियमों का पालन करते हुए ही कोरोना को हरा सकते हैं। यह कहना है श्रीराम सी. सै. स्कूल के चेयरमैन डॉ. रामप्रकाश वशिष्ठ का। श्री वशिष्ठ अपने कई शिक्षण संस्थानों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार शिक्षा का प्रसार करते आ रहे हैं। **पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और डॉ. रामप्रकाश वशिष्ठ की बातचीत के अंश :-**



**जीवन परिचय**

**नाम** : डॉ. रामप्रकाश वशिष्ठ
**जन्मदिन** : 1 अप्रैल 1968
**पिता** : लेखराम वशिष्ठ
**माता** : लीलावती वशिष्ठ
**पत्नी** : सविता वशिष्ठ - अध्यापिका
**परिवार** : बेटी दीक्षा वशिष्ठ व बेटा दीपांशु वशिष्ठ
**स्कूल** : 12वीं - गोवर्नमें सी. सै., फतेहपुर बिल्लौच
**उच्चशिक्षा** : एमए, एमऐड, पीएचडी
**रूचि** : गरीब बच्चों को शिक्षिति करना
**कार्यक्षेत्र** : शिक्षा का प्रसार

**सवाल : शिक्षा के बाद आपने करियर की शुरूआत कैसे की।**
**जवाब** : वर्ष 1998 में मैने गांव फतेहपुर बिल्लौच में स्थित नव ज्योति सी. सै. स्कूल में प्रिंसीपल के पद पर काम करना शुरू किया था।

**सवाल : आपने अपने स्कूल की शुरूआत कब की।**
**जवाब** : वर्ष 2001 में मैने गांव फतेहपुर बिल्लौच में श्रीराम सी. सै. स्कूल की शुरूआत 834 बच्चों के साथ की। इस दौरान वर्ष 1997 से वर्ष 2010 तक मैं अग्रवाल कॉलेज में डिस्टेंस विंग में लैक्चरार के पद पर भी काम करता रहा।

**सवाल : फिलहाल आपके कौन कौन से शिक्षण संस्थान चल रहे हैं।**
**जवाब** : गांव फतेहपुर बिल्लौच के अलावा गांव नेकपुर, पाली में श्रीराम पब्लिक स्कूल और गांव फतेहपुर बिल्लौच में पंडित एलआर कॉलेज ऑफ एजुकेशन के नाम से बीऐड कॉलेज चल रहा है। तीनों संस्थानों में करीब 2200 बच्चे पढ़ रहे हैं।

**सवाल : भविष्य में क्या आपने और भी शिक्षण संस्थान शुरू करने की योजना बनाई है।**
**जवाब** : मैने अपने स्वर्गीय बेटे हर्ष वशिष्ठ की याद में गांव जवां में दो शिक्षण संस्थान शुरू करने का फैसला लिया है। इनमें हर्ष मैमोरियल इंटरनेशनल स्कूल ऑफ जवां और हर्ष मैमोरियल कॉलेज ऑफ फार्मेसी शामिल है। संस्थान के लिए जमीन खरीद ली है। 16 दिसंबर को स्वर्गीय हर्ष वशिष्ठ के जन्मदिन पर भवन के निर्माण का काम शुरू कर दिया जाएगा। इन संस्थानों में 10 प्रतिशत बेटियों को निशुल्क शिक्षा दी जाएगी।

**सवाल : लॉकडाउन के दौरान आप बच्चों को कैसे शिक्षित कर रहे हैं।**
**जवाब** : बच्चों को ऑनलाइन पढ़ने के लिए अत्याधुनिक तकनीकियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। आठवीं कक्षा तक के बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाने के साथ उनके अभिभावकों को बुलाकर मैन्युअल वर्क भी दिया जा रहा है।

**सवाल : स्कूल बंद होने पर फीस न आने से किस तरह की परेशानी आ रही है।**
**जवाब** : जो अभिभावक सक्षम हैं, वे फीस दे रहे हैं। जो असमर्थ है, उन पर इस मुश्किल घड़ी में किसी तरह का दवाब नहीं डाला जा रहा है। स्कूल के अध्यापकों और अन्य स्टाफ को लगातार वेतन दिया जा रहा है।

**सवाल : क्या आप समाजसेवा के कार्यो से भी जुड़े रहते हैं।**
**जवाब** : हम पर्दे के पीछे से समाज के जरूरतमंदों की सेवा करते रहते हैं। समाजसेवा के उदेश्य से ही इस बार हमने पत्नी सविता वशिष्ठ को सरपंच के पद के लिए चुनाव लड़वाने का फैसला लिया है।

**सवाल : लॉकडाउन में आपने जरूरतमंदों की कैसे मदद की।**
**जवाब** : लॉकडाउन के दौरान हमने गांव में निशुल्क राशन वितरित किया। स्कूल के अध्यापक और स्टाफ को जरूरत का सामान उपलब्ध कराने के साथ आर्थिक सहायता भी दी।

**सवाल : क्या पीएम मोदी ने लॉकडाउन ठीक समय पर किया था।**
**जवाब** : पीएम ने ठीक समय पर ठीक कदम उठाया था। लॉकडाउन में सरकार ने बीमारी से लड़ने के लिए अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली। यदि लॉकडाउन नहीं होता तो स्थिति बिगड़ सकती थी।

**शहर का तापमान**

- अधिकत 37.26 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 28.09 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- डबुआ सब्जी मंडी आढ़ती व विक्रेताओं के लिए खुलने समय: रात 12 से सुबह 5 बजे
- शहर की डिस्पेंसरियों में सैनिटाइजेशन सुबह 9 बजे
- बीके अस्पताल में कोरोना ओपीडी की शुरूआत : सुबह 8 बजे
- आवश्यक बस्तुओं की दुकानें खुलेगी: सुबह 9 से शाम 7 बजे तक

**निवेश गुरु**

### प्रबंधन के साथ सुदृढ़ भागीदारी

हमारा मानना है कि हमारे साथ जुड़े हितों वाली मजबूत प्रबंधन टीमों के साथ भागीदारी करना एक सफल निवेश दृष्टिकोण की कुंजी है। इसके अलावा, हम मौजूदा और पूर्व कायज़्कारी अधिकारियों के साथ मजबूत संबंध बनाए रखने के इच्छुक हैं जो पोटफोलियो कंपनियों के लिए एक अमूल्य संसाधन हो सकते हैं और एक सलाहकार क्षमता में सेवा प्रदान करने में सक्षम हैं।

**यूटीलिटी न्यूज**

### आज शहर में मनेगी दिवाली

**फरीदाबाद।** बड़खल विधानसभा-87 के भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला सचिव सुबोध महाशय ने कहा कि 5 अगस्त का दिन इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा। क्योकि इस दिन विश्व के सभी हिन्दुओं का सैकड़ों वर्षो का सपना साकार होगा। जब देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या में प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर का भूमि पूजन 36 परंपराओं और 135 संत महात्माओं के साथ मिलकर करेगें। सुबोध महाशय ने कहा कि देश-दुनिया के करोड़ों हिंदूओं के लंबे संघर्ष व अनेको कुबानियों के बाद प्रभु श्री राम मंदिर के निर्माण की शुभ घड़ी नजदीक आई है।

**क्विक न्यूज**

### जमीन के सर्कल रेट बढ़ाने के लिए सौंपा उपायुक्त को ज्ञापन

**फरीदाबाद।** ग्रामीण युवा विकास समिति पन्हेड़ा खुर्द के बैनर तले ग्रामीणों ने मंगलवार को जिला उपायुक्त यशपाल यादव को ज्ञापन सौंप कर गांव की जमीन के सर्कल रेट बढ़ाने की मांग की। ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त को बताया कि पृथला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव दयालपुर का सर्कल रेट एक करोड़ रूपए प्रति एकड़ है, जबकि पन्हेड़ा खुर्द का सर्कल रेट केवल 65 लाख रूपये है। इसलिए उनके गांव का भी सर्कल रेट बढ़ना चाहिए। ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त से मांग की कि दयालपुर और पन्हेड़ा खुर्द दोनों ही एक विधानसभा के गांव है और समीपवर्ती गांव है, ऐसे में प्रशासन इस मामले में तुरंत संज्ञान लेते हुए गांव के सर्कल रेट बढ़ाएं। जिससे कि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

# महामारी को बढ़ावा दे रहे गंदगी के ढेर

## करोड़ों खर्च करने पर भी ओवरफ्लो हो रहा सीवर का पानी

**लापरवाही**

राजेश दास। फरीदाबाद

**शहर** को स्मार्ट सिटी बनाने का दावा करने वाले नगर निगम की लापरवाही के कारण शहर के लोगों को गंदगी भरे माहौल में जीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। शहर में जगह जगह कूड़े और गंदगी के ढेर लगे हैं। निगम कर्मियों ने शहर के बाजारों और रिहायशी इलाकों में जहां तहां कूड़े के डंपिंग पोइंट बनाए हुए हैं। जिसमें कंटेनमेंट जोन से भी कूड़ा लाकर डाला रहा है। कूड़ा कई दिनों तक सड़कों पर पड़ा रहने से कोरोना महामारी को और ज्यादा बढ़ावा मिल रहा है। पिछले चार दिनों की छुट्टियों के दौरान शहर से कहीं भी कूड़ा नहीं उठाया गया। वहीं दूसरी तरफ नगर निगम सीवर लाइनों की सफाई के नाम पर लगातार करोड़ों रुपये खर्च कर रहा है। लेकिन इसके बावजूद एनआईटी और बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जगह जगह सीवर का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर बह रहा है। एनएच तीन में ई ब्लॉक के नजदीक पिछले तीन महीने से सीवर का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। निगम के कॉल सेंटर में इस तरह की हजारों की संख्या में शिकायतें लंबित पड़ी हैं।

**नहीं उठ रहा कूड़ा**

नगर निगम की लापरवाही के कारण शहर में पहले ही सफाई व्यवस्था बुरी तरह चरमराई रहती है। पिछले चार दिनों की सरकारी छुट्टी के कारण अब शहर में सफाई व्यवस्था बद से बदतर हो चुकी है। इस दौरान ईकोग्रीन कंपनी के कर्मचारी तो लोगों के घरों से लगातार कूड़ा इक्ट्ठा करके ले जा रहे है। लेकिन कंपनी के कर्मचारी घरों से निकलने वाले कूड़े को शहर में जगह जगह बनाए गए अवैध डंपिंग पोइंटों में डाल कर अपना कर्तव्य पूरा कर रहे हैं। जिसके कारण शहर के बाजारों और रिहायशी इलाकों में बनाए गए इन डंपिंग पोइंटों पर कूड़े और गंदगी के पहाड़ बन चुके है। एनएच एक, तिकोना पार्क स्थित व्यापार मंडल के कार्यालय के ठीक सामने और जवाहर कालोनी की गुरूद्वारा रोड पर गुरूद्वारे के नजदीक कूड़े का पहाड़ लगा दिया गया है। यह तो सिर्फ उदाहरण मात्र है। शहर में इस तरह के सैंकड़ों कूड़े के ढेर लगा दिए गए हैं। कूड़ा कई दिनों से सड़ने के कारण अब इससे दुर्गंध उठने लगी है। जबकि कूड़े को रोज उठा कर बंधवाड़ी पहुंचाने की जिम्मेदारी ईकोग्रीन कंपनी की है।




फोटो : राजेश पुंजानी

### हजारों शिकायतें लंबित

नगर निगम ने लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए जगह जगह शिकायत केंद्र बनाए हुए है। इसके अलावा निगम मुख्यालय में शिकायत करने के लिए कॉल सेंटर भी स्थापित है। लेकिन यहां शिकायत करने का भी कोई फायदा नहीं होता। क्योंकि इन शिकायतें केंद्र पर तैनात कर्मचारियों की संबंधित अधिकारी सुनने को तैयार ही नहीं होते। केंद्र से शिकायत स्थानांतरित करने पर संबंधित अधिकारी समस्या का समाधान कम और टालने का काम ज्यादा करते हैं। निगम के शिकायत केंद्रों में हजारों की संख्स में शिकायतें लंबित पड़ी हुई हैं। वहीं शहर में जगह जगह बने डिस्पोजलों में लंबे समय से गाद भरी हुई है। नगर निगम के ज्यादातर एसटीपी बंद पड़े हुए है। ऐसे में सीवर के गंदे पानी के निस्तरण की व्यवस्था न होने के कारण शहर में व्यवस्था लगातार चरमराती जा रही है।

### सीवर जाम से बदहाली

नगर निगम के अधिकारियों की लापरवाही के कारण शहर में सीवर जाम की समस्या दिन पर दिन गंभीर रूप धारण करती जा रही है। सीवर जाम की समस्या से वैसे तो पूरा शहर ही परेशान है। लेकिन एनआईटी 86 विधानसभा क्षेत्र में स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है। इस इलाके की सारन स्कूल रोड पर करीब आधा किलोमीटर इलाके में पिछले लंबे समय से सीवर का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर बह रहा है। पर्वतीय कालोनी में नैन सरिये वाले के नजदीक और कुमाऊ मंदिर के ठीक सामने भी पिछले लंबे समय से यहीं स्थिति बनी हुई है। इसी तरह गौंछी ड्रेन से संजय कालोनी और रही दोनों 33 फुट रोड पर पिछले काफी समय से सीवर का पानी सड़कों पर बह रहा है। पिछले दिनों मंत्री मूलचंद शर्मा ने 95 लाख रुपये की लागत से होने सीवर सफाई के काम का उदघाटन भी किया था। करीब एक महीने से काम चलने के बाद भी समस्य वैसी ही बनी हुई है। एनएन तीन ई ब्लॉक के सामने से गुजर रही गुरूग्राम रोड पर पिछले तीन महीने से सीवर का पानी बह रहा है। अब यह गंदा पानी लोगों के घरों में भी पहुंचने लगा है।

### व्यर्थ में खर्चे करोड़ों रुपये

सीवर लाइनों की सफाई के लिए नगर निगम के पास अपनी करीब डेढ़ दर्जन गाड़ियां मौजूद है। लेकिन इनमें से ज्यादातर गाड़ियों का उपयोग नगर निगम द्वारा नहीं किया जा रहा है। यह गाड़ी एनआईटी स्थित निगम सभागार परिसर में खड़ी जर्जर होने के कगार पर पहुंच रही है। सीवर की सफाई में अपनी गाड़ियों का इस्तेमाल करने की बजाए निगम द्वारा ठेका दिया जाता है। निगम अब तक सीवर लाइनों की सफाई के नाम पर ठेकेदारों को करोड़ो रुपये का भुगतान कर चुका है। यदि नगर निगम सीवर की सफाई के काम में अपनी गाड़ियों का इस्तेमाल शुरू कर दे तो इससे जहां एक तरफ समस्या का समाधान हो सकता है। वहीं दूसरी तरफ ठेकेदारों को होने वाले करोड़ों के भुगतान की रकम को अन्य विकास कार्यो पर खर्च किया जा सकता है। लेकिन करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद शहर



## गंदगी के बीच से गुजरते हैं डायलिसिस और क्षयरोगी

कविता। फरीदाबाद

**जिले** के बादशाह खान सिविल अस्पताल में कोरोना महामारी के साथ-साथ अन्य बीमारियों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। एक तरफ कोरोना महामारी से बचाव को स्वच्छता अपनाने की बात की जा रही है। वहीं दूसरी तरफ अस्पताल परिसर में जहां-तहां गंदगी के ढ़ेर लगे हुए हैं। जिससे यहां आने वाले मरीजों पर महामारी का खतरा साफ मंडरा रहा है। ऐसा ही यहां मंगलवार को देखा गया। अस्पताल में डायलिसिस सेंटर के लिए जाने वाली सीढ़ियों पर खुले में मेडिकल वेस्ट पड़ा था तो वहीं क्षयरोग के इलाज करवाने आ रहे मरीजों को भी कचरे के निकट से आते हुए देखा गया।





### खुले में मेडिकल वेस्ट

अस्पताल में कोरोना महामारी से डायलिसिस के मरीजों को बचाने के लिए रैम्प और लिफ्ट के निकट बनी सीढ़ियों के इस्तेमाल के बजाय ओपीडी में बनी सीढ़ियों का प्रयोग के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन यहां न तो लिफ्ट है और न ही रैम्प, एक तो मरीजों को सीढ़ियों से ले जाने में परिजनों को दिक्कते उठानी पड़ती है तो वहीं दूसरी तरफ प्रथम तल पर बच्चों की नर्सरी से निकलने वाले मेडिकल बेस्ट को सीढ़ियों के बीचों-बीच रखे डस्टबीनों में डाला जाता है। लेकिन मंगलवार को यहां लगे डस्बीनों से मेडिकल बेस्ट बाहर पड़ा हुआ देखा गया। वहीं सीढ़ियों से ऊपर जाने वाले रास्ते के निकट ही गंदी चादरों के ढ़ेर कचरे में पड़े हुए देखे गए।

### बढ़ सकती है बीमारी

अस्पताल में किसी काम से पहुंचे समाजसेवी शलील ने बताया कि जिस तरह से सीढ़ियों पर मेडिकल वेस्ट पड़ा हुआ था। इससे यहां कोरोना और अन्य बीमारियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां मरीजों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। अन्य दिनों में भी यहां ऐसा ही देखने को मिलता है। ऐसे में अस्पताल प्रबंधन मरीजों की जान को जोखिम में डाल रहा है।

### क्षयरोग विभाग के बाहर

क्षयरोग के मरीजों का इलाज पार्क में किया जाता है। लेकिन पार्क में जाने के लिए जिस रास्ते का प्रयोग क्षयरोगी करते है, वहीं पर मंगलवार को कचरे का ढ़ेर लगा हुआ था। जबकि क्षयरोग के मरीजों को साफ सफाई बरतने को कहा जाता है। लेकिन यहां लगे कचरे के ढ़ेर से न जाने कितने किटाणु उनके अंदर एक बार इलाज करवाने के दौरान पहुंचे होंगे, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है।

## संक्षिप्त समाचार

### बहना ने भाई की कलाई पर प्यार बांधा है ...



**फरीदाबाद।** शहर में भाई बहन के प्रेम प्रतीक रक्षाबंधन का पवित्र पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है। वैसे तो रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर हर उम्र के लोगों में खासा उत्साह होता है। लेकिन बच्चों को इस त्यौहार का लंबे समय से इंतजार रहता है। त्यौहार को लेकर जहां बच्चियां अपने भाई की कलाई पर बांधने के लिए शानदार राखियों की फरमाइश करती है तो वहीं भाई बहन को दिए जाने वाले तोहफे को लेकर कई दिन पहले ही फरमाइश करने लगते हैं। सोमवार को सेक्टर 10 निवासी नवीन अरोड़ व एकता अरोड़ा की चार वर्षीय बेटी एशलिन ने अपने दस वर्षीय भाई आरव अरोड़ा के हाथ में राखी बांध कर रक्षा का वचन मांगा। नवीन अरोड़ा ने बताया कि दोनों बच्चों में रक्षा बंधन को लेकर कई दिनों से उत्साह था।

### मंत्री ने किया विद्यालय का दौरा



**फरीदाबाद।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की नवनिर्मित बहुमंजिला इमारत का दौरा किया। बता दें कि इस स्कूल की इमारत हरियाणा की सबसे सुंदर इमारत बनाई जा रही है, जिसका उद्घाटन जल्द ही सरकार करने जा रही है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने इमारत का दौरा किया और उसमें अभी अंतिम चरण में चल रहे कार्य का जायजा लिया। वही ठेकेदार को जल्द से जल्द बचे हुए कार्य को पूरा करने की हिदायत दी है पीडब्ल्यूडी विभाग की तरफ से मौके पर मिले जेई विनोद को भी आदेश दिए हैं कि वे जल्द से जल्द इस कार्य को पूरा कराएं। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि हरियाणा में करीब 9 करोड़ की लागत से बहुमंजिला राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बोयज़)अंबेडकर चौक का निर्माण हुआ है, जिसका उद्घाटन जल्द ही किया जाना है।

### रक्तदान शिविर किया आयोजित



**फरीदाबाद।** प्रत्येक नागरिक के लिए रक्तदान और कोविड-19 वारियर्स द्वारा प्लाज्मा डोनेशन वास्तव में एक महान कार्य है जो समाज व मानव सेवा के प्रति एक बड़ी आहुति है। डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान व रोटरी फरीदाबाद मिड टाउन के चार्टर प्रेसिडेंट जेपी मल्होत्रा ने डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन व रोटरी क्लब द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर के अवसर पर उक्त विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान विश्व में नहीं है। मल्होत्रा ने रक्तदाताओं, औद्योगिक संगठनों तथा व्यक्तिगत रूप रक्त व प्लाज्मा दान की मुहिम पर विचार व्यक्त करते कहा कि हाइजीनिक प्रणाली जरूरी है और इसके साथ-साथ सैनिटाइजेशन पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। रोटरी क्लब फरीदाबाद मिटाउन के प्रधान पंकज गर्ग व सचिव डॉ. आशीष वर्मा इस रक्तदान व प्लाज्मा डोनेशन कैंप में डिस्ट्रिक्ट कोचेयर ब्लड डोनेशन रोटेरियन दीपक प्रसाद के नेतृत्व में रक्तदान प्रक्रिया में सुरक्षा संबंधी मानकों पर विशेष रूप से सक्रिय देखे गए।

### सामुदायिक भवन में किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**फरीदाबाद।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से सेक्टर 62 सामुदायिक भवन में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया एवं इस अवसर के उपलक्ष में पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में डिप्टी उपायुक्त सतवीर मान एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा सरकार में कैबिनेट मिनिस्टर मूलचंद के बड़े भाई टिपर चंद, रेडक्रॉस सोसाइटी की वाइस चेयरपर्सन सुषमा गुप्ता, रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव विकास कुमार उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। डिप्टी उपायुक्त सतवीर मान ने कहा कि आज का जो आयोजन हो रहा है उसकी बहुत अधिक आवश्यकता है, करोना वैश्विक महामारी के दौरान ब्लड बैंकों में रक्त का भाव है। जिस देखते हुए जिला रेडक्रॉस सोसायटी के द्वारा अथक प्रयासों से ज्यादा से ज्यादा रक्तदान शिविर लगाने का कार्य निरंतर सुचारू रूप से चालू है। उन्होंने इस कार्य में सम्मिलित सभी लोगों को बधाई का पात्र बताया एवम लोगों को प्रेरित करने के लिए भी आग्रह किया।


स्लेजहैमर समूह की एक और बड़ी पहल

फ्री एम्बुलेंस सेवा



इस सेवा का लाभ आर्थिक रूप से कमजोर, असहाय लोगों को दिया जा रहा है।

जरूरतमंद फ्री एम्बुलेंस के लिए फोन करें।

9899885190

9899882050

SledgeHammer | SLEDGEHAMMER CRICKET ACADEMY | पायनियर

# लापरवाही : 45 घंटे बाद पता चला दाखिल मरीज है पॉजिटिव

## परेशान परिजनों की शिकायत पर आरएमओ ने कराई थी जांच

**कविता।** फरीदाबाद

**शहर** के बादशाह खान सिविल अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में कोरोना के लक्षणों वाले मरीजों को अन्य मरीजों के साथ भर्ती किया जा रहा है, लेकिन उनके जांच के सैम्पल 18 से 48 घंटे तक नहीं लिये जाते हैं। ऐसे ही दो मामले मंगलवार को अपातकालीन कक्ष में देखने को मिले।

जहां चिकित्सकों द्वारा कोविड जांच लिखे के बावजूद 72 घंटे से भर्ती एक अज्ञात बुजुर्ग और 45 घंटे से दाखिल एक व्यक्ति का कोरोना का सैम्पल ही नहीं लिया गया। मरीज के परिजनों और समाजसेवी सतीश चौपड़ा ने आरएमओं को इसकी शिकायत की। जिसके बाद दोनो मरीजों का सैम्पल लिया। जिसमें 45 घंटे से भर्ती मरीज पॉजिटिव पाया गया। जिस पर अन्य मरीजों को बाहर निकालकर अपातकालीन कक्ष को सेनिटाइज करवाया गया।


पॉजिटिव आने पर बाहर बैठे मरीज


पॉजिटिव मरीज को एम्बुलेंस से भेजते थे मरीज

### मरीज निकला पॉजिटिव

एसी नगर निवासी 55 वर्षीय व्यक्ति की जब रिपोर्ट आई तो सभी चौक गए और आनन फानन में कर्मचारियों ने एम्बुलेंस मंगवा कर पॉजिटिव को कोविड-19 अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। यहां दाखिल अन्य सभी मरीजों को बाहर निकाल कर अपातकालीन कक्ष को सेनिटाइज करवा दिया। करीब तीन घंटे तक मरीजों को गर्मी में बाहर तड़पना पड़ा।

### नहीं है सुविधा

बीके अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में दो रूम है। जबकि अस्पताल में आईसोलेशन वार्ड कोरोना के मरीजों के लिए अलग से बना है। लेकिन कोरोना के लक्षणों वाले मरीजों को अन्य मरीजों के साथ भर्ती रखा जाता है। जबकि गाइडलाइन के अनुसार कोविड-19 के लक्षणों से ग्रस्त मरीजों को आईसोलेशन वार्ड में रखा जाना चाहिए। यहां सभी नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है।

**दोनो की दी शिकायत**

रविवार शाम साढ़े छह बजे एसी नगर निवासी 55 वर्षीय एक व्यक्ति को खांसी, सांस लेने में दिक्कत, घबराहट और बीपी हाई के कारण अपातकालीन कक्ष में भर्ती करवाया गया। जहां दाखिल करने के दौरान मरीज की कोविड-19 की जांच चिकित्सक ने कार्ड पर लिख दी। दाखिल मरीज का सैम्पल अस्पताल में मौजूद कोरोना लैब तक मंगलवार दोपहर 12 बजे तक भी नहीं पहुंचा। ऐसे में अज्ञात मरीज को फल पहुंचाने गए समाजसेवी सतीश चौपड़ा को परिजनों ने अपनी परेशानी बताई। उनके द्वारा पूछने पर पता चला कि अज्ञात का भी सैम्पल नहीं लिया गया। उन्होंने आरएमओ डॉ. रोहित गौड को पूरी बात बताई।

# एक मौत,165 पॉजिटिव के साथ आंकड़ा पहुंचा 9339

**कोरोना का खौफ**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना महामारी से पीड़ित मरीजों की पहचान का सिलसिला लगातार जारी है। लेकिन वहीं दूसरी तरफ रिकवरी रेट जिले में मंगलवार को 88.7 प्रतिशत पर पहुंच गया। पिछले 24 घंटे में 180 मरीजों ने कोरोना को मात देने में सफलता हासिल की। लेकिन इस महामारी की चपेट में आने वालों का पॉजिविटी रेट 11.1 प्रतिशत है। मंगलवार को 168 पॉजिटिव मामले सामने आए। जिले में कोरोना पॉजिटिव एक मरीज की मौत हो गई।



### मृतक और पॉजिटिव

जिले में कोरोना से पिछले 24 घंटे में एक मौत हुई, मरने वाला 69 वर्षीय व्यक्ति सेक्टर-51 का निवासी था। जिले में अब तक कोरोना पॉजिटिव 134 मरीजों की मौत कोरोना व अन्य बीमारियों से हो चुकी है। वहीं 168 पॉजिटिव में ओल्ड फरीदाबाद, बल्लभगढ़, एनआईटी, जवाहर कालोनी, खेड़ीकला, संजय कालोनी, डबुआ कालोनी, सेक्टर-सात, सेक्टर-आठ, सेक्टर-17, आदर्श नगर, एसजीएम नगर, सेक्टर-21ए, आदर्श कालोनी के निवासी है।

**यह है आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| अब तक कुल सैम्पल लिए | 83880 |
| रिपोर्ट नेगेटिव आई | 74072 |
| रिपोर्ट आनी बाकी | 469 |
| अब तक पॉजिटिव पाए गए | 9339 |
| अब तक ठीक हुए | 8286 |
| अब तक मौत | 134 |
| क्रिटिकल हालत में भर्ती | 44 |
| आईसीयू में भर्ती | 08 |

## सीएम विंडो पर दी शिकायत पर नहीं हुई कार्रवाई

**फरीदाबाद।** सीएम विंडो पर दी गई शिकायत पर जनवरी से लेकर आज तक किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जबकि सीएम विंडो पर भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए बनाई गई थी। मामला है संस्कृत अध्यापक यतिंद्र शर्मा के खिलाफ कार्रवाई की। जबकि स्टेट प्रॉजेक्ट डॉयरेक्टर की ओर से निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा को अध्यापक के खिलाफ कार्रवाई करने के कई बार निर्देश दिए जा चुके है।

# खिलाड़ियों को दी खेलों की जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिला** एथलेटिक संघ के कार्यकारी अधिकारी सत्यवीर धनखड पलवल जिले के विभिन्न गावों में खिलाड़ियों के निवेदन पर खेल से जुडी जानकारी आदान प्रदान करने पहुंचे। सत्यवीर धनखड ने बताया कि पलवल जिले में खिलाड़ियों की बहुत ज्यादा संख्या है लेकिन खेल से संबंधित जानकारी बहुत ही कम बच्चों तक पहुंचती है। जिससे उन्हें नियमित अभ्यास करने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिले के बच्चे फौज पुलिस में भर्ती होने के लिए सड़कों पर ही अपना अभ्यास करते हैं। जिससे बच्चों के पैरों के टखना, घुटने और कूल्हे जल्दी खराब होने की संभावना ज्यादा होती है।



# इनसो ने रक्तदान करके मनाया स्थापना दिवस

**हथीन।** जननायक जनता पार्टी के छात्र संगठन इनसो का स्थापना दिवस मनाया गया। कायज़्कताओं ने इस मौके पर रक्तदान किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री हर्ष कुमार व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सौरोत बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। इनसो के छात्र नेताओं के साथ जजपा के सभी नेताओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

इस मौके पर एडवांस इंजीनियरिंग कॉलेज में पौधरोपण किया गया। उसके बाद जाट धमज़्शाला में रक्त दान शिविर लगाया गया। शिविर में सुखराम डागर, भूदेव शमाज़्, गौरव डागर, प्रवीण डूडी सहित छात्र नेता व जजपा नेताओं ने बढ-चढकर रक्त -दान में हिस्सा लिया। शिविर का आयोजन जन स्वास्थ्य एवं शिक्षा समिति पलवल



(अपना ब्लड बैंक) द्वारा किया गया। शिविर में 42 यूनिट रक्त दान किया गया। जननायक जनता पाटीज़् के किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुखराम डागर ने रक्त दान के बाद कहा कि रक्त दान दूसरों को जीवन दान देता इसलिए हर व्यक्ति को समय समय पर रक्त दान करना चाहिए। इससे बड़ा कोई पुण्य नही हो सकता।

# शहर की बेटी आशिमा ने यूपीएससी में ली 65वीं रैंक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** के विजयनगर में रहने वाली आशिमा गोयल ने यूपीएससी में 65वीं रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। आशिमा को यह अभूतपूर्व सफलता मिलने के बाद शहर में खुशी की लहर दौड़ गई है। परिणाम आने के बाद आशिमा के घर में बधाई देने के लिए आने वाले लोगों का तांता लग गया। आशिमा की सफलता का पता चलने पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने आशिमा गोयल को उसके घर जाकर गुलदस्ता भेंट कर मिठाई खिलाई और बधाई दी।

जानकारी के मुताबिक बल्लभगढ़ के विजय नगर में मात्र 75 गज के मकान में रहने वाली आशिमा गोयल ने बिना कोचिंग के यूपीएससी में



65वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन कर दिया है। आशिमा गोयल ने बताया की माता-पिता की प्रेरणा और उसके साथ दिल्ली आईआईटी में पढ़ने वाले साथियों से उसे यूपीएससी की परीक्षा देने की प्रेरणा मिली थी। आशिम एक वर्ष मुंबई में भी जॉब कर चुकी है। उसके बाद एक साल तक घर में रहकर कि 10 से 12 घंटे की पढ़ाई करके उसने यह मुकाम हासिल किया है। पिता मित्र सेन गोयल व माता मीणा गोयल सहित पूरे परिवार में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। पिता मित्र सेन गोयल अपना छोटा सा व्यापार चलाते हैं। जबकि उनकी मां मीणा गोयल हाउस वाइफ है। शहर की बेटी की इस शानदार सफलता का पता चलते ही मंत्री मूलचंद शर्मा से रहा नहीं गया। वे आशिमा को बधाई देने के लिए तुरंत गुलदस्ता लेकर उसके घर पहुंच गए।

इस मौके पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा बल्लभगढ़ की कॉलोनी में रहने वाले बेटी ने यूपीएससी में 65 वी रैंक लेकर पूरे इलाके का नाम रोशन कर दिया है। उन्होंने कहा कि आज बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा सफल हो रहा है। कैबिनेट मंत्री ने उनके परिवार के सदस्यों को भी बधाई दी है। इस मौके पर कैबीनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा के साथ आईएएस में सिलेक्ट हुई आशिमा के रिलेटिव पारस जैन भी मौजूद रहे। वहीं मंत्री के निजी सचिव विनोद अग्रवाल भी बधाई देने पहुंचे।

# रक्तदान और पौधारोपण कर मनाया स्थापना दिवस

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जननायक** जनता पार्टी की छात्र विंग इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन द्वारा दो दिवसीय 17 वां स्थापना दिवस रक्तदान शिविर एवं पौधारोपण करके पूरे हरियाणा प्रदेश में मनाया गया। बल्लभगढ़ अनाज मंडी मैं रक्तदान शिविर लगाया गया जिसकी अध्यक्षता इनसो के जिला अध्यक्ष विकास महलवार ने की जिसमें बतौर मुख्य अतिथि फरीदाबाद इनसो प्रभारी नागेश तेवतिया, राष्ट्रीय



उपाध्यक्ष अंतराम तंवर, प्रदेश महासचिव तेजपाल डागर, जिला प्रधान ठाकुर राजाराम ने की। इस बारे में इनसो के जिलाध्यक्ष विकाश महलवार ने बताया कि जननायक जनता पार्टी के संरक्षक एवं पूर्व सांसद अजय सिंह चौटाला उप मुख्यमंत्री हरियाणा दुष्यंत सिंह चौटाला के दिशानिर्देशों की पालना करते हुए फरीदाबाद शहर में रक्तदान शिविर एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इनसो के फरीदाबाद इकाई के प्रभारी नागेश तेवतिया ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला के नेतृत्व में पूरे हरियाणा प्रदेश में दो दिवसीय कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

## बालकृष्ण के जन्मदिवस पर बांटे औषधीय पौधे

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद स्थित अमोलिक पार्क में चल रही नियमित निशुल्क योग कक्षा में औषधीय पौधे वितरित किए गए। इस दौरान छह दिनों तक औषधीय पौधों का वितरण और रोपण किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पूरे देश मे योग कक्षाओं के माध्यम से योग साधक जड़ी बूटी सप्ताह मना रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को अमोलिक पार्क के निकट लोगों को पौधे बांटे गए।

# म्हारा हरियाणा हरा-भरा के तहत त्रिखा ने किया पौधारोपण

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**प्रदेशभर** में शुरू हुए 'म्हारा हरियाणा हरा-भरा हरियाणा' अभियान के तहत बडखल विधानसभा क्षेत्र की भाजपा विधायक सीमा त्रिखा ने एनएच मंडल-1 नंबर 'जे' ब्लॉक पार्क में पौधारोपण किया। यह अभियान आगामी 16 अगस्त भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि तक चलेगा। कार्यक्रम का आयोजन पार्षद दिनेश भाटिया द्वारा किये जाने के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस मौके पर विधायक सीमा त्रिखा ने बताया कि म्हारा हरियाणा हरा-भरा हरियाणा अभियान के तहत प्रदेशभर में पांच लाख ग्यारह हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे लगाने के साथ-साथ हमें इनकी सुरक्षा भी बच्चों के लालन-पालन की तरह करनी है ताकि पर्यावरण को स्वच्छ व हरियाणा को हरा-भरा बनाया जा सके। वृक्षों की महिमा पर प्रकाश डालते हुए विधायक ने कहा कि वृक्ष है तो सांस है, सांस है तो



जीवन है। पेड़ हमारे बाहरी फेफड़े हैं, जो हमें आक्सीजन प्रदान करते हैं। वृक्षों से जल, फल, फूल, अन्न, रोटी, सब्जियां, दवाएं और यदि पुराने जमाने का जिक्र करें तो गुरुकुल का जीवन भी वृक्षों के सानिध्य में ही मिलता रहा है। विधायक ने कहा कि वर्तमान में हरियाणा प्रदेश में वनों का क्षेत्रफल 4 प्रतिशत से भी कम है। हमें पूरे प्रदेश को हरा-भरा बनाना है। उन्होंने यह भी कहा कि खाली पड़ी जमीन के साथ-साथ खेतों में अपनी मेढ़ों पर वृक्ष अवश्य लगाएं, उनका पालन-पोषण भी बेहतर ढंग से करें। त्रिखा ने अपनी अभिव्यक्ति के दौरान यह भी कहा कि पेड़ गजब की प्रेरणा देते हैं।

# शहरवासियों से दीपोत्सव और प्रकाशोत्सव मनाने की अपील

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर** 28-29 रोड स्थित श्री हनुमान मंदिर में दशहरा कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक प्रधान डॉ. कौशल वाटला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें कमेटी के मुख्य संरक्षक कृष्ण पाल गुर्जर, संरक्षक, आरएस गांधी, संरक्षक डॉ.



प्रशांत भल्ला, मुख्य सलाहकार देवेंद्र चौधरी की सलाह पर महामंत्री बीके अग्रवाल, संगठन उपाध्यक्ष अनिल नागर, कोषाध्यक्ष बलराज गुप्ता, सचिव राजीव मल्होत्रा, दीपक मेहता, अरुण शर्मा, प्रदीप सेठी, नरेश गुप्ता, टीएन कपूर, आदित्य भसीन इत्यादि पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया, कि 5 अगस्त को अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के दिन शुद्ध देसी घी के लड्डू का प्रसाद सोशल डिस्टेंसिंग के द्वारा श्रीसिद्ध हनुमान मंदिर सेक्टर 28 नजदीक 28, 29 चौक के पास बांटा जाएगा तथा रात्रि को दीपोत्सव एवं प्रकाशोत्सव मनाएंगे। कमेटी के पदाधिकारियों ने यह भी निर्णय लिया गया कि राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण शिलान्यास के लिए अगर कार सेवकों की जरूरत पड़ी तो हमारे दशहरा कमेटी के सदस्य वहां जाकर कार सेवा भी करेंगे।

# मेरा परिवार-समृद्ध परिवार के तहत पहचान पत्र योजना शुरू

## आगामी 27 से 30 अगस्त तक बनेगा प्रत्येक परिवार का पहचान-पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** राज्य में अब प्रत्येक परिवार को अलग पहचान मिलेगी तथा सभी परिवारों का डाटा डिजिटल रूप में संग्रहित किया जाएगा। इस पहचान नंबर से ही भविष्य में परिवारों को सरकारी सेवाओं व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। मंगलवार को पंचकूला में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नागरिक संसाधन सूचना विभाग के माध्यम से मेरा परिवार-समृद्ध परिवार के तहत परिवार पहचान पत्र वितरण योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उनके साथ उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला भी उपस्थित थे।

जिला स्तर पर लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित परिवार पहचान पत्र वितरण कार्यक्रम में हरियाणा के परिवहन व खनन एवं भू-गर्भ मंत्री मूलचंद शर्मा मुख्यातिथि थे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा वेयर हाउस निगम के चेयरमैन एवं विधायक पृथला नयनपाल रावत व उपायुक्त यशपाल तथा अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान भी उपस्थित थे।

परिवहन मंत्री ने कहा कि परिवार पहचान पत्र के तहत सभी परिवारों का एक प्रामाणिक, सत्यापित व विश्वसनीय डेटाबेस तैयार होगा। इस पहचान पत्र को सभी वर्तमान की योजनाओं व जनहित की सेवाओं से जोड़ा जाएगा, ताकि अंतिम व्यक्ति तक इन योजनाओं का लाभ पहुंच सके। इसके तहत योजनाओं के पात्र



व्यक्तियों का चयन भी स्वत: हो जाएगा, यानी लाभपात्र को अलग से आवेदन नहीं करना पड़ेगा। इससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता आएगी। संग्रहित डाटा को गोपनीय व सुरक्षित रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से सरकार की ओर से डिजिटल स्वरूप के साथ जरूरतमंद लोगों को लाभांवित कर रही है और मुख्यमंत्री की सकारात्मक सोच के कारण ही परिवार को अलग पहचान जारी करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मानते हैं कि गुड गवर्नेंस का रास्ता ई-गवर्नेंस से निकलता है, इसलिए सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टोलरेंस नीति के तहत ही ई-गवर्नेंस को अधिक महत्व दे रही है। उन्होंने बताया कि आगामी रूपरेखा के अनुसार 27, 28, 29 व 30 अगस्त को जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में विशेष कैंप लगाए जाएंगे, जिसमें प्रत्येक परिवार का पहचान-पत्र बनाने की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी विभागों की योजनाओं का लाभ परिवार पहचान पत्र के माध्यम से दिया जाएगा तथा लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। इस अवसर पर मंत्री ने 20 लाभपात्रों को परिवार पहचान पत्र भी वितरित किए।

चेयरमैन नयनपाल रावत ने कहा कि परिवार पहचान पत्र से लोगों को सरकारी सेवाओं व योजनाओं का लाभ जल्द व सरल तरीक से मिलेगा और लोगों को पारदर्शी तरीके से इनका लाभ मिलेगा। प्रदेश सरकार ने अपने पिछले पांच वर्ष के कार्यकाल में ई-गवर्नेंस सेवाओं को काफी बढ़ावा दिया, जिस कारण अनेक कार्य पारदर्शी तरीके से हुए। परिवार पहचान पत्र के तहत तैयार डेटाबेस भविष्य की योजनाओं को तैयार करने में भी काफी कारगर सिद्ध होगा।

उपायुक्त यशपाल ने बताया कि परिवार पहचान पत्र के तहत नया डेटाबेस तैयार होगा। इसमें भविष्य में नया डाटा जुड़ता रहेगा और यह निरंतर अपडेट होता रहेगा।

# संक्षिप्त समाचार

## एक माह में लगाए एक लाख पौधे



**फरीदाबाद।** बिभय फाउण्डेशन द्वारा देश भर में प्रदूषण नियंत्रण करने व पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से एक माह के अंतराल में लगभग एक लाख पौधे लगाए गए। बिभय फाउण्डेशन की संस्थापक रूपा कुमारी वर्मा, संस्था के प्रदेशाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, सचिव सीलम ने इस अभियान के तहत नीम, वट, पीपल, आम, तुलसी व अशोक के लगभग 500 पौधे आज फरीदाबाद के अगवानपुर, सराय ख्वाजा, पल्ला, तिलपत, सेक्टर-37 बाईपास व एतमादपुर क्षेत्र में लगाए। रूपा कुमारी वर्मा ने इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उनकी संस्था के पदाधिकारियों ने देशभर के विभिन्न जिलों में लगभग एक लाख पौधे लगा चुके है। उनका प्रयास है कि बढ़ते प्रदूषण को कम करने व अधिक से अधिक ऑक्सीजन उपलब्ध कराने में पौधों का अहम योगदान है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने जन्मदिवस व घर के किसी भी मांगलिक कार्यों में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और कम से कम एक साल तक पौधों की बच्चों की तरह देखभाल करनी चाहिए ताकि वह वृक्ष बनकर प्रदूषण को नियंत्रण करने का काम करें। रूपा कुमारी वर्मा ने बताया कि बिभय फाउण्डेशन आगामी दिनों में लघु सचिवालय के आसपास जिला टैक्स बार एसोसिएशन के साथ मिलकर पौधोरोपण अभियान चलाएगी। जिसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सीजेएम को भी आमंत्रित किया जाएगा।

## वाहन चोर दबोचा, तीन बाइक कीं बरामद

**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच सैन्ट्रल ने वाहन चोरी करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस बारे में पुलिस प्रवक्ता एसीपी धारणा यादव ने बताया कि आरोपी तेजपाल उर्फ तेजा सुभाष कालोनी बल्लबगढ़ फरीदाबाद का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच सैन्ट्रल ने गुप्त सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने इसी वर्ष फरवरी महीने मे थाना सेन्ट्रल क्षेत्र मे वाहन चोरी की वारदात को अन्जाम दिया था। इसके अलावा आरोपी ने दो वारदात थाना आदर्श नगर बल्लभगढ मे इसी वर्ष जुलाई में की थी। पूछताछ पर आरोपी ने बतलाया की आरोपी फरीदाबाद से वाहन चोरी कर मेवात व राजस्थान में सप्लाई करता था। लॉक-डॉउन के चलते आरोपी मोटरसाईकिल बेच नही पाया था। आरोपी से उपरोक्त तीनों वारदात सुलझाते हुए अलग-अलग जगह से दो सप्लैंडर व एक एपाचे मोटर साईकिल बरामद कर जेल भेजा है। आरोपी शादी शुदा है, अपने शौक के लिए आरोपी वारदातों को अन्जाम देता था। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा।

## अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार किया

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 56 ने जवाहर कॉलोनी निवासी लवकुश को हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता एसीपी धारणा यादव ने बताया कि आरोपी को सूचना के आधार पर सेक्टर-58 स्थित खेतान चौक से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 58 में मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि आरोपी ने यह देसी पिस्तौल 5000 में राकेश नाम के लड़के से बदरपुर बॉर्डर से खरीदी थी। आरोपी के माता-पिता ने आरोपी को बेदखल किया हुआ है। आरोपी एक आदतन अपराधी है जिसने पहले भी हत्या, मारपीट छीना झपटी की वारदात को अंजाम दिया है और जेल भी जा चुका है। आरोपी के खिलाफ थाना सारण में वर्ष 2013 में हत्या का मामला दर्ज है। उस वक्त आरोपी नाबालिग था जो इस केस में आरोपी को 2 वर्ष की सजा हुई थी। 2019 में आरोपी के खिलाफ मारपीट और स्नेचिंग का मामला दर्ज है। पुलिस ने आरोपी से एक देसी पिस्तौल बरामद कर अदालत में पेश कर जेल भेजा है।

## मांगों को लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** हरियाणा रोडवेज वर्कर यूनियन की तालमेल कमेटी के आवाह्न पर अपनी मांगों को लेकर कर्मचारियों ने मंगलवार को बस डिपों पर दो घंटे तक प्रदर्शन किया। यह निर्ण वीडियों कांफ्रेंस के जरिए हुई रोडवेज कर्मचारी तालमेल कमेटी की बैठक में लिया गया था। इस बारे में जानकारी देते हुए एसकेएस के प्रधान रविन्द्र ने बताया कि तालमेल कमेटी के आवाह्न पर चार अगस्त को प्रदर्शन किया गया। इसके बाद अब यह प्रदर्शन सात, 11, 18 और 25 अगस्त को डिपुओं में धरना देकर किया जाएगा। फिर भी यदि मांग नहीं मानी तो आगामी पांच सितंबर को कमेटी का प्रतिनिधिमंडल परिवहन मंत्री से मिलेगा। कर्मचारियों ने प्रदर्शन सुबह नौ से 11 बजे तक किया। प्रदर्शन करने वालों में डिपों के प्रधान रविन्द्र नागर सैकुल खान, रामआसरे यादव, शजाद खान अजब सिंह और राजवीर नागर मौजूद रहे। यह प्रदर्शन स्टेज कैरिज स्कीम व किलोमीटर स्कीम रद्द करने की मांग को लेकर एवं पुरानी मांगों को लागू करवाने के लिए किया गया। उन्होंने मांग की कि इस पॉलिसी को रद्द करके रोडवेज विभाग में 10 हजार बसें शामिल की जाएं आरोप है कि सहमति होने के बावजूद भी कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों को लागू नहीं किया जा रहा है।

# आज घरों व मंदिरों में हजारों दीयों की रोशनी में बजेगी रामधुन

## राम मंदिर भूमि पूजन को लेकर तावडू में जश्न का माहौल

पायनियर समाचार सेवा। तावडू



**अयोध्या** में आज राम मंदिर भूमिपूजन कार्यक्रम को लेकर तावडू में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस खुशी में लोगों ने अपने घरों के बाहर रामदरबार के चित्रों को बनाना शुरू कर दिया है। मिट्टी के दीयों को बनाने से लेकर उन्हें प्रज्जवलित करने की जिम्मेदारियां भी कई संगठनों ने अपने हाथों में ली है।

सोहना के विधायक संजय सिंह अयोध्या में भव्य श्रीराम निर्माण की मधुरिम बेला है। इसे लेकर देश के लाखों परिवारों ने जो संकल्प लिया था, जो सपने संजोये थे वे साकार हो रहे हैं। जो लोग इस घड़ी के साझेदार बन रहे हैं उनमें तो उत्सुकता है ही साथ ही अयोध्या से सुदूर बैठे लोगों में उत्साह दोगुना है।

नूंह के पूर्व जिला संघचालक डा. आरपी शर्मा का कहना है कि श्रीराम मंदिर का भूमिपूजन यानि सबसे ऐतिहासिक दिन। दीपावली के उत्सव से 100 गुना बढ़कर इसको मनाने की तैयारी है। शहर व ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में लोग किसी न किसी रूप में इस दिन को ऐतिहासिक रूप से बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

जिला संघ चालक सुनील जिंदल ने कहा कि 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद जब मंदिर के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम होने जा रहा है तो इसे एक विराट उत्सव के तौर पर मनाया ही जाएगा। जिन लोगों ने राममंदिर निर्माण के लिए लंबा संघर्ष किया उनका भी स्वयंसेवक स्मरण करेंगे।

तावडू ब्लॉक समिति के चेयरमैन नरेश यादव ने कहा कि भूमिपूजन होने के बाद सायं को दीप प्रज्जवलित करते हुए अपने घरों पर ध्वज फहराएंगे। भगवान राम की आरती करेंगे। दीपावली उत्सव से बढ़कर हमने तैयारी की है। दुनिया के कण-कण में जो चेतन तत्व समाया है।

नगर पालिका चेयरपर्सन मनीता गर्ग ने कहा कि श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में आज होने वाले भूमि पूजन को लेकर धर्मप्रेमियों में उत्साह बना हुआ है। अपने अपने क्षेत्रों में रहकर इस दिन को दीपावली के रूप में मनाने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

धर्म जागरण मंच के टेकचंद सैनी ने कहा एक लंबे इंतजार के बाद यह मौका मिला है। धर्म रक्षा मंच का हर कार्यकर्ता खुश है और अपनी खुशी का इजहार करने के लिए 5 अगस्त के इंतजार में है। इस खुशी में तावडू में कई जगह यज्ञ व पूजा पाठ होगा।

मार्केट कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष महेंद्र गोयल के मुताबिक यह बहुत खुशी की बात है कि श्रीराम मंदिर निर्माण होने जा रहा है। इससे श्रद्धालुओं में आस्था बढ़ेगी। इस खुशी को मंदिर व घरों में कार्यक्रम के माध्यम से मनाया जाएगा।

## सीएचसी में महिला स्टाफ ने एसएमओ पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**गुरुग्राम।** बोहड़ाकलां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में एक महिला कर्मी ने सीनियर मेडिकल ऑफिसर (एसएमओ) पर छेड़छाड़ व गाली-गलौच करने का आरोप लगाया है। महिला ने घटना को अपने मोबाइल में भी रिकॉर्ड कर लिया। पीड़ित महिला कर्मी की शिकायत पर बिलासपुर पुलिस थाना में केस दर्ज किया गया है। मंगलवार को पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार मूलरुप से राजस्थान के झुंझुनूं निवासी एक महिला जिले के गांव बोहड़ाकलां सीएचसी में अनुबंधित तौर पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### इनसो के स्थापना दिवस पर रक्तदान व पौधारोपण किया



**गुरुग्राम।** जजपा की छात्र इकाई इनसो का 18वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी संदीप नैन ने की, वहीं मुख्यातिथि के रूप में पूर्व विधायक गंगाराम, सूबे सिंह बोहरा जिला प्रधान जजपा, सुरेन्द्र ठाकरान, प्रदेश सचिव जजपा मौजूद रहे। इनसो के जिलाध्यक्ष मोहित तंवर व कपिल शौकीन ने बताया की गुरुग्राम यूनिवर्सिटी गुरुग्राम में पौधरोपण किया गया। रक्तदान शिविर में 150 यूनिट रक्तदान किया गया। बुधवार को सभी गांवों को सेनिटाइज किया जाएगा और मास्क बांटे जाएंगे। इस मौके पर पवन भारद्वाज, डॉक्टर नरेश शर्मा, नरेश सहरावत, विकास डॉक्टर, गौरव टाक, सुरेन्द्र तंवर, संदीप चंदीला, रामकेश तंवर, गौरव भाटी, भानु आदि मौजूद रहे।

### सिमरन ने 12वीं में हासिल किए 98 प्रतिशत अंक



**फर्रुखनगर।** खण्ड के गांव कारोला की होनहार बेटी सिमरन पुत्री सुनील ने बारहवीं कक्षा के वाणिज्य संकाय में 98 प्रतिशत अंक हासिल कर झज्जर जिले की टॉपर होने का गौरव प्राप्त किए जाने पर गांव कारोला में पूर्व जिला पार्षद सोनू चौहान उर्फ राजकमार चौहान एवं ग्रामीणों ने सिमरन का भव्य अभिनंदन किया। सिमरन निकटवर्ती गांव पाटोदा के जीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा है। पार्षद सोनू चौहान ने सिमरन को बधाई देते हुए उनको मिठाई, शॉल, पुष्पगुच्छ एवं नकद राशि देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर चौहान में कहा कि सिमरन ने हमारे गांव का गौरव बढाने का कार्य किया है। वह भी प्रतिभा की उन्नति के लिए हर संभव मदद को तैयार रहेगे ।सिमरन द्वारा झज्जर जिले में टॉपर करने की ग्रामीणों कॉ गौरव की अनुभूति हो रही है। ऐसी छात्रा की सफलता से गांव के अन्य छात्र प्रेरणा लेंगे। इस मौके पर जगमाल सिंह, राजकुमार, ओमप्रकाश, सतीश सिंह, कृष्ण कुमार, प्रबंधक श्रीप्रकाश कौशिक, सुरेश पंच, नरेश छिल्लर, सरपंच पति सुरेश कुमार एवं राजेन्द्र चौहान समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया



**सोहना।** सोहना के स्वरूप निजी अस्पताल में नूनेरा निवासी महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया है। सभी नवजात बच्चों का वजन औसत से कम होने के कारण नूंह के नलहड़ मेडिकल अस्पताल के दाखिल कराया है। बच्चों को जन्म देने वाली महिला का स्वास्थ्य ठीक है। सोहना के स्वरूप निजी अस्पताल संचालक संदीप पंवार ने बताया कि नूनेरा निवासी 34 वर्षीय सबीला पत्नी जफरुद्दीन को परिजन शुक्रवार सुबह साढ़े 11 बजे प्रसव के लिए आए थे। सबीला ने शुक्रवार रात्रि 10:50 बजे पर पहले बच्चे को जन्म दिया। जिसका वजन 1400 ग्राम था। उसके दस मिनट के बाद दूसरे बच्चे को जन्म दिया। जिसका वजन एक किलोग्राम था। करीब 15 मिनट के बाद सबीला ने तीसरे नंबर पर बेटी को जन्म दिया। जिसका वजन 1150 ग्राम था। डिलेवरी के दौरान सबीला का एचबी 5 था। डिलेवरी सामान्य रूप से कराई गई। संदीप पंवार ने बताया कि शनिवार को तीनों ही नवजात बच्चों को वजन कम होने के कारण नूंह के नलहड़ अस्पताल में दाखिल कराया। जहां पर तीनों नवजात स्वस्थ हैं। उन्होंने बताया कि तीन बच्चों को जन्म देने वाली सबीला का स्वास्थ्य भी ठीक है। जिसकी जल्द ही अस्पताल से छुट्टी कर दी जाएगी।

### परीक्षित खटाना ने यूपीएससी की परीक्षा में 184वां स्थान प्राप्त किया



**सोहना।** यूपीएससी की परीक्षा में 184वां स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षित खटाना ने कहा कि उसने स्वर्गीय दादा के सपने का साकार किया है। संविधान के नियमों पर चलकर देश सेवा करना उसका मुख्य उद्देश्य रहेगा। गांव खेड़ला में किसान के घर जन्म लेने वाले परीक्षित खटाना के घर वालों को जैसे ही बेटे द्वारा यूपीएससी की परीक्षा में 184वां स्थान प्राप्त करने की खबर मिली, वैसे ही परीक्षित खटाना को परिजनों और मित्रजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। परीक्षित खटाना के घर पर बंधाई देने वाला का ताता लग गया। अपनी सफलता के लिए मां मुकेश खटाना को देते हुए बताया कि मां ने शुरू से ही उसका हौसला बढ़ाने का काम किया। देर रात तक पढ़ाई करने के दौरान वह साथ बैठी रहती थीं। परीक्षित खटाना के पिता कर्मराज खटाना समाजसेवी हैं, वो गांव के एक बार सरपंच भी रहे हैं। परीक्षित की माता घरेलू महिला हैं। परीक्षित खटाना ने बताया कि उसके दादा स्वर्गीय मामचंद खटाना एक किसान थे। किसान होते हुए उन्होंने अपने चार बेटे और बेटियों को पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करते थे। उसके दादा चाहते थे कि परिवार में एक आईएएस बनें। लाल बत्ती वाली गाड़ी घर के दरवाजे में आनी चाहिए। जिसके लिए उसके माता-पिता उसके हमेशा ही दादा के सपने का साकार करने के लिए उत्साहित करते रहे है।

# अयोध्या करती है आह्वान, आज से कर मंदिर निर्माण...

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**अयोध्या** करती है आह्वान-आज से कर मंदिर निर्माण, सिला की जगह लगा दे प्राण-बिठा दे वहां राम भगवान, सजग हो रघुवर की संतान-आज से कर मंदिर निर्माण...। गीतकार, संगीतकार रवींद्र जैन ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण को लेकर यह गीत गाया था। राम मंदिर के भूमि पूजन के साथ ही आज उनका यह गीत साकार हो गया है।

कानूनी हस्तक्षेप के बाद निर्णय आया कि अयोध्या में ही भगवान राम का जन्म हुआ था। जो विवादित स्थल है, वहीं पर उनका जन्म हुआ था। बाबरी मस्जिद उसके ऊपर बनाई गई। अदालती निर्णय के बाद ही राम मंदिर बनने की उम्मीदें न केवल जगी, बल्कि उम्मीदों को पंख लग गए। फैसला आने के बाद भव्य श्रीराम मंदिर बनाने के लिए तैयारी शुरू की गई। हालांकि मंदिर बनाने के लिए बहुत सी तैयारियां तो पहले से ही हैं।

मंदिर को भव्य पूजनीय, दर्शनीय स्थल बनाने के लिए मंदिर का क्षेत्रफल भी बढ़ा दिया गया। अयोध्या में अब सिर्फ राम मंदिर ही नहीं बन रहा, बल्कि पूरी अयोध्या नगरी की कायापलट होगी। दुनिया भर से लोगों के आकर्षण का केंद्र अयोध्या नगरी और वहां का राम मंदिर होगा। मंदिर निर्माण में अन्य राज्यों, शहरों के साथ-साथ गुरुग्राम से भी मंदिरों का जल और मिट्टी वहां भेजी गई है। बुधवार 5 अगस्त 2020 को जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम मंदिर का भूमि पूजन करेंगे, वहीं गुरुग्राम में धार्मिक कार्यक्रमों के जरिए राम मंदिर बनाने के कार्य की शुरुआत की खुशी मनाई जाएगी।

## गुरुग्राम से अयोध्या भेजी गई है मंदिर की मिट्टी और जल

## शहर में होंगे हवन कार्यक्रम

निर्विघ्न कार्य पूर्ण होने की कामना की जाएगी। भारत माता वाहिनी संस्था की ओर से हवन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें लोगों को आमंत्रित किया गया है। पहले हवन होगा, उसके बाद वृक्षारोपण और फिर भंडारा। मंदिर निर्माण को लेकर शहर के मौजिज लोगों ने भी अपनी खुशी जाहिर की और इसे ऐतिहासिक पल बताया। इसके अलावा भी यहां पर कई संस्थाएं कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं।



श्रीराम मंदिर का मॉडल।

## मंदिर के भूमि पूजन की खुशी से सराबोर हैं लोग

**पूर्व** आईआरएएस एवं बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता अनुराग बख्शी ने कहा कि भारत में राम मंदिर के निर्माण के कार्य के शुभारंभ को पूरी दुनिया देखेगी। ना केवल देश में रह रहे, बल्कि दुनियाभर में फैले भारतीयों का सीना भी बुधवार को उस समय गर्व से चौड़ा हो जाएगा, जब अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीराम मंदिर का भूमि पूजन करके आधारशिला रखेंगे। यह अपने आप में विलक्षण क्षण होंगे। इस शुभ घड़ी का सैंकड़ों वर्षों से हमें इंतजार था। मंदिर निर्माण के लिए आंदोलनों में जिस तरह से लाखों लोगों ने अपनी जान गंवाई है, यह उन लोगों के बलिदान को भी नमन है। पूर्व चेयरमैन जीएल शर्मा ने कहा कि श्रीराम मंदिर हिन्दुओं के लिए जीवन का आधार है। जीवन पद्धति है। इतिहास मिटाने के प्रयास किए गए, लेकिन श्रीराम के नाम को अयोध्या से विरोधी ताकतें मिटा ना सकी। चाहे अदालत के हस्तक्षेप से ही सही, अब राम मंदिर के निर्माण का ना केवल रास्ता साफ हुआ, बल्कि बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस इतिहास को मूर्तरूप देने जा रहे हैं। परीक्षित भारद्वाज कहते हैं कि अयोध्या में अब श्रीराम मंदिर का ही निर्माण नहीं हो रहा, बल्कि यह धर्म की संस्थापना हो रही है। धार्मिक नगरी अयोध्या को फिर से उसका अस्तित्व लौटाया जा रहा है। सैंकड़ों वर्षों की लड़ाई के बाद अब राम मंदिर के निर्माण का जब दिन सामने आया है तो हर किसी का मन प्रफुल्लित है।

## पंचों की सहमति से सम्मा बनी झारपुडी गांव की कार्यवाहक सरपंच

**नूंह।** जिले के पिनगवां खंड के गांव झारपुडी में मंगलवार को डीसी के आदेशानुसार विकास कार्यों को गति देने के लिए पंचायत सेक्रेटरी इमरान की मौजूदगी में ग्राम सभा की एक मीटिंग आयोजित हुई। जिसमें पंच खालिद हुसैन, पंच लियाकत, पंच असगरी, महरुनी, अरफीना, सहरुना व सम्मा पंच उपस्थित हुए और तीन पंच गैर हाजिर रहे। पूर्व सरपंच जफरु पक्ष की सम्मा पंच के लिए छह पंचों ने अपना समर्थन दे दिया। जिसके बाद सम्मा को गांव के विकास के लिए कार्यवाहक सरपंच के तौर पर चुना गया। बता दें कि झारपुडी गांव के पूर्व सरपंच जफरु पर मार्कशीट फर्जी होने के आरोप लगे थे। जिसका मामला आज भी हाईकोर्ट में विचाराधीन है। हाईकोर्ट ने विकास कार्यों पर रोक लगा दी थी। गांव में रुके हुए विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए डीसी पंकज ने पंचो की सहमति से कार्यवाहक सरपंच चुनने के आदेश जारी कर दिए। जिसके बाद पंचायत अधिकारी,पंच व गणमान्य लोगों की मौजूदगी में सात पंच उस्थित हुए।

# निर्माणाधीन घरों के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों से परेशानी

**फर्रुखनगर।** खंड के गांव खेडा खुर्रमपुर गांव में निर्माणाधीन घरों के ऊपर से बिजली के तार गुजर रहे हैं। बिजली विभाग में शिकायतों के बाद भी इन तारों को नहीं हटाया गया है। जिस कारण निर्माण में भी बाधा आ रही है। ग्रामीण जगदेव यादव, राजबीर सिंह, महेंद्र सिंह, धर्मबीर, रविंद्र कुमार आदि ने बताया कि बिजली विभाग में वे कई बार शिकायत कर चुके हैं कि प्लाट के बीच से गुजर रहे बिजली के जर्जर तारों को हटाया जाए।



प्लाटों के साथ खेतों से गुजर रही बिजली की तार भी काफी जर्जर और ढीली है। उनको आसानी से खड़े होकर छुआ जा सकता है। तारों के बीच में प्लास्टिक या लकड़ी की डंडी भी नहीं लगा रखी है। जरा सी हवा के झोंके साथ ही तार आपस में टकराकर टूट घरों के उपर गिर जाते है। बिजली विभाग ने 1966 में अपनी मनमर्जी से गांव के लाल डोरे के अंदर बिजली के पोल गाड़ दिए थे। जैसे जैसे आबादी बढ़ी तो वहीं बिजली के पोल ग्रामीणों के लिए समस्या बन गए है। बिजली विभाग की लापरवाही से गाड़े गए बिजली के पोल को हटाने के लिए दर-दर की ठोकर खाने पर ग्रामीण मजबूर है।

घरों के उपर से गुजर रही जर्जर तारों को हटाने के लिए वह कई बार शिकायत कर चुके है। लेकिन हर बार उन्हें कोई न कोई बहाना बनाकर टरका दिया जाता है। उन्होंने कहा कि अगर उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ तो वह बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खटटर से मिलकर गुहार लगाएंगे।

# सोहना में अवैध कॉलोनियों के दाम गिरे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**अवैध** कॉलोनियों की रजिस्ट्री करने को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा जिले के सात तहसीलदार व नायब तहसीलदारों पर कार्रवाई किए जाने से कालोनाइजरों में हड़कंप मच गया है। अवैध कॉलोनियों में आसान छू रहे प्लाटों के दाम एक ही रात में जमीन पर आ गिरे हैं।

सोहना समेत भोंडसी, सहजावास, रिठौज, नया गांव, खेड़ली लाला, बेरका, धुनेला, सोहना ढाणी, खरौदा, दौला, सिलानी, हाजिपुर, टोलनी आदि गांवों में अवैध कॉलोनियां काटने का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा था। इन गांवों में काटी जा रही अवैध कॉलोनियों में प्लाटों के दाम आसान छूने लगे थे। सबसे अधिक भोंडसी व नया गांव ग्राम पंचायत का क्षेत्र अवैध कॉलोनियां काटे जाने को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है। जहां पर जनवरी से लेकर अब तक जिला नगर योजनाकार अधिकारी की टीम ने 30 से 35 बार पीला पंजा चलाते हुए ध्वस्त करने का काम किया है, लेकिन अवैध कॉलोनी काटने का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। डीटीपी विभाग ने जनवरी से लेकर आज तक अवैध कॉलोनी काटने वाले करीब 10 कालोनाइजरों के खिलाफ भोंडसी थाना में मामले दर्ज कराए हैं। सोहना नगर परिषद सीमा क्षेत्र में पलवल मार्ग, लाखूवास, जखोपुर, रायपुर, हरीनगर, बालूदा, दमदमा मार्ग, सुशील नगर, बांध कॉलोनी, राजीव गांधी पार्क आदि स्थानों पर अवैध कॉलोनियां काटने का कारोबार धड़ल्ले से किया जा रहा है। लेकिन शुक्रवार को जैसे ही जिले के सात तहसीलदार व नायब तहसीलदारों के ऊपर प्रदेश सरकार की गाज गिरी, वैसे ही अवैध कॉलोनियों में प्लाटों के दाम जमीन पर आग गिरे हैं। अवैध कॉलोनियों में 500 से 1500 रुपये प्रति वर्गगज की दर से प्लाटों की कीमतों कमी आई है।

## खरीदारों के अरमानों पर फिरा पानी

**अवैध** कॉलोनियों में प्लाट लेकर आसियाना बनाने का सपना देखने वाले ग्राहकों के अरमानों पर पानी फिरता नजर आने लगा है। सोशल मीडिया, समाचार पत्रों और न्यूज चैनलों पर जैसे ही प्रदेश सरकार की कार्रवाई किए जाने की खबर लोगों ने सुनी, वैसे ही अवैध कॉलोनी में प्लाट खरीदने वालों के इरादे एक ही रात में बदल गए हैं।

## ग्राहक के मन भी एक रात में बदले

**सोहना** निवासी आनंद का कहना है कि वह अपने परिवार के लिए शहर में घर बनाने के लिए 50 से 70 वर्गगज का प्लाट तलाश रहा था लेकिन अवैध कॉलोनियों की रजिस्ट्री किए जाने को लेकर जैसे ही तहसीलदारों पर शिकंजा कसने की जानकारी मिली। वैसे ही उन्होंने अपना इरादा बदल लिया है। प्रदीप का कहना है कि उसने सौ वर्गगज का प्लाट खरीदने के लिए एक लाख रुपये दो दिन पहले की दिए थे, लेकिन वह अब अपने रुपये वापस लेगा। उन्होंने बताया कि जब अवैध कॉलोनी में जमीन की रजिस्ट्री होगी ही नहीं तो वह अपनी खून-पसीने की कमाई बरबाद करना नहीं चाहता है।

# बगैर सेफ्टी किट काम करने लाइनमैन होंगे बर्खास्त : जोगिंद्र हुड्डा

## लापरवाह कर्मियों पर सख्त तेवर में दिखे एसई

पायनियर समाचार सेवा। तावडू



सेफ्टी वर्कशॉप में लाइनमैनों को दिशा-निर्देश देते बिजली निगम के एसई जोगिंद्र हुड्डा।

**बिना** सेफ्टी किट काम करने वाले बिजली कर्मचारियों पर अधिकारी कड़ा एक्शन लेने के मूड में हैं। निगम के अधीक्षण अभियंता सर्कल-2 गुरूग्राम जोगिंद्र हुड्डा ने बिजली निगम तावडू कार्यालय पर बिजली कर्मचारियों की मीटिंग लेते वक्त ये बात कही। वे मंगलवार को तावडू में सेफ्टी वर्कशॉप में कर्मचारियों को दिशा-निर्देश देने आए थे।

निगम के एसई जोगिंद्र हुड्डा ने कहा कि सेफ्टी किट न पहनने वाले लाइनमैनों व अस्सिटेंट लाइनमैनों के साथ सख्ती के साथ पेश आयाा जाएगा। ऐसे कर्मियों पर बर्खास्तगी की कार्रवाई भी हो सकती है। किट में बेहतर गुणवत्ता के ग्लव्ज, बैल्ट, हैलमेट, हाई वोल्टेज डिटेक्टर व सेफ्टी शूज के अलावा कई अन्य सामान शामिल है। उन्होंने कहा कि कि कर्मचारियों को किट पहनकर कैसे कार्य करना है इस संदर्भ में ट्रेनिंग भी दी गई है। गत वर्षों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जब लाइनमैनों ने बगैर सेफ्टी किट पहने कार्य किया व वे हादसे का शिकार हुए। इससे हादसे में मृतक या गंभीर रूप से चोटिल निगमकर्मी के परिवार पर क्या बीतती है इसे गंभीरता से सोचें। उन्होंने कहा कि कई बार सामने आया है कि जब लाइनमैन बगैर सेफ्टी किट ही पोल पर चढ़ जाते हैं। इन्हें लगता है कि सप्लाई बंद कर दी इसलिए खतरा नहीं है लेकिन कई बार करंट आ जाता है क्योंकि कुछ लोगों ने कुंडी डाली होती है या किसी कारणवश भी बैक करंट आ जाता है। कर्मचारियों को अब निगम ने ऐसी किट्स दी हैं जो हर स्थिति में निगमकर्मी की सुरक्षा करेगी। वहीं लाइनमैंनों को शपथ भी दिलाई गई कि बिना किट्स काम नहीं करेंगे। इस अवसर पर निगम के एसडीओ संदीप कुंडू, जेई लालचंद, नसीम, सीए वेदप्रकाश व लाइनमैन राजेश उपस्थित थे।

## गुरुग्राम कमिश्नरी को मिले 59 प्रोवेशनर-सब-इन्सपेक्टर, करेंगे 2 साल की फिल्ड ट्रेनिंग



**गुरुग्राम।** फिल्ड ट्रेनिंग करने के लिए 59 प्रोवेशनर-सब-इंस्पेक्टर गुरुग्राम कमिश्नरी में भेजे गए हैं। वे यहां पर 2 साल की फिल्ड ट्रेनिंग करेंगे। इनके साथ बैठक करके गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त केके राव ने उन्होंने उच्चकोटि का पुलिस अधिकारी बनने की बात कही और जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

दो साल की फिल्ड ट्रेनिंग के दौरान सभी 59 प्रोवेशनर-सब-इन्सपेक्टर पुलिस प्रणाली, पुलिस कार्यशैली, जिला पुलिस कार्यशैली, न्यायालयों में पुलिस की भूमिका, पुलिस थाना की कार्यशैली, पुलिस कार्यालयों की कार्यशैली, यातायात पुलिस की ड्यूटी व वीआईवी ड्यूटी समेत पुलिस की विभिन्न प्रकार की ड्यूटियों की विस्तारपूर्वक ट्रेनिंग लेंगे। पुलिस आयुक्त केके राव ने इन प्रोवेशनर-सब-इन्सपेक्टर्स से कहा कि अभी तक उन्होनें पुलिस को गश्त करते, थानों में बैठा, गाड़ियों में घुमता हुआ देखा है, किन्तु ग्राउण्ड लेवल पर पुलिस कैसी है।

उनकी जीवनशैली तथा उनकी कार्यशैली कैसी है ये सब पुलिस के साथ ड्यूटियां करते हुए देखेंगे। फिल्ड ट्रेनिंग एक ऐसी ट्रेनिंग होती है, जिसे खुद ही देखकर सीखना होता है। जो ज्यादा अधिक रुचि से ड्यूटी करेगा उतना ही अधिक ज्यादा सीख पाएगा।

# एसडीएम ने कोविड मरीजों की समुचित मॉनिटरिंग के दिए आदेश

## तावडू के नवनियुक्त एसडीएम डॉ. नरेश कुमार ने संभाला चार्ज

पायनियर समाचार सेवा। तावडू



नवनियुक्त एसडीएम डा. नरेश कुमार का स्वागत करते लोग।

**नवनियुक्त** एसडीएम डॉ. नरेश कुमार ने उपमंडल के समस्त विभागों के अधिकारियों की मीटिंग ली। मीटिंग में उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को विभिन्न दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने यह भी कहा कि कार्य में कोताही व लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं होगी। वहीं जिस अधिकारी या कर्मचारी की भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों उनके पास आई उस पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

एसडीएम डॉ. नरेश कुमार के पास पलवल शुगर मिल के एमडी का भी चार्ज है। इनसे पूर्व एचसीएस सतीश यादव तावडू के एसडीएम थे। जिनका हाल ही में सीईओ जिला परिषद व डीआरडीए रोहतक के पद पर ट्रांसफर किया है।

तावडू में नियुक्ति के समय एसडीएम डॉ. नरेश कुमार ने तहसीलदार मनमोहन वर्मा, नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह व सीएचसी के मेडिकल ऑफिसर डॉ. देवेंद्र सोलंकी से तावडू में कोविड के हालातों को लेकर विस्तृत रूप से जानकारी हासिल की। जनता की कोविड से सुरक्षा व कोविड मरीजों की देखरेख को लेकर उक्त अधिकारियों को विभिन्न दिशा-निर्देश दिए। वहीं एसडीएम ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस निकट है। इसको लेकर समुचित तैयारी शुरू कर ली जाए। वहीं उन्होंने इस संदर्भ में बुधवार सुबह 11 बजे एसडीएम ऑफिस में स्कूल हेड व विभिन्न विभागों के अधिकारियों संग मीटिंग करने की भी बात कही ज्वाइनिंग के वक्त एसडीएम को बधाई देने वालों का भी तांता लगा रहा। ब्लॉक समिति के चेयरमैन नरेश यादव, नपा चेयरपर्सन के पति आशीष गर्ग थे।

पायनियर
हरियाणा, बुधवार, 05 अगस्त, 2020



# परिवार पहचान पत्र कार्ड से ही मिल सकेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

## सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए बनवायें कार्ड : सांसद कौशिक

## वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भी हुए शामिल

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**राज्य** स्तरीय परिवार पहचान पत्र वितरण समारोह के अंतर्गत सांसद रमेश कौशिक ने जिला स्तर पर लाभार्थियों को परिवार पहचान पत्रों का वितरण किया। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि हर परिवार अपना पहचान पत्र अवश्य बनवाए।

भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए परिवार पहचान पत्र की आवश्यकता रहेगी। पंचकुला में प्रदेश स्तर पर परिवार पहचान पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सोनीपत से सांसद रमेश कौशिक व विधायक निर्मल चौधरी ने हिस्सा लिया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में मुख्यमंत्री मनोहर लाल शामिल हुए। उनके साथ उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला तथा हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता और केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री रतनलाल कटारिया ने हिस्सा लिया।



जिला स्तरीय कार्यक्रम में महिला को पहचान पत्र देते सांसद रमेश कौशिक और गन्नौर विधायक निर्मल।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े आखिरी व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा में शामिल करना है। मुख्य अतिथि सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि हर परिवार का परिवार पहचान पत्र बनाया जाएगा।

सरल केंद्र अथवा कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) में इसके लिए पंजीकरण करवाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की दिशा में भी पहचान पत्र महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। सरकार का लक्ष्य है कि भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म किया जाए। इस अवसर पर विधायक निर्मल चौधरी ने भी परिवार पहचान पत्र वितरण कार्य के शुभारंभ की बधाई दी। उपायुक्त श्याम लाल पूनिया ने कहा कि लाभार्थियों को चिन्हित किया गया है। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त मुनीश शर्मा तथा अंडरट्रेनी आईएएस अधिकारी सलोनी शर्मा आदि मौजूद रहे।

### इनको किया गया परिवार पहचान पत्रों का वितरण

**सांसद** रमेश कौशिक ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में करीब डेढ़ दर्जन लाभार्थियों को परिवार पहचान पत्र वितरित किये। इनमें आहुलाना की कमलेश, बारोटा के अशोक व सुरेश कु मारी, भावर की रामरती व महावीर तथा मनफूल, बीधल के कप्तान व होशियार, गंगाना के रणवीर व बलराज, गढ़ी सराय नामदार खां के शहाबुद्दीन, घड़वाल के राजवीर, कैलाना खास के हरि, खानपुर कलां की काजल व लक्ष्मी, नगर के चांद, रिंढ़ाणा की कमलेश व सुनीता तथा रूखी की संतोष और सिकंदरपुर माजरा के महेंद्र सिंह व जिले सिंह शामिल रहे।

# परिवार पहचान पत्र होगा एक अनोखी सौगात : संदीप सिंह

## खेलमंत्री संदीप सिंह, सांसद नायब सिंह सैनी, विधायक सुभाष सुधा, विधायक रामकरण काला हुए शामिल

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के खेल एवं युवा मामले के मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के लिए परिवार पहचान पत्र एक अनोखी सौगात है। इस पहचान पत्र के माध्यम से ही अब परिवारों को सरकार की हर योजना का लाभ मिलेगा। लोगों को किसी भी योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए अलग से आवेदन करने की भी जरुरत नहीं होगी। इतना ही नहीं सरकार योजना के क्रियान्वयन को सरल और पारदर्शी बनाकर परिवारों को सीधे लाभ प्रदान करने में भी सक्षम होगी।

ये बातें खेलमंत्री संदीप सिंह मंगलवार को पंचायत भवन के सभागार में प्रशासन की तरफ से आयोजित जिलास्तरीय परिवार पहचान पत्र वितरण समारोह कार्यक्रम के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहीं। इससे पहले खेलमंत्री संदीप सिंह, सांसद नायब सिंह सैनी, विधायक सुभाष सुधा, शाहबाद के विधायक रामकरण काला, म्हारा हरियाणा-हरा भरा हरियाणा के प्रदेश संयोजक डा. पवन सैनी, अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा, भाजपा के जिलाध्यक्ष धर्मवीर मिर्जापुर, जिला परिषद के चेयरमैन गुरदयाल सुनहेड़ी, जजपा के जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह मुल्तानी ने कुरुक्षेत्र के 30 लाभार्थियों को परिवार पहचान पत्र व एक-एक पौधा भेंट किया। इस मौके पर पिहोवा नगर पालिका के चेयरमैन सुभाष सिंगला, लाडवा नगर पालिका की चेयरमैन साक्षी खुराना, एसडीएम कपिल शर्मा, एसडीएम अनिल यादव, सीटीएम विरेन्द्र सिंह ढुल, ईश्वर सिंह, भूषण पाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति और अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल और उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश के सभी लोगों के परिवार पहचान पत्र बनवाने के लिए 27, 28, 29 व 30 अगस्त को गांव, नगर पालिका, नगर परिषद पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे ताकि आगामी 3 महीनों में प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति का परिवार पहचान पत्र बन सके। खेलमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने परिवार पहचान पत्र के रुप में नागरिकों को बड़ी सौगात दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### संस्था से जुड़कर रक्तदान कर मनाया जन्मदिन



**सोनीपत।** संस्था की मुहिम जन्मदिवस को मनाए रक्तदान दिवस से जुडने् वाले मोंटी सरोहा बने 33वें रक्तदाता। जिन्होंने अपना व अपने मित्रों का रक्तदान करवा कर जन्मदिन मनाया। मोंटी ने सरकारी ब्लड बैंक पहुंचकर अपने 25वें जन्मदिन पर 26वीं बार रक्तदान किया। साथ ही अपने 6 दोस्तों का भी रक्तदान करवाया। संस्था अध्यक्ष रविन्द्र शर्मा ने बताया कि जन्मदिन हो या कोई भी अवसर हमें खुद सरकारी ब्लड बैंक पहुंच कर यह नेक कार्य करते रहना चाहिए। इससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर खून मिलता है और उनका जीवन बचाया जा सकता है। नरेंद्र, अजय, विराज, दीपक, अजय अशोधिया, दलबीर ने रक्तदान किया।

### बिना मास्क घूमने वाले 441 व्यक्तियों के किए चालान

**सोनीपत।** डीएसपी डा. रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से बचाने के लिए बिना मास्क घूमने वालों के चालान किए। डीएसपी डा. रविन्द्र कुमार ने बताया कि यातायात निरीक्षक प्रबंधक रमेश कुमार के नेतृत्व में अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर नाके लगाकर बिना मास्क घूमने वाले 441 व्यक्तियों के चालान किए गए हैं। इसी के साथ उनसे मौका पर ही जुर्माना वसूल किया गया और मास्क भी वितरित किए गए। कोरोना वायरस से बचाव के लिए मास्क पहनना व सामाजिक दूरी का पालन करना जरूरी है। इसी के साथ दुकानदारों को भी निर्देश दिये गये कि अपनी दुकान पर ग्राहकों की भीड़ एकत्रित न होने दें और उचित दूरी बनाये रखें।

### बुजुर्ग हमारे समाज का अभिन्न हिस्सा : निखिल मदान



**सोनीपत।** कांग्रेसी नेता एवं युवा समाजसेवी निखिल मदान सोनीपत पुलिस लाइन के पीछे चलाए जा रहे वृद्धाश्रम में पहुंचे। मदान ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों से मुलाकात की। सभी बुजुर्गों का कुशलक्षेम जाना और उनसे आशीर्वाद लिया। वृद्धाश्रम संचालक के अनुरोध किये जाने पर कृष्णा चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा आश्रम में दो दर्जन पानी के जग, डस्टबिन व पानी की बोतलें बुजुर्गों के लिए दी गईं। समाज कल्याण शिक्षा समिति द्वारा चलाए जा रहे इस वृद्धाश्रम समेत गांव खरहर जिला झज्जर में चलाए जा रहे वृद्धाश्रम के लिए भी सोसाइटी ने दैनिक जरूरत का सामान भेंट किया। निखिल मदान ने कृष्णा चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा सभी बुजुर्गों के लिए भोजन का हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संस्था द्वारा निखिल मदान को प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया गया। इस मौके पर मुकेश कांस्टेबल, सब इंस्पेक्टर जगत सिंह, नरजीत सिंह खत्री, डा. संदीप मलिक, अनिल गुप्ता, समिति प्रधान आनंद कुमार आदि उपस्थित रहे।

# नई शिक्षा नीति के साथ नए भारत के निर्माण की ओर बढ़ रहे हम : इंद्रेश

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार ने कहा कि यह एक ऐसा पखवाड़ा है। जो भारत ही नहीं विश्व के असंभव काम माने जाते थे, उनको संभव होने का अवसर आया है। हम और आप इस बात के लिए बहुत खुशनसीब है कि हमने असंभव चीजों को संभव होते देखा है।

वे मंगलवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा कोरोना उपरांत विश्व पटल पर भारत की बढ़ती संभावनाएं विषय पर आयोजित वेबिनार में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। वैश्विक महामारी के दौरान अपने समर्थक और विरोधी दोनों ही देशों को अपने हक में करते हुए धैर्य, साहस और भरोसे का परिचय दिया। विश्व के सभी देशों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि भारत कोरोना वैक्सीन का निर्माण करे।



वेबिनार को संबोधित करते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार।

कुलपति ने कहा कि कुलाधिपति सत्यदेव नारायण आर्य के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने लॉकडाउन के दौरान 50 से अधिक आनलाईन कार्यक्रम, वेबिनार, संगोष्ठियों, जागरूकता कार्यशालाएं, सामाजिक चेतनाओं से संबंधित विषयों पर आयोजन कर कोरोना के प्रति जागरूकता के यज्ञ में अपनी आहुति दी है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विवेक चावला ने किया। आईटी सेल के निदेशक डॉ. सुनील ढींगडा, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. ब्रजेश साहनी, व उप-निदेशक डॉ. दीपक राय तथा डॉ. राहुल ने ऑनलाईन कार्यक्रम के संचालन में सहयोग किया।

# किसानों के लिये जारी अध्यादेशों में बदलाव करने की चलाई मुहिम

**इन्द्री।** भारतीय किसान संघ ने पूरे प्रदेश में पौधारोपण करने की मुहिम चलाई हुई है। मंगलवार को उप मंडल के गांव मटक माजरी स्थित कम्बोज पैलेस में भारतीय किसान संघ द्वारा किसानों को पौधे वितरित किए गये। हरियाणा व दिल्ली के संगठन मंत्री सुरेन्द्र सिंह ने शिरकत कर अपने साथियों के साथ पौधारोपण किया व पौधे वितरित किये। उन्होंने कहा कि इसके चलते हल्के की 25 ग्राम समितियों में जाकर किसानों को इन अध्यादेशों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि इन अध्यादेशों में किसान की परिभाषा में कोपरेट कंपनियां भी एक किसान के रूप में आ रही है उस को तर्कसंगत बनाएं। उन्होंने कहा कि



हम सभी किसान प्रधानमंत्री व कृषि मंत्री से आग्रह करते है कि इन अध्यादेशों को कानून में परिवर्तित करते समय इन बातों को इसमें शामिल करें। हल्का अध्यक्ष भरतराम, जिला मंत्री सुभाष, अमन मुरादगढ़, मनीष, अनुराग, बिजेन्द्र सिंह, वेद, भूपिन्दर, मुकेश, राजकुमार ,मोहित ,संजीव आदि मौजूद रहे।

# जड़ी-बूटी दिवस पर लगाए गिलोय के पौधे

**इन्द्री।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के सौजन्य से गांव शेरगढ़ टापू में जड़ी-बूटी दिवस मनाते हुए सरकारी स्कूल व चौपाल में औषधीय पौधे लगाए गए। यह दिवस आयुर्वेद धन्वतंरि बालकृष्ण के जन्मदिवस के उपलक्ष में पूरे देश में मनाया गया है।

योगाचार्य मुकेश शर्मा ने बताया कि प्राकृतिक शुद्धि के लिए पौधारोपण करना जरूरी है। समाजसेवी संजीव शर्मा ने कहा कि प्रकृति हमारा जीवन है। सारा विश्व इसी पर टिका हुआ है। इस मौके पर मास्टर अनिल, अजीत कुमार, विजयपाल, कार्तिक, कर्त्तव्य, प्रकाश सिंह, रामपाल, प्रवीण कुमार, वंश शर्मा, रीना देवी व कलादेवी मौजूद रहे।

### विधायक सुभाष सुधा ने किया पौधारोपण



**कुरुक्षेत्र।** विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ और संरक्षित करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाना चाहिए। वे मंगलवार को वार्ड 15 में आयोजित एक पौधारोपण कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा, भाजपा के युवा नेता साहिल सुधा ने वार्ड-15 में पौधा लगाकर अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण और भूजल स्तर को बचाने के लिए पौधे लगाना बहुत जरुरी है।

# विकास मंच के अध्यक्ष बने अहलावत

**सोनीपत।** सोनीपत विकास मंच की सभा का आयोजन इंडस्ट्रियल एरिया सोनीपत में किया गया। इस सभा में सदस्यों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भी भाग लिया। सभा की अध्यक्षता मंच के संस्थापक सतपाल सिंह अहलावत ने की।

सभा में सर्वसम्मति से तीन वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अनिल गुप्ता को चेयरमैन, सतपाल सिंह अहलावत को अध्यक्ष, जितेंद्र खतरेजा को उपाध्यक्ष, श्रीमती अर्चना को महासचिव, कृष्ण वत्स को सहसचिव, प्रवीन गुप्ता को कोषाध्यक्ष, विमल किशोर को संयोजक बनाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सतपाल सिंह अहलावत ने कहा कि सोनीपत विकास मंच जन आवाज बनकर सोनीपत के विकास



हेतु कार्य करेगा। सोनीपत को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाने के लिए जन सहयोग लेकर कार्य करेगा। नवनियुक्त चेयरमैन अनिल गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सोनीपत विकास मंच का शीघ्र ही विस्तार किया जाएगा व नगर निगम के सभी 20 वार्डों में पांच व्यक्तियों की उपसमिति का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये उपसमिति के सदस्यों द्वारा सोनीपत के सभी वार्डों में बिजली, पानी, स्ट्रीट लाइट, सीवर, सफाई व्यवस्था आदि को सुचारू कराया जाएगा।

# पौधारोपण और रक्तदान की हौसला अफजाई की

## कुरुक्षेत्र जिले के कई गांवों को आज किया जाएगा सेनेटाइज मास्क भी बाटेंगे

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**रक्तदान** महादान है, रक्त का दान करने वाला रक्तदाता ये नहीं जानता कि उसका रक्त किस जरुरतमंद को दिया जाएगा, इसलिए रक्तदान को गुप्त दान भी कहा जाता है। ये सही मायनों महादान है। इसलिए युवाओं को हर तीन माह बाद रक्तदान करते रहना चाहिए। पर्यावरण की सुरक्षा को पौधारोपण करना भी बडी समाज सेवा है। युवाओं का इस ओर ध्यान जाना जरूरी है।

ये विचार आज इनसो के स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते हुए शाहाबाद विधायक रामकरण काला ने रक्तदाताओं की हौंसला अफजाई करते हुए व्यक्त किये। इससे पूर्व इनसो कार्यकर्ताओं ने देवीलाल चौंक पर पौधारोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। इन दोनों कार्यक्रमों की अध्यक्षता इनसो के जिलाप्रधान बबलू काजल ने की। रामकरण काला ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। इस मौके पर जजपा के जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह मुलतानी ने भी रक्तदाताओं की हौंसला अफजाई की। इस मौके पर जननायक सेवा प्रभारी मायाराम, कुरुक्षेत्र इनसो प्रभारी प्रदीप दालमवाला, थानेसर हल्काध्यक्ष होशियार सिंह, लाडवा हल्काध्यक्ष जोगध्यान सिंह, पेहवा हल्काध्यक्ष कुलदीप जखवाला, शाहाबाद हल्काध्यक्ष सुबे सिंह, युवा जिलाध्यक्ष जसविन्द्र खैहरा, सुनील राणा, नरेन्द्र घराड़सी, विक्रम गुर्जर, विशाल मुकीमपुरा, हनी दहिया, दीप सांगवान, नवीन सिहाग, हरबख्श, धीरज नैन, हर्ष शर्मा, दीपेन्द्र बराड़ व अन्य इनसो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में पहुंचे इनसो के प्रदेश प्रभारी प्रोफेसर रणधीर सिंह ने कहा कि डॉ. अजय सिंह चौटाला द्वारा वर्ष 2003 में इनसो रूपी जो पौधा लगाया गया था, वो वटवृक्ष के हो गया है।



पौधोरोपण करते जजपा-इनसो कार्यकर्ता।

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 200 से अधिक पौधे रोपित किए। इसके पश्चात सेक्टर 17 में स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 100 के करीब युवाओं ने रक्तदान किया। बुधवार पांच अगस्त को कुरुक्षेत्र जिले के कई गांवों को सेनेटाइज किया जाएगा। जनता को मास्क व सेनेटाइजर भी वितरित किए जाएंगे।

### प्रभु नगरवासियों ने कांग्रेसी नेता को बताई समस्याएं

**सोनीपत।** शहर के प्रभु नगर में विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे क्षेत्रवासियों ने मंगलवार को कांग्रेसी नेता एवं पूर्व नगर परिषद के चेयरमैन अशोक छाबड़ा को अवगत कराया। इसके बाद पूर्व चेयरमैन छाबड़ा प्रभु नगर में पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। आक्रोश में आए लोगों ने प्रभु नगर की पीपल वाली गली को दिखाते हुए कहा कि उनके क्षेत्र में कई दिन से पेयजल, बिजली व सीवर की समस्या ने परेशान कर रखा है। घरों में पीने तक पानी नहीं है। वहीं चार बूंद होते ही गलियों में पानी जमा हो जाता है। प्रशासन एक तरफ मलेरिया व डेंगू की बीमारी से बचने के लिए सतर्क व जागरूक कर रहा है। वहीं उनके क्षेत्र में कई-कई दिन तक पानी जमा रहता है, जिसके चलते उनके क्षेत्र में बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। छावडा ने समस्या समाधान की बात कही। इस दौरान उनके साथ प्रदीप गौतम, भूपेन्द्र गहलावत, प्रेमनारायण, सीमा गोयल, संदीप सैनी, विजय अंतिल, हिमांशु, आकाश, रवि व पूनम आदि मौजूद रहे।

### महक स्वामी ने यूपीएससी परीक्षा में प्राप्त की 393वीं रैंक



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की भीम कॉलोनी में रहने वाली महक स्वामी ने बिना कोचिंग के यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण की। महक स्वामी ने तीसरे प्रयास में यह परीक्षा उत्तीर्ण की। कुरुक्षेत्र की रहने वाली महक स्वामी का शुरू से ही सपना समाजसेवा करने का था। महक स्वामी ने यूपीएसएसी की परीक्षा में 393वां रैंक प्राप्त किया। महक स्वामी ने बताया कि वह आईएएस बने या आईपीएस उनके लिए दोनों ही बराबर है। इससे पहले महक स्वामी दिसंबर 2019 में एचपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर एचसीएस बनी थी। इसके बाद वह यमुनानगर में एचसीएस की ट्रेनिंग ले रही थी। मंगलवार को जिस समय यूपीएससी का रिजल्ट आया तो महक स्वामी यमुनानगर में ट्रेनिंग पर थी। महक की शुरूआती पढ़ाई गीता निकेतन आवासीय विद्यालय से हुई। महक ने 12वीं की परीक्षा सेठ टेकचंद मेमोरियल स्कूल से की। इसके बाद महक ने राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा प्राप्त कुरुक्षेत्र के राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान से बीटेक किया। गुरुग्राम की एक कंपनी में 14 लाख के पैकेज पर तीन साल नौकरी की। 2016 में नौकरी छोड़ दी और घर पर बैठकर यूपीएससी परीक्षा की तैयारी शुरू की। महक के पिता दया सिंह स्वामी धूलगढ़ गुलडेहरा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रिंसीपल हैं।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**कराये पार वैतरणी करो उस नाम की जय-जय**
**बसे जो मन के मंदिर में प्रभु- श्रीराम की जयजय**
**नमन सरयू के घाटों को नमन पावन सी वो माटी**
**करो सब हर्ष से मिलकर अयोध्या-धाम की जय-जय**

# डेयरी मालिकों को नगर निगम ने शिफ्टिंग का दिया एक और मौका

**करनाल।** शहर में विभिन्न व्यक्तियों द्वारा अवैध पशु डेयरियां चलाई जा रही हैं। जिनको गांव पिंगली में विकसित की गई डेयरी परियोजना में प्लॉट अलॉट करने के लिए कई बार नोटिस से मौके दिए गए हैं। लेकिन बार-बार मौका दिए जाने के उपरांत भी अलॉटमेंट में कोई रूचि नहीं ली जा रही है। उपायुक्त एवं नगर निगम आयुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि ऐसे डेयरी मालिक को एक ओर अवसर प्रदान करते हुए आदेश दिए जाते हैं कि अपने दस्तावेज पूर्ण करके 30 हजार रुपये की अग्रिम राशि, एक हजार रुपये की जुर्माना राशि तथा एक सौ रुपये की प्रार्थना पत्र फीस सहित कुल 31 हजार एक सौ रुपये, बुधवार 5 अगस्त तक नगर निगम कार्यालय में जमा करवाकर आगामी होने वाले ड्रा ऑफ लॉट के माध्यम से निकाले जाने वाले प्लॉटों की अलॉटमेंट में हिस्सा लें। अन्यथा उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# फेनेस्टा ने सोनीपत में किया अपनी रीटेल मौजूदगी का विस्तार

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**भारत** के सबसे बड़े विंडो एवं डोर ब्राण्ड तथा इस सेगमेंट में मार्केट लीडर फेनेस्टा इण्डिया ने एक और शोरूम की ओपनिंग के साथ अपनी रीटेल मौजूदगी के विस्तार की घोषणा की है। यह एक्सक्लुसिव शोरूम मूरथल रोड, अग्रसेन चौक के पास स्थित है। उपभोक्ताओं को सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता के यूपीवीसी विंडो और खिड़कियां उपलब्ध कराएगा।

इस नए शोरूम के लॉन्च के मौके पर फेनेस्टा के बिजनेस हैड साकेत जैन ने कहा, ''उपभोक्ताओं के लिए प्रतिबद्धता एवं उत्कृष्ट प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के साथ हम पिछले सालों में लगातार विकसित हुए हैं। यह नया शोरूम देश में तेजी से विकसित होते हमारे उपभोक्ता आधार को दर्शाता है।'' इस लॉन्च के साथ फेनेस्टा अपने मौजूदा एवं भावी उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाओं का अनुभव प्रदान करेगा। फेनेस्टा के शोरूम उपभोक्ताओं की पहुंच बढ़ाने तथा इसे मार्केट लीडर के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। भारत के यूपीवीसी विंडो एवं डोर उद्योग में तेज़ी से विकसित होते हुए, ब्राण्ड अपने मार्केट शेयर को बढ़ाने तथा भविष्य में अपनी अग्रणी स्थिति को बरकरार रखने के लिए प्रयासरत है।

उन्होंने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा, ''अब तक की हमारी यात्रा शानदार रही है और आने वाले सालों में हम भी लगातार विकास के लिए तैयार हैं। हमारी उग्र विपणन रणनीति, उत्पादों की व्यापक रेंज तथा दूसरे एवं तीसरे स्तर के शहरों में तेज़ी से रीटेल विस्तार के चलते हम अपने लक्ष्यों को हासिल कर सकेंगे। हमने अपनी विस्तार रणनीति इस तरह से तैयार की है कि यह उपभोक्ताओं को उत्पादों के बारे में उचित जानकारी और खरीद का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान कर सके। इस मौके पर हम अपने सभी साझेदारों और उपभोक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करना चाहते हैं। जिन्होंने हमारे कारोबार को कामयाबी की इस ऊंचाई तक पहुंचाने में अपना योगदान दिया है।'' सोनीपत में फेनेस्टा का यह नया शोरूम विभिन्न डिजाइनों और रंगों में दरवाजों एवं खिड़कियों की व्यापक रेंज प्रस्तुत करेगा। इस लॉन्च के साथ फेनेस्टा अब देश के 327 से अधिक शहरों में मौजूद है। फेनेस्टा भारत की एकमात्र कम्पनी है जो यूपीवीसी के निर्माण के से लेकर उत्पाद के इन्सटॉलेशन एवं आफ्टर सेल्स सेवाओं तक पूरी आपूर्ति श्रृंखला का प्रबन्धन करती है। उत्पादों की रेंज को विशेष रूप से यूके एवं ऑस्ट्रिया में डिज़ाइन किया जाता है।

**पायनियर क्लासीफाइड**

**सार्वजनिक सूचना**

यह है कि मेरे मुव्किल राम गोपाल पुत्र श्री टीकाराम व श्रीमति कुसुमलता पत्नी श्री राम गोपाल निवासीगण मकान न.-6 नंगला इन्कलेव, पार्ट-1 फरीदाबाद का पुत्र करन व उसकी पत्नी श्रीमति पूजा मेरे मुव्किलगण व परिवार के कहने से बाहर है आये दिन मेरे मुव्किलगण की जायदाद को लेकर हमारे साथ लड़ाई-झगड़ा, गाली गलौच, मारपीट व पुत्रवधु झठे केस में फंसाने की धमकी देती है। जिसके चलते मेरे मुव्किल ने इन दोनों से अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद व तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है आज के बाद जो कोई इन दोनों से किसी प्रकार का कोई लेन-देन या व्यवहार करेगा उसका जिम्मेवार वह स्वयं होगा। मेरे मुव्किल व उनके परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**ध्रुव कुमार, एडवोकेट, फरीदाबाद**

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# चीन की रणनीति

## लंबे समय तक चलेगा संघर्ष

**चीन** पैगांग सो में काफी पीछे हटने से हिचक रहा है और उसके आसपास अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। इसके साथ ही वार्ता को जारी रखने के लिए वह अन्य क्षेत्रों में थोड़ा पीछे हट रहा है। ऐसे में भारत को लंबे संघर्ष के लिए तैयार रहना चाहिए। पहाड़ों में इतनी अधिक ऊंचाई पर एक और सियाचिन बनने से दोनों पक्षों के संसाधनों की बरबादी होगी। लेकिन कम से कम इस जाड़े में चीन अपने दावे पर डटे रहना चाहता है। पूर्वी लद्दाख में सारी राजनय के बावजूद चीन पैगांग सो व डेपसांग क्षेत्रों में पुरानी स्थिति में जाने को तैयार नहीं है। इसका कारण पश्चिम में गिलगिट-बाल्टिस्तान है जहां चीन ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे-सीपीईसी तथा पूरब में अक्साईचिन में भारी निवेश किया है। अतः इन क्षेत्रों पर दबाव उसके क्षेत्रीय रणनीतिक व आर्थिक वर्चस्व के लिए संकट हो सकता है। वह जिनजियांग से तिब्बत राजमार्ग के 179 किलोमीटर हिस्से को भारत की छाया से दूर रखना चाहता है। वर्तमान समय में पाकिस्तान और उसके आगे मध्य एशिया तक उसकी पहुंच मजबूत है और वह वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर अपना दृष्टिकोण थोपना चाहता है। वह इसे अनिश्चित बनाए रख कर अपनी सैनिक उपस्थिति तथा सीमा पर ढांचागत निर्माण को बढ़ावा देना जारी रखना चाहता है ताकि भारत को कई साल तक यहां चुनौती बनने से रोका जा सके। लेकिन वह भारत द्वारा सीमा पर, खासकर दौलत बेग ओल्डी के निकट ढांचागत निर्माण से व्यथित है। इससे कराकोरम दर्रे के निकट भारत की उपस्थिति मजबूत हुई है और गलवान में भारतीय सैनिकों ने दिखा दिया है कि वे ऊंचे पहाड़ों पर युद्ध लड़ने में सक्षम हैं। बफर जोन की बात कर चीन भारतीय सैनिकों के गश्त का क्षेत्र घटाना चाहता है। इससे उसे अपने क्षेत्र में चुपचाप निर्माण का अवसर मिलेगा। चीन को उम्मीद है कि वह लंबे जाड़े में खासकर



हमारे सैनिकों को थका कर पैगांग सो में यथास्थिति बदलना चाहता है। वह जैसे भारत के धैर्य की परीक्षा ले रहा है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए को गंभीरता से लेना होगा क्योंकि जाड़े में हमले करने का उसका इतिहास है, चाहे वह तिब्बत पर कब्जा हो या 1962 में हमला।

गलवान में चीनी सैनिकों की झड़प में मौत से उसकी छवि खराब हुई है। उसके द्वारा हताहतों पर चुप्पी का अर्थ है कि वह फिर हमला करेगा। वर्तमान समय में वूहान वायरस के बाद चीन दुनिया को अपना उपनिवेश बनाने का सपना पूरा करने की दिशा में थोड़ा सुस्त हुआ है। लेकिन वह भारत का उभार स्वीकारने को तैयार नहीं है। यदि चीन की अर्थव्यवस्था में केवल एक प्रतिशत की भी वृद्धि हो तो वह अमेरिकी वर्चस्व वाले पश्चिमी देशों के मुकाबले तन कर खड़ा होगा। अमेरिकी विरोध के बावजूद उसने दक्षिण चीन सागर में आक्रामकता बनाए रखी है तथा उसने कई द्वीपों पर अपने दावे के साथ अड्डे बनाना व दक्षिणपूर्वी एशियाई देशों पर दबाव डालना जारी रखा है। उसने अनेक देशों को कर्ज के जाल में फंसा रखा है और उनमें से कुछ भारत का विरोध कर रहे हैं। ऐसे में भारत को अमेरिका का मुहरा बनने से बचना होगा क्योंकि दोनों बड़ी शक्तियों में दुनिया पर प्रभुत्व की लड़ाई भविष्य में और तेज होगी। ऐसे में यदि चीन भारत से टकराव को बढ़ावा देता है तो वह अन्य एशियाई देशों को अपने साथ लाने में कठिनाई का अनुभव करेगा। भारत भले ही वर्तमान समय में चीन की आर्थिक व सैनिक शक्ति की बराबरी करने की स्थिति में न हो, पर वह पश्चिमी तथा क्षेत्रीय शक्तियों से बराबरी की साझेदारी कर सकता है। वह हिंद महासागर क्षेत्र में चीन को चुनौती देते हुए क्वैड पहल पर जोर दे सकता है। अमेरिका और जापान से मिल कर 'नियम आधारित व्यवस्था' पर जोर देकर वह चीन की आक्रामक रणनीति का मुकाबला कर सकता है। अब भारत को सीमा समस्या के समाधान तथा एलएसी निर्धारित करने पर जोर देना चाहिए। चीन भविष्य में अरुणाचल प्रदेश पर अपने दावे पर जोर दे कर भूटान पर दबाव बना सकता है। ऐसे में हमें चीन से सतर्क रहना होगा।

# जनहित याचिकाओं का दुरुपयोग

**हमें उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए जो जनहित याचिकाओं का दुरुपयोग करते हैं, जबकि इसे गरीब व वंचित वर्गों को त्वरित न्याय दिलाने का महत्वपूर्ण साधन माना जाता है।**



**जे गोपीकृष्णन**
(लेखक दि पायनियर के विशेष संवाददाता हैं)



जनहित याचिकाओं-पीआईएल का जन्म 1976 में जस्टिस कृष्ण अय्यर के समय तथा बाद में 1979 में हुआ था, जब 50,000 विचाराधीन कैदियों की दयनीय दशा के कारण उनकी रिहाई संभव हुई थी। यह विचार एक आंदोलन से पैदा हुआ था जिसे जस्टिस पी.एन. भगवती ने त्वरित न्याय को मूलाधिकार का हिस्सा मान कर सुनिश्चित किया था। पहले न्याय गरीबों व वंचित लोगों की पहुंच से बाहर था। विधायिका व कार्यपालिका की विफलताओं पर नियंत्रण लगाने के महत्वपूर्ण हथियार से पीआईएल धीरे-धीरे निजी हितों को आगे बढ़ाने का माध्यम बनता गया। इसने एक खास शैली में राजनीति में गुरिल्ला युद्ध जैसा स्थान ले लिया। जल्द ही यह एक भयानक राक्षस में बदल गया जो विधायिका या कार्यपालिका को आतंकित कर सकता था। इस वर्ष पीआईएल उद्योग ने अपना अंतिम लक्ष्य प्राप्त किया जो भारत के सर्वोच्च न्यायालय पर अपनी शर्तें थोपना था।

इस अवधारणा में इतनी विकृति आई कि जस्टिस अरिजीत पसायत को यह रेखांकित करना पड़ा कि पीआईएल में 'पी' का अर्थ राजनीति, पैसा, प्रचार या निजी हित हो गया है। अशोक कुमार पांडे मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने इस स्थिति पर उपयुक्त रूप से जोर दिया। बदलते समय के साथ विकृत जनहित याचिकाओं की संख्या इतनी अधिक हो गई कि पीआईएल एक्टिविस्टों ने सेवारत व सेवानिवृत्त जजों तथा नौकरशाहों को ईमानदारी के प्रमाणपत्र बांटना शुरू कर दिया। भारत के प्रधान न्यायाधीश-सीजेआई ने कोर्ट नंबर एक में एक पीआईएल वकील से कार्यवाही के दौरान सवाल किया, 'आपकी शर्ट के बटन क्यों नहीं बंद हैं और आपके कालर क्यों खुले हैं?' उनकी यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा कुख्यात गैंगस्टर विकास दुबे की मुठभेड़ में मौत मामले पर सुनवाई के समय आई जिसने पुलिस में मिलीभगत रखने वालों के साथ मिल कर ड्यूटी पर तैनात आठ पुलिसजनों की हत्या की थी।

सर्वोच्च न्यायालय में दाखिल अनेक पीआईएल के कारण उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मामले की जांच हेतु नियुक्त एक-सदस्यीय आयोग को समाप्त करना पड़ा। यह सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भारती तमांग व पश्चिम बंगाल राज्य बनाम सीपीडीआर मामले में एक पीआईएल पर निर्णय के परिणामस्वरूप था जिसमें केवल असाधारण परिस्थितियों में ही जांच आयोग को स्वीकार्य मानने की बात की गई थी। जाहिरा हबीबुल्ला शेख व कामन काज़ बनाम भारत सरकार के मामले में और स्पष्ट करते हुए ऐसी 'असाधारण परिस्थितियों' को परिभाषित किया गया था। इसके अनुसार सहायता मांगने वाली अदालत द्वारा नियुक्त जांच केवल ऐसी परिस्थिति में उचित ठहराई गई थी जहां जांच में कमी स्पष्ट हो या प्रथमदृष्ट्या सत्ता का दुरुपयोग स्पष्ट हो जिससे आयोग की स्वतंत्रता पर संदेह हो सकता हो। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि ऐसे मामलों में कोई तीसरा पक्ष पीआईएल से केवल उस स्थिति में उपचार मांग सकता है जब सत्ता के दुरुपयोग के ऐसे आरोप या जांच की कमी रिकार्ड से स्पष्ट हो, जैसा कि राजीव रंजन सिंह मामले में तय किया गया था।

लेकिन इसके बावजूद पीआईएल पर कार्रवाई जारी रही। पहले दौर में सीजेआई द्वारा स्वीकृति के बावजूद सर्वोच्च न्यायालय के खास सेवानिवृत्त जज की नियुक्ति पर आपत्ति की गई। आयोग में सेवानिवृत्त नौकरशाह के 'पूर्वाग्रह' का मजाक उड़ाया गया। राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित विशेष जांच टीम-एसआईटी को चुनौती दी गई। इसके साथ ही पीठ के समक्ष एक अदृश्य व निरर्थक मानवाधिकार संहिता से मूल्यों व योग्यताओं के प्रमाण देने के प्रयास हुए। ऐसे में अदालत याचिकाकर्ताओं को संतुष्ट करने के लिए कहां तक जा सकती है, खासकर जब उनका गंभीर मामलों में जनता के प्रतिनिधित्व का कोई ट्रैक रिकार्ड न हो तथा वे ऐसे सेवानिवृत्त जजों के सम्मान पर हमला करते हों जिनका विधिक व्यवस्था में दशकों लंबा योगदान जनता के सामने हो?

**विधायिका व कार्यपालिका की विफलताओं पर नियंत्रण लगाने के महत्वपूर्ण हथियार से पीआईएल धीरे-धीरे निजी हितों को आगे बढ़ाने का माध्यम बनता गया। इसने एक खास शैली में राजनीति में गुरिल्ला युद्ध जैसा स्थान ले लिया जो विधायिका या कार्यपालिका को आतंकित कर सकता था। इस वर्ष पीआईएल उद्योग ने अपना अंतिम लक्ष्य प्राप्त किया जो भारत के सर्वोच्च न्यायालय पर अपनी शर्तें थोपना था।**

सर्वोच्च न्यायालय ऐसी विकृत याचिकाओं से अतीत में कैसे निपटता रहा है? मैथ्यूज़ नेदुमपारा मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने 2019 में स्वतः अवमानना कार्रवाई शुरू की थी क्योंकि विकृत याचिकाओं के साथ ही याचिकाकर्ता का व्यवहार आपत्तिजनक था। उसे तीन महीने कैद की सजा दी गई तथा यह वादा कराया गया कि वह कभी किसी जज पर हमला नहीं करेगा। इसके साथ ही उसे सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष एक साल तक पैरवी करने से रोका गया। इसके साथ ही सुराज इंडिया ट्रस्ट बनाम भारत सरकार में अदालत ने फैसला दिया कि देश की किसी अदालत में जनहित में कोई गलत याचिका दायर करने पर 25 लाख रुपये का जुर्माना होगा।

ऐसे में सोचा जा सकता है कि जब सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त आयोग अंततः पुलिसजनों की हत्या कर कानून के शासन का मजाक उड़ाने जैसे कृत्य न दुहराने पर विचार करेगा तो अनेक जनहित याचिकायें सामने आएंगी जो इस बार मीडिया में लेखों के माध्यम से हो सकती हैं। ऐसी पीआईएल में आयोग की निष्ठा पर सामूहिक रूप से सवाल उठाया जाएगा जिसने देश की सेवा में अनेक वर्ष योगदान किया है। क्या ऐसी याचिकाओं व उनके खारिज करने से दुःख की कोई भावना पैदा होगी कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसजनों को इतने जघन्य रूप से क्यों मारा गया? यदि राजनीतिक या वैचारिक झुकाव पर मतभेदों को अनदेखा कर दिया जाए तो भी स्पष्ट होता है कि हमने न्यायपालिका और पुलिस बल तथा दंड न्याय व्यवस्था के प्रति गंभीर पूर्वाग्रह विकसित किए हैं। हमें थोड़ा ठहर कर आत्मावलोकन करना चाहिए। आयोग से उम्मीद है कि वह अपराधियों व पुलिस अवस्थापना के बीच विकृत गठजोड़ की जांच करते हुए भविष्य में ऐसी घटना से बचने के सुझाव भी देगा।

हमें आयोग के काम करने तथा खंडित व्यवस्था सुधारने के लिए उसकी उपयुक्त संस्तुतियों के लिए कितनी प्रतीक्षा करनी होगी? इस व्यवस्था में एक कुख्यात हिस्ट्रीशीटर को 60 जघन्य अपराधों के बाद जमानत मिल जाती है। इस व्यवस्था में 'भेदिये' अपराधियों की सहायता करते हैं तथा नियमित सुनवाई व त्वरित न्याय का अभाव है। इसमें अपराधी जेलों से अपने गिरोह चलाते हैं तथा शहीद हुए पुलिसजनों के परिवारों को न्याय के लिए लंबी व कठोर लड़ाई लड़नी पड़ती है। इस व्यवस्था में न्याय का विचार केवल उम्मीदों के सहारे रहता है। अब यही उम्मीद कोर्ट नंबर एक से है। समय आ गया है कि मामले खारिज करने व जुर्माना करने से आगे बढ़ा जाए। सुनिश्चित कानूनों के बजाय विकृत याचिकाओं से सर्वोच्च न्यायालय का मूल्यवान समय और संसाधन बेकार होते हैं तथा स्वयं न्याय का मजाक उड़ता है। यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्याय के दरवाजे खोलने का अर्थ एक्टिविस्ट वकीलों के किसी खास तबके के एजेंडे को बल देना नहीं है। समय आ गया है कि पीआईएल का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए जो गरीब व वंचित वर्गों को न्याय दिलाने का महत्वपूर्ण हथियार है।

# पूर्ण हुई रामभक्तों की चिर आकांक्षा

**शिव प्रकाश**
(लेखक भाजपा संगठन से जुड़े हैं)



5 अगस्त को विधिवत पूजन करके देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं सभी आस्थाओं के मानने वाले पूज्य धर्मगुरुओं द्वारा विधिवत् पूजन करके मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। आंदोलन को अपना संपूर्ण समर्थन देकर निर्णायक स्थिति तक पहुंचाने में सहायक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूजनीय सरसंघचालक माननीय डॉ मोहन राव भागवत जी की उपस्थिति भी समाज के लिए प्रेरक रहेगी । देश के सभी तीर्थ स्थानों की पवित्र मिट्टी एवं सभी नदियों का पवित्र जल मंदिर निर्माण के लिए पूजन में उपयोग होना, देश की एकात्मता का प्रत्यक्ष प्रकटीकरण है। सभी संप्रदायों के धर्म गुरुओं का आशीर्वाद सामाजिक एवं आर्थिक हस्तियों को आमंत्रण एवं उपस्थिति देश की एकात्मता एवं सामाजिक सद्भाव की अनूठी मिसाल है। आज अपने देश एवं दुनिया के सम्मुख जो समस्याएं दीवार की तरह खड़ी हैं, उन सब का समाधान प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र में दिखाई देता है । महिला सशक्तिकरण अभियान के माध्यम से जो संदेश हम समाज को देना चाहते हैं, राम का रावण के साथ युद्ध उसका प्रत्यक्ष व्यवहार है। माता सीता के वन गमन के समय स्वयं राजमहल में रहकर भी वन के समान जीवन जीना यह स्त्री के प्रति उनके आदर भाव को प्रकट करता है । समाज में जो शक्तियां सवर्ण-दलित, शहरवासी - वनवासी (जनजाति) संपन्न - गरीब की खाई को बढ़ाकर संघर्ष उत्पन्न करना चाहती हैं, उनको राम का महाराज निषाद एवं माता शबरी के जूठे बेर खाना, सटीक उत्तर है। वन में उनका व्यवहार एवं पेड़-पौधे, जीव-जंतु आदि के प्रति प्रेम पर्यावरण एवं जैव विविधता के प्रति उनकी दृष्टि को प्रकट करता है। मानवता के शत्रु राक्षसों का वध करके आतंक का उन्मूलन तो उन्होंने करके ही दिखाया है। उनका सारा जीवन इसी की प्रेरणा है। पिता- पुत्र, भाई-भाई ,शिक्षक, पत्नी आदि के प्रति उनका व्यवहार मानवीय मूल्यों की पराकाष्ठा है। इस कारण राम मंदिर का निर्माण एक पूजा स्थान मात्र नहीं, बल्कि सामाजिक विघटन के इस वातावरण में मानवता को आदर्श व्यवहार का संदेश भी देगा।

लोक कल्याण का विचार लेकर ऋषियों के तप के परिणाम स्वरूप जिस राष्ट्र का निर्माण हुआ,आसेतु



हिमाचल विस्तृत भूभाग वाला यह भारत राष्ट्र ही है। जीवन जीने की शैली जिसमें संपूर्ण विश्व का कल्याण निहित है, वह इस राष्ट्र में विकसित हुई। मानव का मानव के प्रति, प्रकृति एवं सृष्टि में व्याप्त चराचर जीव-जगत के प्रति हमारा व्यवहार कैसा हो, यह संस्कार संपूर्ण विश्व को इस धरा ने ही दिया है। शरणार्थी की सहायता एवं संकट में सहयोग, यहां का संस्कार है। इस देश में जन्मी ऋषि परंपरा, देवी-देवताओं की वाणी, महापुरुषों एवं राजा-महाराजाओं ने अपने व्यवहार से इस संस्कार को अपने जीवन में साकार रूप दिया। लंबी परंपरा से विकसित यह संस्कार ही हमारी थाती बन गए हैं, जो हमारी संस्कृति के रूप में प्रकट होते हैं। देश के करोड़ों लोगों को इन संस्कारों का व्यवहार एवं संस्कृति स्वरूप जिन महापुरुषों में साक्षात दिखाई देता है उनमे भगवान राम का नाम सर्वोपरि है। इस कारण भगवान राम विश्व भर में फैले करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र बिंदु हैं। भगवान राम का मंदिर उस आस्था का मंदिर है । इस कारण राम मंदिर निर्माण आंदोलन के नेतृत्वकर्ता इसको राष्ट्र मंदिर निर्माण की संज्ञा देते हैं। इस आस्था के कारण ही करोड़ों का समाज मंदिर आंदोलन से जुड़ा, जो अब साकार रूप ले रहा है। प्रभु श्रीराम के जन्म स्थान पर भव्य मंदिर का निर्माण हिंदू समाज की चिर आकांक्षा थी, जो अब पूर्ण हो रही है। इस आकांक्षा की पूर्ति के लिए लगभग 500 वर्षों से हिंदू समाज संघर्षरत था। असंख्य बलिदान अब तक हो चुके हैं। मुक्ति का यह संघर्ष साधु-संत, राजा-महाराजाओंआदि के नेतृत्व में चला है।

इस आंदोलन में निर्णायक मोड़ तब आया, जब 1983 में विश्व हिंदु परिषद ने आन्दोलन अपने हाथों मे लिया। स्वर्गीय अशोक सिंघल जी के साहसीएवंयशस्वी नेतृत्व के कारण आंदोलन देशव्यापी बना। रथ यात्रा, शिला पूजन, चरण पादुका यात्रा, कार सेवा आदि कार्यक्रम आंदोलन को गति देने वाले निर्णायक चरण थे। भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन अध्यक्ष श्री लालकृष्ण आडवाणी जी की यात्रा से संपूर्ण देश का जनमानस आंदोलन के साथ जुड़ गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक स्वर्गीय मोरोपंत पिंगले, गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ जी, स्वामी वामदेव जी एवं स्वामी सत्यमित्रानंद जी सरीखे अनेक महापुरुष जिनका आंदोलन को गति देने में उल्लेखनीय योगदान हैं अब इस दुनिया में नहीं है। आंदोलन के शिखर पुरुष स्वर्गीय अशोक सिंघल जी भी अपने जीवित रहते मंदिर नहीं देख पाए। मंदिर का निर्माण इन सब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

मंदिर निर्माण का यह आंदोलन विश्व के लोगों के लिए एक शोध का विषय रहेगा। समाज के द्वारा अपनी आकांक्षा पूर्ति के लिए 500 वर्षों तक चलने वाला यह अनूठा आंदोलन है। सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय एक समिधा के समान यज्ञ की पूर्ण आहुति में सहायक बना है। विश्व के सभी आस्थावान व्यक्ति अयोध्या आकर प्रभु श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेंगे, अपने संस्कारों को सुदृढ़ करेंगे एवं संस्कारों के बल पर मानवीय मूल्यों के संरक्षक एवं वाहक बनेंगे। प्रभु श्रीराम एवं प्रभु श्रीराम का मंदिर इसकी प्रेरणा युगों-युगों तक देता रहेगा। मंदिर निर्माण आंदोलन में सहायक सभी ज्ञात अज्ञात लोगों का पुण्य स्मरण।

## आप की बात

### पर्यावरण मसौदा

**अभी** संक्रमण काल में हमने देखा कि हमारे पर्यावरण को इससे बहुत फायदा हुआ है परंतु एक खराब खबर भी हमारे सामने आई है,आई एम अभी हाल ही में कुछ पर्यावरण संरक्षण में कार्य करने वाले व्यक्तियों ने यह आरोप लगाया है कि पर्यावरण प्रभाव आकलन मसौदा 2020 पर्यावरण पर नकारात्मक रूप से प्रभाव डाल रहा है।पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना में बदलाव के बाद लाया गया पर्यावरण प्रभाव आकलन मसौदा नकारात्मक रूप से पर्यावरण पर प्रभाव डाल रहा है। की आवरण के बारे में हमने लॉकडाउन के अंतर्गत बहुत सुखद खबरें सुनी थी परंतु अब यह आरोप कहीं ना कहीं पर्यावरण संरक्षण के हित में नहीं है। गंगा में प्रदूषण में कमी से लेकर वायु गुणवत्ता तक और कावड़ उत्सर्जन की कमी से लेकर नैनी झील के जलस्तर बढ़ने तक हमने पर्यावरण संरक्षण हेतु इतने महत्वपूर्ण बदलाव कभी नहीं देखे हैं, इसलिए पर्यावरण प्रभाव आकलन मसौदा पर नकारात्मक रूप से प्रभाव डालने का आरोप कहीं ना कहीं चिंता को बढ़ावा देने योग्य है। बताते चलें कि पर्यावरणीय मानदंडों में बदलाव से आसपास के वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साथ ही व्यक्ति की आजीविका पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ता है।

- **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

### अयोध्या में भव्य राम मंदिर

**मर्यादा** पुरुषोत्तम राम की जन्म स्थली अयोध्या में 5 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भव्य रामलला के मंदिर निर्माण की आधारशिला रखेंगे। यह दिन संपूर्ण देशवासियों के लिए ऐतिहासिक, अविस्मरणीय व अभूतपूर्व होगा, जब मंदिर निर्माण का श्रीगणेश होगा। खबरों में पढ़ने में आ रहा है कि जैसे ही प्रधानमंत्री मंदिर निर्माण की आधारशिला रखेंगे उसके बाद पूरे देश में पटाखे फोड़ कर खुशियां मनाई जाएगी। इस ऐतिहासिक पल को बेमिसाल बनाने के लिए इस दिन पटाखे फोड़ने की बजाय संपूर्ण देश के घर-घर में कम से कम 11 दीपक लगाकर जगमग जगमग दीप प्रज्वलित किए जाए जाना चाहिए, जिसकी छटा ही निराली होगी। पटाखे फोड़ने से जहां पटाखों के विस्फोट से शोर प्रदूषण बढ़ता है, वही खतरनाक जहरीला धुआ निकलने से हवा व वातावरण प्रदूषित होता है। पहले ही हम पर्यावरण प्रदूषण को लेकर चिंतित रहते हैं। अतः मर्यादा पुरुषोत्तम राम के सादगी वाले आचरण को ध्यान में रखते हुए हमें पटाखे फोड़ने से बचना चाहिए, जिससे पहले से बिगड़े हुए पर्यावरण पर रहम होगा तथा रात में दीप प्रज्वलित कर खुशियां मनाने के इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

- **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

### दुनियाभर में फैलता कोरोना

**लाख** दावों के बावजूद कोरोनावायरस के जनक चीन में संक्रमण थमने का नाम नहीं ले रहा है। छुटपुट संक्रमण के आंकड़ों के बीच पिछले दिनों एक बार फिर संक्रमण ने रफ्तार पकड़ी है। स्थानीय और विदेशी संक्रमण के ये आंकड़े फिर चिंता बनकर उभर रहे हैं। बढ़ते मरीजों के बावजूद चीन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। वह हांगकांग, भारत -चीन सीमा विवाद जैसे मुद्दों के जरिए दुनिया का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहा है। इसके साथ ही अमेरिका के भी कई राज्य लगातार संक्रमण से पीड़ित होते जा रहे हैं। सरकार भी ले दे कर चीन के पीछे पड़ी हुई है। इस समय अगर जन स्वास्थ्य की तरफ ध्यान नहीं दिया गया तो निश्चित रूप से यह जनता के साथ बेमानी होगी। ट्रंप प्रशासन सबसे पहले अपने नागरिकों की जान की परवाह करें चीन से तो जिंदगी भर निपटना ही रहेगा। आज अगर दुनिया में संक्रमण फैल रहा है तो इसकी सजा उन राज्यों को भी मिल सकती है जहां फिलहाल बहुत कम या संक्रमण बिल्कुल नहीं के बराबर है।

- **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**स्वामी** स्वरूपानंद ने चेताया था कि 5 अगस्त का दिन राम मंदिर की आधारशिला रखने के लिए अमंगलकारी है। यह तिथि मोदी जी की सुविधानुसार तय की गई है।

- **दिग्विजय सिंह**
कांग्रेस नेता

**पिछले** कुछ महीनों में अवैध शराब से हुई मौतों का एक भी मामला अभी तक पंजाब पुलिस ने सुलझाया नहीं है।

- **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री





**आप** आंकड़े जानने के लिए अपनी पार्टी की पंजाब इकाई से क्यों नहीं कहते हैं। उसके बाद हमारी कार्यशैली पर टिप्पणी करें।

- **अमरिंदर सिंह**
पंजाब के मुख्यमंत्री

# हरियाणा में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट : सैलजा

## रोजाना हो रही हत्या, लूटपाट व अपहरण की घटनाएं

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ चुकी है। हरियाणा में खराब कानून व्यवस्था के मामले में देश के अवल स्थान पर है जबकि प्रदेश में हर रोज अनेकों हत्याएं, लूटपाट, फिरौती, अपहरण, चोरियां व महिलाएं, बच्चियों के साथ दुष्कर्म की वारदातें हो रही है। जिसके कारण प्रदेश का हर वर्ग का नागरिक अपनी जान माल की सुरक्षा के लिए पूरी तरह भयभीत है। पिछले दिनों नरवाना में व्यापारी रतन लाल गर्ग कि सिर्फ सिगरेट की डिब्बी के रुपए मांगने पर अपराधियों द्वारा चाकू से हत्या करना, इसी प्रकार अंबाला में 25 साल के युवक की हत्या, रोहतक के सरपंच की हत्या करने के साथ-साथ हर रोज प्रदेश में हत्याएं हो गई है। मगर सरकार अपराध को रोकने की बजाए यह सब तमाशा आंख मूंदकर देख रही है। प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों व कोरोना महामारी के कारण पहले ही देश व प्रदेश में काम धंधे चौपट पड़े हैं।

# निकाय विभाग में ऑनलाइन पोर्टल से होंगे निर्माण कार्य

## अनिल विज ने शुरू किया वर्क मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के स्थानीय निकाय मंत्री अनिल विज ने कहा है स्थानीय निकाय विभाग में निर्माण कार्यों में अनियमितताओं को लेकर आ रही शिकायतों के मद्देनजर वर्क मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल शुरू किया गया है। अब नगर परिषद, नगर निमगों तथा नगर पालिकाओं में हर तरह से के निर्माण कार्य इसी पोर्टल के माध्यम से होंगे। अनिल विज ने आज यहां जारी एक जानकारी में बताया कि निकाय विभाग में होने वाले छोटे-छोटे निर्माण कार्यों को लेकर कई तरह की शिकायतें मिलती रहती थी। जिसके चलते इस पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है। जिसके तहत इस पोर्टल पर संबंधित जेई द्वारा पूरा ऑस्टिमेट ऑनलाइन पोर्टल पर ही विस्तृत जानकारी देंगे। अब निर्माण से संबंधित कोई भी काम मैनुअल नहीं होगा।

विज ने बताया कि जेई साइट पर जाकर ही एमबी भरेगा। यह पोर्टल स्थानीय निकाय विभाग द्वारा खुद ही तैयारी किया गया है। विज ने बताया कि विभाग द्वारा 135 सर्विसेज पहले ही ऑनलाइन उपलब्ध करवा रहा है। आने वाले समय में निकाय विभाग की कार्यप्रणाली में और कई बदलाव किए जाएंगे। जिससे आम लोगों को लाभ मिलेगा।

### अयोध्या आंदोलन में दो बार गिरफ्तार हुए थे विज



**हरियाणा** के गृहमंत्री अनिल विज ने अयोध्या आंदोलन के दौरान दो बार गिरफ्तार हुए थे। बुधवार से शुरू होने जा रहे मंदिर निर्माण को लेकर अनिल विज ने प्रसन्नता जाहिर की है। अनिल विज ने बताया कि वह अयोध्या आंदोलन के दौरान पहली बार लखनऊ व दूसरी बार उन्नाव में गिरफ्तार हुए और करीब 19 दिन तक उन्नाव की जेल में रहे। विज ने बुधवार से शुरू होने जा रहे निर्माण कार्यों पर संतुष्टी व्यक्त करते हुए कहा कि आज 500 साल का इंतजार समाप्त होने जा रहा है। इसके लिए बहुत सारे लोगों ने कुर्बानी दी और लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी गई है। कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए विज ने कहा कि ईश्वर को जिसका नाश करना होता है उसकी बुद्धि हर लेता है और कांग्रेस का नाश होता दिख रहा है। उन्होंने हरियाणा वासियों ने दीप प्रज्जवलित कर खुशी जताने की अपील की।

# रोडवेज कर्मचारियों ने प्रदेश के सभी डिपो में किया विरोध प्रदर्शन

## तालमेल कमेटी का ऐलान, कर्मचारियों की अनदेखी की तो संघर्ष होगा और तेज

## सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में 7, 11, 18 व 25 अगस्त को धरने का ऐलान

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**हरियाणा** रोडवेज कर्मचारी तालमेल कमेटी द्वारा कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलने, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोत्तरी, परिवहन सेवाओं के निजीकरण एवं मोटर व्हीकल एक्ट व श्रम कानूनों में बदलाव के विरोध में व सभी सहमत मांगों को लागू करवाने के लिए मंगलवार को प्रदेश के सभी डिपो में विरोध प्रदर्शन किया।

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी तालमेल कमेटी के वरिष्ठ नेता ईंद्र सिंह बधाना, वीरेंद्र सिंह धनखड़, दलबीर किरमारा, सरबत सिंह पूनिया, दिनेश हुड्डा, पहल सिंह तंवर व आजाद सिंह गिल ने सयुंक्त ब्यान में बताया केन्द्र व राज्य सरकार कोराना महामारी को अवसर मानकर सार्वजनिक परिवहन सेवा व अन्य सरकारी विभागों का निजीकरण करने में युद्धस्तर पर जुटी हुई हैं। उन्होंने कहा सरकारी विभागों के निजीकरण के साथ बेरोजगारों को स्थाई रोजगार मिलने के अवसर समाप्त हो जाएंगे। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोत्तरी होने से परिवहन विभाग का घाटा लगातार बढने के साथ महंगाई से जनता का जीना दूभर हो गया है। कर्मचारी नेताओं ने कहा मोटर व्हीकल एक्ट व श्रम कानूनों में बदलाव करके सरकार ने कम वेतन भोगी कर्मचारी व आम जनता के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। प्रदर्शन में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए लंबित मांगों बारे कहा 1992 से 2002 के मध्य लगे सभी कर्मचारियों को नियुक्ति तिथि से पक्का करने, सभी कर्मचारियों को पांच हजार रुपये जोखिम भत्ता देने, खाली पदों पर पक्की भर्ती करने, परिचालकों का पे स्केल बढ़ाने, पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने, वर्ष 2018 में हुई 18 दिन की हड़ताल के दौरान कर्मचारियों पर एस्मा के तहत दर्ज मुकदमे व हड़ताल का समर्थन व सहयोग करने पर अन्य विभागों के कर्मचारियों व आम नागरिकों पर दर्ज मुकदमे रद्द करने की मांग की। उन्होंने कहा कि गुरूग्राम में बसों की बॉडी बनने के लिए बसें नहीं होने से कर्मचारियों को वेतन के लाले पड़े हुए हैं। उन्होंने कहा परिवहन मंत्री के वायदे के अनुसार तुरंत 867 बसों की खरीद की जाए। रोडवेज कर्मचारियो की मांगों के प्रति सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में सात, 11, 18 व 25 अगस्त को सभी डिपो में धरने दिए जाएंगे।

# जेपी दलाल के हाथों में बरौदा की कमान

## भाजपा ने चुनाव प्रभारी नियुक्त किया

## धनखड़ के कार्यकाल में हुई पहली नियुक्ति

**चंडीगढ़।** हरियाणा की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने बरौदा उपचुनाव से पहले बड़ा दांव खेलते हुए कृषि मंत्री जेपी दलाल को बरौदा का चुनाव प्रभारी नियुक्त कर दिया है। आने वाले दिनों में अब दलाल पूरी तरह से बरौदा में रहकर भाजपा के लिए चुनावी पिच तैयार करने का काम करेंगे।

कांग्रेस विधायक श्रीकृष्ण हुड्डा के निधन से खाली हुई बरौदा सीट पर सितंबर माह से पहले-पहले चुनाव होने हैं। ऐसे में भाजपा, कांग्रेस व इनेलो ने बरौदा में अपनी सक्रियता बढ़ा रखी है। राजनीतिक समीकरणों के आधार पर यह सीट पहले इनेलो और अब कांग्रेस के कब्जे में रहे है। पिछले पचास वर्षों में यहां कभी कमल नहीं खिला है। ऐसे में यह चुनाव जीतना भाजपा के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है। बरौदा जाट बाहुल्य विधानसभा क्षेत्र हैं। यहां अन्य जातियां जाटों के बाद आती हैं। इस चुनौती को पार पाने के लिए भाजपा का सत्ता व संगठन पूरी रणनीति के साथ मैदान में उतर गया है। पिछले कई दिनों से मनोहर सरकार में कैबिनेट मंत्री रणजीत चौटाला जहां बरौदा व गोहाना का दौरा करके लोगों की समस्याओं का समाधान करने में जुटे हुए हैं वहीं पिछले एक सप्ताह से हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल बरौदा के चुनावी रण में उतरे हुए हैं।

इस बीच मंगलवार की शाम भाजपा ने बरौदा में हुड्डा की घेराबंदी करने तथा जाट मदाताओं के ध्रुवीकरण के लिए कृषि मंत्री जेपी दलाल को बरौदा का चुनाव प्रभारी नियुक्त कर दिया है। भाजपा के कार्यालय सचिव गुलशन भाटिया द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि प्रदेशाध्यक्ष ओ.पी. धनख़ड़ के निर्देशों पर जेपी दलाल को बरौदा उपचुनाव का प्रभारी नियुक्त किया जाता है। ओम प्रकाश धनखड़ के प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद यह पहली राजनीतिक नियुक्ति है। जिसकी परीक्षा आने वाले दिनों में होगी।

# स्कूल खोले जाने से पहले अभिभावकों की राय को प्राथमिकता दी जानी चाहिए : बवेजा

**कुरुक्षेत्र।** ग्लोबल इवेंट्स ऑर्गनाइजेशन के चेयरमैन एमएस बवेजा ने कहाकि जिस तरह हरियाणा सरकार द्वारा 17 अगस्त से स्कूल खोलने जाने के निर्णय की बात कही जा रही है। यह सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि राज्य के शिक्षा मंत्री ने 16 अगस्त से प्रयोग के तौर पर 10वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को स्कूल बुलाकर पढ़ाई शुरू करने की बात कही गयी है।



ग्लोबल इवेंट्स ऑर्गनाइजेशन के चेयरमैन एमएस बवेजा

बवेजा ने कहा कि विद्यार्थियों के अभिभावकों की राय जाने बिना शिक्षा विभाग को निर्णय नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों के टीचर बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाई करवा रहे हैं । ऐसे में बच्चों को स्कूल बुलाने का फैसला उन्हें कोरोना संक्रमण के खतरे में डाल सकता है। बवेजा ने कहाकि सरकार को समझना चाहिए कि इस समय कोरोना संक्रमण के केस तेजी से बढ़ रहे हैं । बढ़ते हुए केसों को देखते हुए अभिभावक अपने बच्चों को खतरे में कैसे डाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में तो पहले से ही संसाधनों की कमी है। इसके अतिरिक्त बच्चों को कोरोना के संक्रमण से बचाने के लिए कोई विशेष इंतजाम भी नहीं किए गए हैं। बवेजा ने कहा कि अन्य राज्यों में दोबारा लॉकडाउन किया जा रहा है। केंद्र सरकार ने भी 31 अगस्त तक सभी स्कूल कॉलेजों को बंद रखने के आदेश दिए हैं। राज्य सरकार की स्कूलों को खोलने में जल्दबाजी दिखाने की बात हैरानी में डालने वाली है। ऐसे में अभिभावकों का विरोध भी हो सकता है।

# गिरदावरी का समय बदलवाने की मांग को लेकर एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

## जमाबंदी के लिए जो प्री-मैच्योर सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है उसमें अनेक कमियां हैं

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



**गिरदावरी** का समय बदलवाने की मांग को लेकर दी पटवार एंड कानूनगों एसोसिएशन ने एसोसिएशन के जिला प्रधान डा. साहब सिंह की अध्यक्षता में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम एडीसी को सौंपा । डा. साहब सिंह ने कहा कि संशोधित नोटिफिकेशन से पहले गिरदावरी फसल रबी व खरीफ का क्रमश- मार्च व अक्तूबर में की जाती थी लेकिन अब गिरदावरी का समय फसल रबी व खरीफ का क्रमश फरवरी व अगस्त माह कर दिया गया है। जोकि उचित नही है क्योंकि इन महीनों में फसल कच्ची होती है, जिस कारण फसल की किस्म की पहचान सही ढंग से नही होती। अगस्त के महीने में वर्षा होने के कारण कच्चे रास्तों में पानी भरा हुआ होता है तथा खेतों की डोलों पर भी फिसलन होती है। इस समय खेतों में जहरीलें सांप निकलते है। ऐसी स्थिति में पटवारी द्वारा शिजरा व गिरदावरी रजिस्टर करना बहुत मुश्किल है। डा. साहब सिंह ने कहा कि इसके अलावा जमाबंदी के लिए जो प्री-मैच्योर सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है उसमें अनेक कमियां है। जमाबंदी को तैयार करने का समय लैंड रवेन्यू मैन्यूवैल के अनुसार एक वर्ष निर्धारित है परंत अधिकारियों द्वारा सॉफ्टवेयर में दो माह में जल्दी-जल्दी करने के आदेश दिए जाते है। इतने समय में तो जमाबंदी पढ़ी भी नही जा सकती। इतने कम समय में जमाबंदी तैयार करने से रिकार्ड की गुणवत्ता पर असर पडग़ा। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग की गई कि राजस्व रिकार्ड के हित के लिए जमाबंदी व गिरदावरी के लिए उचित निर्णय लिया जाए ताकि भविष्य के लिए अच्छा गुणवत्तायुक्त राजस्व रिकॉर्ड तैयार किया जा सके।

# विकास मंच ने दो सैनेटरी नैपकिन वैंडिंग मशीनें भेंट कीं

**शाहाबाद मारकंडा।** सामान्य वर्ग के निर्धन एवं मेधावी बच्चों को शिक्षा मे आर्थिक सहायता करने वाली शहर की एकमात्र सामाजिक संस्था शाहाबाद विकास मंच ने शहर के दो स्कूलों मे पौधारोपण कर एवं सैनेटरी नैपकिन मशीनें भेंट कर सादगी से अपना छठा स्थापना दिवस मनाया। चेयरमैन अशोक खुराना ने बताया कि मंच के सफलतापूर्वक 6 साल पूरे होने पर विश्वास पब्लिक स्कूल एवं श्री गीता विद्या मंदिर स्कूल शाहाबाद मे दो सैनेटरी नैपकिन वैंडिंग मशीनें भेंट की गई। मंच की महिला सदस्य सुष्मा आहुजा व सोनिया मलिक ने बताया कि स्कूल में छात्रा अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह रहती हैं । अब इन मशीनों से छात्राओं को आसानी से पैड उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर मंच के सदस्यों ने स्कूल में त्रिवेणी पौधा भी लगाया। इस कार्यक्रम में विश्वास स्कूल की प्रिंसिपल स्नेह राजपाल, गीता स्कूल के प्रिंसिपल पंकज शर्मा, मंच के संस्थापक एवं अध्यक्ष राजेश सिडाना, सोमांशु खुराना व स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

# ऑनर ने भारत में लॉन्च किया अपना पहला लैपटॉप

## ऑनर मैजिक बुक 15, ऐप गैलरी के साथ किफायती स्मार्ट फोन ऑनर-9 ए, ऑनर-9 एस भी किए पेश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**युवाओं** के लिए वैश्विक तौर पर एक अग्रणी ब्राण्ड ऑनर ने मंगलवार भारत में लैपटॉप वर्ग में अपना जलवा बिखेरने के साथ ही अपने किफायती स्मार्ट फोन के पोर्टफोलियो में विस्तार की भी घोषणा की है। अपनी 1+ 8+ एन इंटरनेट ऑफ थिंग्स रणनीति के तहत कंपनी ने ब्राण्ड का पहला लैपटॉप बाजार में उतारा है। जिसे ऑनर मैजिक बुक-15 नाम दिया गया है। यह भारत का पहला लैपटॉप है, जो तीन असाधारण इनोवेशन पर आधारित है। इसकी पेशकश प्री-इंस्टॉल्ड माइक्रोसॉफ्ट विंडोज 10 होम के साथ की गई है। सभी यूजर्स को माइक्रोसॉफट-365 पर्सनल सब्सक्रिप्शन का एक महीने का ट्रायल फ्री में मिलेगा। इसके अलावा, कंपनी ने ऑनर 9-ए और ऑनर 9-एस के साथ दस हजार रुपये से कम वाले वर्ग में स्मार्ट फोन की किफायती रेंज की भी घोषणा की है। ये ताजा पेशकश ऑनर की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। जिसके तहत वह यूजर्स की विभिन्न जरूरतों को पूरा करते हुए भारतीय उपभोक्ताओं को इनोवेटिव व प्रोग्रेसिव प्रोडक्ट मुहैया कराने में जुटा है।

भारत के लैपटॉप उद्योग के क्षेत्र में पूरी मजबूती के साथ दस्तक देने वाला ऑनर मैजिक बुक 15 भारत का पहला लैपटॉप है, जो तीन असाधारण इनोवेशन पर आधारित है। एक छिपा हुआ पॉप-अप वेबकैम यूजर्स की प्राइवेसी के लिए एक सेफगार्ड की तरह होता है।

## दलित महिला से मारपीट को लेकर डीएसपी से मिले ग्रामीण

**रादौर।** गांव अलाहर में कुछ लोगों द्वारा एक दलित महिला के साथ मारपीट करने व महिला को जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित करने के मामले को लेकर मंगलवार को गांव अलाहर के काफी संख्या में लोग डीएसपी रादौर रणधीर सिंह से उनके कार्यालय में मिले।

ग्रामीणों ने सरपंच अलाहर गोपाल कृष्ण के नेतृत्व में डीएसपी रादौर से मामले में नामजद लोगों को जल्द से जल्द गिरफतार करने की मांग की। डीएसपी रणधीर सिंह ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मामले में नामजद लोगों को जल्द गिरफतार किया जायेगा। गांव अलाहर के सरपंच गोपाल कृष्ण, सरदारा राम, पूर्व सरपंच सुरेश कुमार, सुखबीर, हरिसिंह, कृष्ण शर्मा, राकेश, बीरबल, करनैल सिंह, पवन कुमार आदि ने बताया कि 31 जुलाई की शाम को दलित समाज की एक महिला अपनी बेटी के साथ घर के सामने गली में चारपाई पर बैठी हुई थी।

# अनाज मंडी के प्रांगण में मनेगा स्वतंत्रता दिवस समारोह



पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**उपमंडल** अधिकारी नागरिक थानेसर कपिल शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को परम्परा अनुसार अनाज मंडी थानेसर के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष कोविड-19 की गाईडलाईंस को जहन में रखकर स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन होगा। इस समारोह के लिए सभी अधिकारी अपने-अपने विभागस्तर पर तैयारियां पूरी करना सुनिश्चित करेंगे।

एसडीएम कपिल शर्मा ने मंगलवार को देर सायं लघु सचिवालय के सभागार में 15 अगस्त की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के कारण इस वर्ष 15 अगस्त को बड़े स्तर के कार्यक्रम नहीं होंगे। इस राष्ट्रीय पर्व पर मुख्यातिथि शहीदी स्मारक पर शहीदों को श्रृद्धाजंलि देने के उपरांत अनाज मंडी कार्यक्रम स्थल में ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। इस वर्ष परेड में हरियाणा पुलिस और होमगार्ड के जवान ही शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि अपना सम्बोधन भी देंगे और इस कार्यक्रम में कोरोना योद्धाओं को सम्मानित भी करेंगे। इसलिए कोरोना योद्धाओं के नाम पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर परिषद और अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी 10 अगस्त तक भिजवाना सुनिश्चित करेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## डा. पंकज आइपीएस से बने अब आईएएस



**रेवाड़ी।** सरकारी स्कूल में पढ़कर पहले डॉक्टर फिर आईपीएस और अब आईएएस बनकर जिले के खंड खोल के गांव टींट निवासी डॉ. पंकज यादव ने इसे मिथ्या साबित कर दिया है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई अच्छी नहीं होती। पंकज यादव ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित परिणाम में देश भर में 56वां स्थान हांसिल किया है। डॉ. पंकज ने दो वर्ष पूर्व भी यूपीएससी की परीक्षा में 589वां स्थान हांसिल किया था। इसके आधार पर वे इंफाल में एएसपी के पद पर तैनात हैं। खंड खोल के गांव टींट निवासी सेवानिवृत प्राचार्य अभय सिंह यादव के पुत्र डॉक्टर पंकज यादव बचपन से ही मेघावी रहे हैं। रोहतक पीजीआईएमएस से एमबीबीएस करने के बाद दो वर्ष पहले यूपीएससी की परीक्षा दी थी। वह बतौर आईपीएस चयनित हुए। पंकज ने इस वर्ष हुई यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्णकर इस क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इधर खोरी स्कूल के प्राचार्य टेक चंद व स्टाफ सचिव मुकेश सैनी ने उनके चयन पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें ग्रामीणा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणापुंज बताया। उन्होंने कहा कि जल्द ही विद्यालय की ओर से डॉ. पंकज यादव व उनके माता-पिता को सम्मानित किया जाएगा।

## जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ पौधारोपण



**रादौर ।** एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया ने जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में पौधारोपण किया। इस मौके पर थाना प्रभारी दीपचंद ने फ्रंट के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा की हम सभी को पर्यावरण को अच्छा बनाने के लिए पौधारोपण अवश्य करना चाहिए। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा की सभी अपने जीवन में कम से कम 10 वृक्ष अवश्य लगाने चाहिए। वही कॉलेज के निदेशक डॉ संजीव गर्ग ने कहा की हमें अपने पर्यावरण को साफ सुथरा रखना चाहिए। एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के प्रभारी सचिन शांडिल्य ने बताया कि पुलिस प्रशासन कोरोना जैसी महामारी में तो हमारे साथ खड़ा है, वही आज पौधारोपण करके एक अच्छा संदेश दिया है। इस मौके पर दिनेश बख्शी,गौरव रोंटे, अमन शर्मा, कुलदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

## दो दिनों में हुई कोरोना से तीन मौतें, आंकड़ा पहुंचा 11 पर

**रेवाड़ी।** जिले में कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ ही अब इससे मरने वालों के आंकड़े में भी इजाफा हो रहा है। कोरोना से मंगलवार को हुई दो लोगों की मौत के साथ ही पिछले दो दिनों में तीन लोगों की जान चली गई। जिले में कोरोना के मरीजों की सं2या लगातार बढ़ती जा रही है। मंगलवार को भी जिले में कोरोना के 20 मरीज मिले, जिनमें से अकेले शहर से 10 पॉजिटिव पाए गए हैं। अभी तक जिले में कोरोना के १९०० केस सामने आए हैं, जिनमें से १५१७ ठीक हो गए हैं। वर्तमान में जिले में कोरोना के 375 एक्टिव केस हैं। सभी एक्टिव मरीजों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जिले में कोरोना से मरने वालों का आंकड़ा भी बढ़ रहा है। बीती शाम जहां शहर के पोस्ट ऑफिस के निकट रहने वाले एक कोरोना पॉजिटिव की मौत हो गई, वहीं मंगलवार की सुबह जिले के गांव मूंदी निवासी 95 वर्षीय एक बुजुर्ग की मौत हो गई। सोमवार को मोहल्ला छीपटवाड़ा निवासी 62 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। बता दें कि इन मरीजों की मौत की अभी जिला प्रशासन ने पुष्टि नहीं की है। यहां यह भी बता दें कि जिले में कोरोना से मरने वालों की संख्या अब पर पहुंच गई है।

## हरियाणा पब्लिसिटी सेल के चेयरमैन आज लेंगे बैठक

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पब्लिसिटी सेल के चेयरमैन रॉकी मितल ने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों का ओर बेहतर ढंग से प्रचार-प्रसार करने पर फोकस किया जाएगा। इस विभाग के अधिकारियों के माध्यम से सरकार की नीतियों को ओर बेहतर ढंग से लोगों तक पहुंचाया जाएगा, इसलिए प्रथम चरण में 7 जिलों के डीआईपीआरओ और एआईपीआरओ के साथ एक बैठक 5 अगस्त को पिपली पैराकीट के सभागार में होगी। बैठक में कुरुक्षेत्र, अम्बाला, पंचकूला, युमनानगर, करनाल, पानीपत, कैथल के डीआईपीआरओ और एआईपीआरओ भाग लेंगे।

## म्हारा हरियाणा हरा भरा हरियाणा अभियान में किया पौधारोपण

**रादौर ।** म्हारा हरियाणा हरा भरा हरियाणा अभियान ज़े तहत मंगलवार ज़ो हरियाणा हैल्थ केयर वर्कर बोर्ड के पूर्व चेयरमैन डॉ. ऋषिपाल सैनी ने शहीद उधम सिंह काम्बोज धर्मशाला रादौर में पौधारोपण ज़िया। पौधारोपण समय ज़ी मांग है। उन्होंने इन पौधो की देखरेख करने का भी संकल्प लिया। उन्होंने लोगों से भी अपील करते हुए कहा की हमें न केवल इस प्रकार के अभियान के तहत, बल्कि अन्य खुशी के मौकों पर भी पौधारोपण करना चाहिए। इस अवसर पर अमित कुमार, सर्जन सैनी, प्रवीण काम्बोज, संजय शर्मा, संजीव कश्यप आदि मौजूद रहे।

## इनसो ने स्थापना दिवस के पहले दिन किया पौधारोपण



**कैथल।** रक्तदान दूसरों की जिंदगी बचाने के साथ-साथ खुद के लिए भी लाभकारी है। रक्तदान करने से जहां दानकर्ता दूसरों की जिंदगी बचाने में मदद करता है वहीं खुद को भी स्वस्थ रखता है। ये विचार गुहला से विधायक ईश्वर सिंह ने व्यक्त किये। उन्होंने ईश्वर सिंह ने मंगलवार को इनसो के 18वें स्थापना दिवस के पहले दिन अग्रसेन धर्मशाला में आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। शिविर की शुरुआत इनसो प्रभारी अनिल बालकिया ने खून देकर की व अध्यक्षता इनसो के जिला प्रधान शुभम गुप्ता ने की। इस मौके पर इनसो राष्ट्रीय प्रभारी रणधीर चीका, जजपा प्रदेश सह-प्रवक्ता हरदीप एडवोकेट, हल्का प्रधान चंद्रभान दयोरा, युवा जिला प्रधान अनिल ढुल, जजपा युवा हल्का प्रधान सम्पूर्ण कोयल, वीरेंद्र ढांडा व विक्रम मियोली, बलराज नौच, इनसो जिला-महासचिव, महिला जिला उपप्रधान चांदनी मलिक, ओमप्रकाश खेड़ी, संदीप क्योड़क, गुरदेव मलिक, दीपा सांघन, कृष्ण बाजीगर, कुलदीप सीवन, बिट्टू शर्मा, विक्की गुजर, भूपी क्योड़क भी उपस्थित थे।

## भारतीय संस्कृति सकारात्मक शक्ति की उपासक

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान द्वारा मंगलवार को भारतीय संस्कृति में शक्ति उपासना विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। संस्थान द्वारा आयोजित सातवें व्याख्यान में डॉ. राजेश्वर प्रसाद मिश्र, अधिष्ठाता शैक्षणिक, महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, मूदड़ी, कैथल मुख्य-वक्ता रहे। संस्थान के निदेशक डॉ. रामेन्द्र सिंह ने अतिथि परिचय करवाया। मुख्य वक्ता डॉ. राजेश्वर प्रसाद मिश्र ने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व की ऐसी संस्कृति है जिसे विश्ववारा के नाम से जाना जाता है। भारत विश्वगुरु हमारी इसी संस्कृति के कारण बना था।

### टाइम्स स्क्वॉयर पर दिखेंगी भगवान राम की छवियां और राम मंदिर के थ्रीडी चित्र

# राम मंदिर शिलान्यास समारोह का जश्न मनाएंगे भारतीय और अमेरिकी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मंदिरों ने अयोध्या में ऐतिहासिक राम मंदिर के शिलान्यास समारोह का जश्न मनाने के लिए विशेष कार्यक्रमों की घोषणा की है। जिसके तहत एक झांकी ट्रक राम मंदिर की डिजिटल तस्वीरों को प्रदर्शित करते हुए मंगलवार को अमेरिकी कैपिटल हिल के चक्कर लगाएगा। हिंदू समुदाय के नेताओं ने यह जानकारी दी।

मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन समारोह अयोध्या की पावन नगरी में पांच अगस्त को होगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। अमेरिका भर के मंदिर विशेष पूजा एवं अर्चना करेंगे जबकि बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकियों ने कहा कि वे राम मंदिर के भूमि पूजन का जश्न मनाने के लिए दीया जलाएंगे।

**अमेरिका में एक झांकी ट्रक राम मंदिर की डिजिटल तस्वीरों को प्रदर्शित करता कैपिटल हिल के लगाएगा चक्कर**

**भारतीय-अमेरिकियों ने कहा, वे राम मंदिर के भूमि पूजन का जश्न मनाने को दीपक जलाएंगे**

वाशिंगटन डीसी के और आस-पास के भारतीय-अमेरिकियों ने कहा कि श्री राम मंदिर पर बड़े एलईडी



प्रदर्शनी के साथ एक झांकी ट्रक मंगलवार रात को कैपिटल हिल और व्हाइट हाउस के चक्कर लगाएगा। यहां समुदाय के नेताओं की ओर से जारी बयान में कहा गया, विश्व भर के एक अरब हिंदुओं के लिए पवित्र स्थल पर ऐतिहासिक मंदिर निर्माण की शुरुआत के उपलक्ष्य में अयोध्या श्रीराम मंदिर झांकी ट्रक अमेरिकी कैपिटल हिल के चक्कर लगाएगा।

हिंदू मंदिर कार्यकारी सम्मेलन और हिंदू मंदिर पुजारी सम्मेलन ने इस समारोह का आनंद लेने के लिए पूरे अमेरिका में डिजिटल रूप से सामूहिक राष्ट्रीय प्रार्थना करने का भी आह्वान किया है। इसी तरह न्यूयॉर्क शहर में भी, हिंदू समुदाय के नेताओं ने ऐतिहासिक अवसर का जश्न मनाने का फैसला किया है। प्रतिष्ठित टाइम्स स्कॉयर में विशाल होर्डिंग पर पांच अगस्त को भगवान राम की छवियां और अयोध्या के राम मंदिर के थ्री डी चित्र नजर आएंगे। समुदाय के प्रमुख नेता एवं अमेरिका भारत जन मामला समिति के अध्यक्ष जगदीश सेवहानी ने कहा कि इस अवसर के लिए जिन प्रमुख होर्डिंग को लीज पर लिया गया है। उनमें विशाल नैसडेक स्क्रीन और 15,000 वर्ग फीट का एलईडी डिसप्ले स्क्रीन शामिल है जिन्हें विश्व का सबसे बड़ा लगातार चलने वाले बाहरी डिसप्ले के रूप में माना जाता है।

## चीन और हांगकांग में कोरोना वायरस संक्रमण के दिखे कुछ मामले

**बीजिंग।** चीन और हांगकांग में मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के कुछ नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही वायरस पर नियंत्रण के लिए नए एवं प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। चीन में संक्रमण के 36 नए मामले सामने आए हैं जबकि इससे एक दिन पहले यहां 43 मामले सामने आए थे।

नए मामलों में से शिनजियांग के उत्तर पश्चिम क्षेत्र में 28 और लियोनिंग प्रांत में दो मामले सामने आए हैं। वहीं छह मामले विदेश से आने वाले चीन के नागरिकों से जुड़े हैं। हालांकि संक्रमण से किसी भी व्यक्ति के मरने की खबर नहीं है।

चीन में इस खतरनाक वायरस से अब तक 4,634 लोगों की जान गई है। 84,634 लोग संक्रमित हो चुके हैं। वहीं हांगकांग में पिछले 24 घंटे में 78 नए मामले सामने आए हैं।

# कोविड-19 से दुनिया भर में 1.6 अरब छात्र प्रभावित : गुतारेस

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव के शिक्षा पर संक्षिप्त नीतिगत बयान में कहा गया है कि कोविड-19 महामारी ने इतिहास में शिक्षा के क्षेत्र में अब तक का सबसे लंबा अवरोध पैदा किया है। इससे सभी देशों और महाद्वीपों के करीब 1.6 अरब छात्र प्रभावित हुए है, वहीं इसके अतिरिक्त 2.38 करोड़ बच्चे अगले साल स्कूल की पढ़ाई बीच में छोड़ सकते हैं।

दस्तावेज जारी करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने एक वक्तव्य में कहा, शिक्षा व्यक्तिगत विकास और समाज के भविष्य की कुंजी है। यह अवसर खोलती है और असमानता को दूर करती है। यह ज्ञानवान, सहिष्णु समाज का मेरुदंड तथा सतत विकास का प्राथमिक संचालक होती है। कोविड-19 महामारी ने अब तक के इतिहास में

**160 से अधिक देशों में स्कूल बंद होने से एक अरब से अधिक छात्र प्रभावित**

**अभी भी 2.38 करोड़ बच्चे अगले साल तक स्कूल की पढ़ाई छोड़ सकते हैं बीच में**

शिक्षा के क्षेत्र में सबसे लंबा अवरोध पैदा किया है। उन्होंने कहा कि जुलाई के मध्य में 160 से अधिक देशों में स्कूल बंद कर दिए गए जिससे एक अरब से अधिक छात्र प्रभावित हुए और दुनियाभर में कम से कम चार करोड़ बच्चे अपने स्कूल के शुरुआती



महत्वपूर्ण समय में शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके। इसके अनुसार महामारी ने शिक्षा में असमानता को बढ़ाया है और लंबे समय तक स्कूलों के बंद रहने से पढ़ाई को हुए नुकसान से पिछले कुछ दशकों में हुई प्रगति के बेकार होने का खतरा है। दस्तावेज के अनुसार, इनके अतिरिक्त करीब 2.38 करोड़ बच्चे और युवा (प्रारंभिक से उच्च माध्यमिक तक) केवल महामारी के आर्थिक असर की वजह से अगले साल पढ़ाई छोड़ सकते हैं या उससे वंचित रह सकते हैं। गुतारेस ने कहा कि दुनिया के सामने असमानता का अस्थाई स्तर है और ऐसे में हमें शिक्षा की हमेशा से अधिक जरूरत है जो समानता प्रदान करती है। उन्होंने कहा, हमें भविष्य के लिहाज से समावेशी, लचीली और गुणवत्तापरक शिक्षा प्रणाली के लिए साहसिक कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा, शारीरिक रूप से अक्षम, अल्पसंख्यक, वंचित तबकों, विस्थापित और शरणार्थी छात्रों तथा दूरदराज के इलाकों में रहने वाले छात्रों के पिछड़ने का जोखिम बहुत अधिक है। संरा प्रमुख ने कहा कि दुनिया शिक्षण संकट से पहले ही जूझ रही है। महामारी से पहले भी 25 करोड़ से अधिक बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे थे।

# ट्रंप नर्सिंग होम योजना में मुफ्त कोविड-19 जांच की आपूर्ति सीमित होगी

**वाशिंगटन।** ट्रंप प्रशासन प्रत्येक नर्सिंग होम को एक त्वरित कोविड-19 जांच मशीन देने की योजना बना रहा है, लेकिन उसमें यह शर्त लागू होगी कि सरकार स्टाफ और रेजिडेंट्स की जांच के लिए शुरुआती कुछ एक बार जांच किट उपलब्ध कराने के बाद ये किट उपलब्ध नहीं कराएगी।

पिछले महीने जब व्हाइट हाउस में इस योजना की घोषणा की गई थी तब यह महत्त्वपूर्ण बदलाव लग रहा था, लेकिन अब इसे लेकर चिंता उत्पन्न हो गई है कि यह नर्सिंग होमों के लिए किया गया एक और आधा-अधूरा वादा साबित न हो जाए। कुछ अनुमान के मुताबिक नर्सिंग होम के स्टाफ और रेजिडेंट अमेरिकी आबादी का छोटा सा हिस्सा है लेकिन कोरोना वायरस से होने वाली 10 में से चार मौतें यहीं हो रही हैं। गैर लाभकारी नर्सिंग होम और वृद्ध देखभाल केंद्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले राष्ट्रीय समूह की शाखा, टेक्सास के लीडिंग एज के अध्यक्ष, जॉर्ज लिनियल ने कहा, मेरे विचार में सबसे बड़ा भय यह है कि उपकरण मुहैया तो कराए जाएंगे लेकिन अगर आपके पास जांच किट नहीं होगी तो इसका कोई फायदा नहीं होगा। राष्ट्रीय संगठन के अनुमान के मुताबिक कर्मचारियों की हर सप्ताह जांच करने में 19,000 डॉलर (1,42,000 रूपये) से 38,000 डॉलर (2,85,000 रूपये) से अधिक का खर्च आ सकता है। स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग के टेस्टिंग जार के एडमिरल ब्रेट गिरिओइर ने हाल में संवाददाताओं को बताया था कि सरकार केवल इतनी जांच किट उपलब्ध कराएगी कि रेजिडेंट्स की एक बार और स्टाफ की दो बार जांच हो सके। लेकिन गिरोइर ने बताया कि अधिकारियों ने निर्माताओं के साथ प्रबंध किए हैं।

# डाक मतदान फैसले पर ट्रम्प मुकदमा कराएंगे

**कार्सन सिटी।** नेवेदा के गवर्नर स्टीव सिसोलक ने कोरोना वायरस के मद्देनजर नवम्बर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले मतदाताओं को लंबी-लंबी कतारों से बचाने के लिए डाक से मतदान की व्यवस्था सुनश्चित करने को एक विधेयक पर सोमवार को हस्ताक्षर किए।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार इस कदम की आलोचना कर रहे हैं और उन्होंने इसे रोकने के लिए मुकदमा करने की धमकी भी दी है। डेमोक्रेट सिसोलक ने कहा, इस विधेयक के जरिए चुनाव अधिकारियों को इन अभूतपूर्व परिस्थितियों में सुलभ, सुरक्षित चुनाव कराने में मदद मिलेगी। नेवेदा के आलावा सात राज्य पहले ही कोरोना वायरस के मद्देनजर मतदाताओं को डाक मतपत्र भेजने की योजना बना चुके हैं। ट्रंप का दावा है कि डाक मतदान से चुनाव की अखंडता प्रभावित हो सकती है हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसा होने की आशंका बहुत ही कम है। इसके तहत कोविड-19 महामारी के दौरान अमेरिकी नागरिक मतदान



करने के लिए मतदान केंद्रों तक जाने और कतारों में लगने से बचने के लिए डाक से मतदान का विकल्प चुन सकते हैं। ट्रम्प ने हालांकि इस कदम की काफी आलोचना की है। व्हाइट हाउस में दोबारा पहुंचने की जद्दोजहद में लगे ट्रम्प ने दलील दी कि डाक से मतदान (मेल-इन वोटिंग) से चुनाव में गड़बड़ी हो सकती है।

ट्रम्प ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि उन्होंने मंगलवार को नेवेदा के खिलाफ मुकदमा करने का फैसला किया है। उन्होंने डाक मतपत्र को अमेरिका के लिए एक बड़ी शर्मनाक बात करार दिया।

# अफगानिस्तान के सुरक्षाबलों ने इस्लामिक स्टेट के कब्जे से छुड़ाई जेल, 39 की मौत

**जलालाबाद।** पूर्वी अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत की राजधानी जलालाबाद में आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) के आतंकियों के साथ घंटों तक चली मुठभेड़ के बाद सेना ने एक जेल को अपने नियंत्रण में ले लिया। इस्लामिक स्टेट के हमले में अब तक हमलावरों समेत 39 लोग मारे जा चुके हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

समझा जाता है कि इस जेल में आईएस के सैंकड़ों कैदी हैं और हमलावर करीब 400 कैदियों को आजाद कराने में सफल रहे। इस हमले से अफगानिस्तान के समक्ष आने वाले चुनौतियों का संकेत मिलता है। अमेरिका द्वारा तालिबान के साथ शांति संधि करने के बाद अमेरिका और नाटो के सैनिक वापस जाने लगे हैं। इससे पहले, रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता फवाद अमान ने बताया कि काबुल से करीब 115 किलोमीटर दूर जलालाबाद में सुरक्षाबलों ने सोमवार को इस जेल को अपने नियंत्रण में ले लिया। हमले में कम से कम 50 घायल भी हुए।



जेल को सुरक्षाबलों द्वारा अपने नियंत्रण में ले लेने के कई घंटे बाद भी आतंकवादी आसपास की इमारतों से रुक-रुक कर गोलीबारी करते रहे।

प्रांतीय परिषद सदस्य अजमल उमर ने बताया कि मारे गए लोगों में कम से कम 10 आईएस के आतंकवादी हैं जो जलालाबाद में जेल से अपने साथियों को रिहा करने के लिए किए गए हमले में शामिल थे। बाकी कैदी, नागरिक और अफगान बल हैं। इस संबंध में कोई आधारिक जानकारी नहीं दी गई। रविवार को तब हमला शुरू हुआ था जब इस्लामिक स्टेट के एक आत्मघाती बम हमलावर विस्फोटक से लदा एक वाहन लेकर जेल के गेट पर पहुंचा और उससे धमाका कर दिया। इसी बीच इस्लामिक स्टेट के दूसरे आतंकवादी गोलियां चलाने लगे और अंदर घुस गए। हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट समूह से संबद्ध एक संगठन ने ली है जिसे खुरासान प्रांत में आईएस के नाम से जाना जाता है। इस आतंकवादी संगठन ने नंगरहार प्रांत में अड्डा बनाया है। समझा जाता है कि जलालाबाद में सैंकड़ों कैदी इस्लामिक स्टेट के सदस्य हैं।

यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब एक दिन पहले ही अधिकारियों ने बताया था कि अफगान विशेष बलों ने जलालाबाद के निकट आईएस के एक शीर्ष आतंकी कमांडर को मार गिराया है। आईएस के आतंकवादियों का तालिबान के साथ संघर्ष चल रहा है। तालिबान के राजनीतिक प्रवक्ता सुहेल शाहीन ने एपी को बताया कि जलालाबाद जेल हमले में उनका समूह शामिल नहीं है। अमेरिका ने तालिबान के साथ फरवरी में शांति समझौता किया था। उन्होंने कहा, हमारा संघर्ष विराम चल रहा है और देश में कहीं भी इस तरह के हमले में हम शामिल नहीं हैं। तालिबान ने ईद के मद्देनजर शुक्रवार से तीन दिन के संघर्ष विराम का ऐलान किया था।

## वित्तीय घोटाले की जांच : स्पेन के पूर्व राजा ने देश छोड़कर जाने की बात की

**मैड्रिड।** वित्तीय घोटाले की जांच के बीच स्पेन के पूर्व राजा जुआन कार्लोस प्रथम स्पेन छोड़कर किसी अन्य देश में रहने जा रहे हैं। अभी उस देश का नाम नहीं बताया गया है। शाही परिवार की वेबसाइट पर सोमवार को प्रकाशित एक पत्र से यह जानकारी मिली है जिसे जुआन कार्लोस ने अपने बेटे राजा फिलीप षष्टम को लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा, मैं तुम्हें इस काल में स्पेन से बाहर जाने के फैसले की जानकारी दे रहा हूं।

उन्होंने कहा कि वह अपने निजी जीवन के कुछ निश्चित घटनाओं की सार्वजनिक प्रतिक्रिया के तहत यह फैसला ले रहे हैं। उन्होंने पत्र में कहा है कि वह अपने बेटे के लिए मुश्किलें नहीं खड़ी करना चाहते हैं। अभी जुआन कार्लोस कहां रह रहे हैं, इसकी जानकारी नहीं है। स्पेन के प्रधानमंत्री ने हाल ही में कहा था कि स्पेन और स्विट्जरलैंड में वह जुआन कार्लोस से जुड़ी जांचों को वह निराशाजनक पाते हैं। स्पेन में उच्चतम न्यायालय ने इस साल की शुरुआत में इस संबंध में जांच शुरू की थी।

# हाउसिंग डेवलपमेंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का होगा अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** अडाणी प्रॉपर्टीज, सुरक्षा एसेट रिकंस्ट्रक्शन और सनटेक रीयल्टी सहित छह कंपनियों ने दिवाला समाधान प्रक्रिया के तहत कर्ज के बोझ से दबी हाउसिंग डेवलपमेंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि. (एचडीआईएल) के अधिग्रहण में रुचि दिखाई है। शेयर बाजारों को यह जानकारी दी गई है। अडाणी प्रॉपर्टीज और सुरक्षा ग्रुप ने जेपी इंन्फ्राटेक की दिवाला समाधान प्रक्रिया में भी हिस्सा लिया था। हालांकि, बाद में जेपी का अधिग्रहण सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीसीसी ने किया था।

एचडीआईएल दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी), 2016 के प्रावधानों के तहत कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) में है। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में एचडीआईएल ने समाधान प्रक्रिया में भाग लेने वाली संभावित कंपनियों की शुरुआती सूची साझा की है। एचडीआईएल के अधिग्रहण के लिए

**अडाणी ग्रुप, सुरक्षा, सनटेक रीयल्टी ने एचडीआईएल के अधिग्रहण के लिए रुचि पत्र जमा कराया**

सबसे पहले रुचि पत्र (ईओआई) फरवरी में प्रकाशित किया गया था। उसके बाद से इसमें कई बार संशोधन किया गया है।

सूचना में कहा गया है कि ईओआई जमा कराने की अंतिम तारीख 31 जुलाई, 2020 थी। समाधान पेशेवर को इच्छुक पक्षों से छह ईओआई मिले हैं। इससे पहले इंटरनेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी, एनएस सॉफ्टवेयर तथा हर्ष वर्धन रेड्डी ने भी ईओआई जमा कराया था, लेकिन उन्हें पात्र नहीं पाया गया। इंटरनेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी ने आईबीसी की धारा 29ए के तहत आवश्यक फॉर्मेट में शपथपत्र नहीं दिया था। यदि कंपनी इसे आठ अगस्त तक जमा करा देती है तो वह फिर पात्र हो जाएगी। वहीं एनएस सॉफ्टवेयर और हर्ष वर्धन रेड्डी न्यूनतम 500 करोड़ रुपये के नेटवर्थ या प्रबंधन के तहत 2,000 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियां या 250 करोड़ रुपये के प्रतिबद्ध कोष के मानदंड को पूरा नहीं कर पाईं। सूचना में कहा गया है कि शुरुआती सूची जारी करने की तारीख आठ अगस्त के बाद पांच दिन तक किसी संभावित समाधान आवेदक को शामिल करने या बाहर करने के लिए दस्तावेजों के साथ दावा किया जा सकता। इसमें कहा गया है कि समाधान पेशेवर को प्राप्त आपत्तियों पर गौर करने के बाद संभावित समाधान आवेदकों (पीआरए) की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। फिलहाल एचडीआईएल के प्रवर्तक राकेश और सारंग वाधवन पंजाब एंड महाराष्ट्र कोऑपरेटिव बैंक के करोड़ों रुपए के घोटाले के सिलसिले में जेल में हैं।

## चीन के शांघाई, तटीय इलाकों में प्रचंड तूफान के कारण आंधी, भारी बारिश

**बीजिंग।** चीन के आर्थिक केंद्र शांघाई समेत पूर्वी तटीय इलाकों में मंगलवार की सुबह प्रचंड तूफान के कारण तेज आंधी और भारी बारिश हुई। चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि तूफान हगीपुट ने तड़के साढ़े तीन बजे झेजियांग प्रांत में दस्तक दी जहां उसके केंद्र में प्रति घंटे 136.8 किलोमीटर की गति से हवाएं चल रहीं थी। यह करीब 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर की तरफ बढ़ रहा है और इसके धीरे-धीरे उत्तरपूर्वी दिशा में मुड़ने की संभावना है जो बुधवार सुबह फिर से समुद्र की तरफ मुड़ेगा और कोरिया प्रायद्वीप की दिशा में बढ़ेगा। चीन ने झेजियांग और फुजियान प्रांत के संवेदनशील तटीय इलाकों से लोगों को खाली कराकर दक्षिण में भेजने का आदेश दिया है, मछली पकड़ने वाली नौकाओं को वापस बुलाया है और समुद्र के आर-पार ले जाने वाली सेवाओं तथा कुछ ट्रेनों के परिचालन पर रोक लगा दी है। तूफान से किसी तरह के नुकसान या किसी

# स्पाइसजेट अगले माह से ब्रिटेन को उड़ान भरेगी

**मुंबई।** बजट विमानन कंपनी स्पाइसजेट को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर स्लॉट मिल गया है। इससे एयरलाइन अगले महीने से लंदन के लिए उड़ानें शुरू कर सकेगी। स्पाइसजेट ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि एयर बबल करार के तहत उसे ए स्लॉट मिले हैं। अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू होने के बाद इसका विस्तार कर उसे नियमित उड़ान सेवा की अनुमति दी जाएगी।

एयर बबल एक द्विपक्षीय व्यवस्था है, जिसमें दो देशों की एयरलाइंस कुछ नियमनों और अंकुशों के साथ अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन कर सकती हैं। स्पाइसजेट ने कहा, उसे एक सितंबर से उड़ानों के परिचालन के लिए हीथ्रो हवाई अड्डे पर स्लॉट मिल गया है। यह भारत और ब्रिटेन के बीच बबल करार के तहत है। यह गर्मियों की सारिणी समाप्त होने यानी 23 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगा। एयरलाइन ने कहा कि नियमित परिचालन शुरू होने के बाद इसका



विस्तार किया जाएगा। कोविड-19 महामारी की वजह से भारत में 22 मार्च से सभी अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक उड़ानें बंद हैं। हालांकि, इस दौरान दूसरे देशों में फंसे अपने नागरिकों को लाने के लिए तथा चार्टर उड़ानों का परिचालन किया जा रहा है। स्पाइसजेट ने कहा कि सर्दियों की समयसारिणी में नियमित परिचालन को स्लॉट लेने के लिए उसकी बातचीत अग्रिम चरण में है। भारत में एयरलाइंस के लिए सर्दियों की सारिणी अक्टूबर के आखिरी शनिवार को शुरू होकर मार्च के आखिरी में समाप्त होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### कमजोर मांग से सोना वायदा कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** कमजोर हाजिर मांग के कारण कारोबारियों ने अपने सौदों की कटान की। जिससे वायदा बाजार में मंगलवार को सोना 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 53,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अगस्त महीने में डिलीवरी सोना अनुबंध की कीमत 197 रुपए यानी 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 53,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। इसमें 459 लॉट के लिए कारोबार हुआ। हालांकि, सोने के अक्टूबर महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 24 रुपये यानी 0.04 प्रतिशत की तेजी के साथ 53,741 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। इसमें 16,606 लॉट के लिए कारोबार हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार, न्यूयॉर्क में सोना 0.37 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,993.70 डॉलर प्रति औंस हो गया।

### अमेरिका में भारतीय मूल की अनुसंधानकर्ता की हत्या

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में भारतीय मूल की एक अनुसंधानकर्ता की हत्या कर दी गई। घटना के वक्त वह जॉगिंग कर रही थीं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक शर्मिष्ठा सेन (43) टेक्सास के प्लानो शहर में रहती थीं। एक अगस्त को चिशोल्म ट्रेल पार्क के पास जॉगिंग करते समय उन पर अचानक से हमला किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। डब्ल्यूएफएए डॉट कॉम की एक रिपोर्ट के अनुसार लीगेसी ड्राइव और मार्चमैन वे के पास क्रीक इलाके में एक राहगीर ने उनके शव को देखा। शर्मिष्ठा फार्मासिस्ट और अनुसंधानकर्ता थीं, जो कैंसर रोगियों के लिए काम करती थीं। उनके दो बेटे हैं। इस मामले में एक संदिग्ध को लूटपाट के आरोपों में गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी पहचान 29 वर्षीय बकारी एबियोना मोनक्रीफ के तौर पर की गई है। एथलीट रहीं शर्मिष्ठा हर सुबह चिशोल्म ट्रेल में दौड़ लगाती थीं।

### उत्तर कैरोलिना से टकराया तूफान इसायस

**नॉर्थ मिर्टल बीच ( अमेरिका )।** तूफान इसायस सोमवार को उत्तर कैरोलिना के ओशन आइल तट के निकट टकराया। राष्ट्रीय तूफान केंद्र ने यह जानकारी दी। तूफान रात ग्यारह बजे के बाद यहां पहुंचा तथा इस दौरान 136 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही थीं। तट के नजदीक की दुकानें तथा रेस्तरां पहले ही बंद हो चुके थे। समुद्र तट सुनसान थे। अमेरिका के राष्ट्रीय तूफान केंद्र ने सागर किनारे रहने वालों के लिए चेतावनी जारी की है। सेंटर के वरिष्ठ तूफान विशेषज्ञ डेनियल ब्राउन ने कहा, भारी बारिश के कारण पूर्वी कैरोलिनास, अटलांटिक के कुछ हिस्से तथा उत्तरपूर्वी अमेरिका में अचानक बाढ़ आ सकती है। उष्णकटिबंधीय तूफान की चेतावनी अमेरिकी राज्य मेने तक के लिए जारी की गई है, जिसमें कहा गया है कि कुछ इलाकों में बुधवार को आकस्मिक बाढ़ आने की आशंका है।इसायस रात ग्यारह बजे एक उष्णकटिबंधीय तूफान से अधिक गंभीर होकर पहली श्रेणी के तूफान में बदल गया। तूफान केंद्र ने कहा कि इसायस मंगलवार को दक्षिण उत्तर कैरोलिना में पहुंचेगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को इसायस को बहुत गंभीर बताया था। इस तूफान के कारण अब तक दो लोगों की मौत हुई है। ट्रंप ने कहा था, तूफान का वेग बढ़ने और इसके कारण बाढ़ आने की आशंका है। सभी सतर्क रहें और इसके गुजरने का इंतजार करें।

### कमजोर मांग से कच्चा तेल वायदा कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** कमजोर हाजिर मांग के कारण कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को कम किया। जिससे वायदा कारोबार में मंगलवार को कच्चातेल की कीमत एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,072 रुपये प्रति बैरल रह गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चातेल के अगस्त माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 31 रुपये अथवा एक प्रतिशत की हानि के साथ 3,072 रुपये प्रति बैरल रह गई जिसमें 3,973 लॉट के लिए कारोबार हुआ। कच्चातेल के सितंबर माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 30 रुपये अथवा 0.96 प्रतिशत की हानि के साथ 3,102 रुपये प्रति बैरल रह गई। जिसमें 86 लॉट के लिए कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चातेल की कीमत 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 40.89 डॉलर प्रति बैरल रह गई, जबकि ब्रेंट क्रूड की कीमत 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 44 डॉलर प्रति बैरल रह गई।

### हाजिर मांग और वैश्विक संकेतों से चांदी वायदा कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।** सकारात्मक वैश्विक संकेतों और मजबूत हाजिर मांग के कारण कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को बढ़ाया। जिससे वायदा कारोबार में मंगलवार को चांदी की कीमत 23 रुपये की तेजी के साथ 65,771 रुपये प्रति किग्रा हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी के सितंबर महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 23 रुपये अथवा 0.03 प्रतिशत की तेजी के साथ 65,771 रुपये प्रति किग्रा हो गई जिसमें 14,131 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि सकारात्मक घरेलू बाजार के रुख के कारण कारोबारियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे चांदी वायदा कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में, चांदी की कीमत 0.34 प्रतिशत की तेजी के साथ 24.50 डॉलर प्रति औंस हो गई।

### चीन और हांगकांग में कोरोना संक्रमण के कुछ मामले

**बीजिंग।** चीन और हांगकांग में मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के कुछ नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही वायरस पर नियंत्रण के लिए नए एवं प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। चीन में संक्रमण के 36 नए मामले सामने आए हैं जबकि इससे एक दिन पहले यहां 43 मामले सामने आए थे। नए मामलों में से शिनजियांग के उत्तर पश्चिम क्षेत्र में 28 और लियोनिंग प्रांत में दो मामले सामने आए हैं। वहीं छह मामले विदेश से आने वाले चीन के नागरिकों से जुड़े हैं। हालांकि संक्रमण से किसी भी व्यक्ति के मरने की खबर नहीं है। चीन में इस खतरनाक वायरस से अब तक 4,634 लोगों की जान गई है और 84,634 लोग संक्रमित हो चुके हैं। वहीं हांगकांग में पिछले 24 घंटे में 78 नए मामले सामने आए हैं। करीब दो सप्ताह में ऐसा हुआ है जब दहाई संख्या में मामले सामने आए हैं। यहां सार्वजनिक स्थलों पर मास्क पहनने, रेस्त्रां के भीतर बैठकर खाना खाने पर रोक लगाने के साथ ही जांच बढ़ाने जैसे कदम उठाए गए हैं।

### ग्यारह सितम्बर के हमले में क्षतिग्रस्त चर्च का निर्माण शुरू

**न्यूयॉर्क।** वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर 11 सितंबर, 2001 में हुए हमले में क्षतिग्रस्त हुए चर्च के स्थान पर ग्रीक ऑर्थोडॉक्स चर्च का निर्माण का फिर कार्य शुरू हो गया है। वित्तीय बाधाओं की वजह से पिछले तीन साल से इस चर्च का निर्माण रूका हुआ था। अमेरिका में ग्रीक ऑर्थोडॉक्स चर्च के आर्चबिशप इलपीडोफोर्स ने निर्माणाधीन चर्च के गलियारे में खड़े होकर पवित्र जल का छिड़काव करते हुए वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में सेंट निकोलस ग्रीक ऑर्थोडॉक्स चर्च और राष्ट्रीय तीर्थस्थल के निर्माण के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा, हमने ईश्वर की आवाज सुनी और हम इस चर्च का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह चर्च पहले वाले चर्च से भी ज्यादा भव्य होगा। इस चर्च की लागत 2013 में 20 मिलियन डॉलर तय की गई थी जो कि अब बढ़कर 86 मिलियन डॉलर हो गई है।

### दक्षिणी कैलिफोर्निया के जंगल में वाहन से लगी थी भीषण आग

**बैनिंग ( अमेरिका )।** लॉस एंजिलिस के पूर्व में स्थित पहाड़ों के जंगलों में आग एक डीजल वाहन में आई गड़बड़ी के चलते लगी थी। जिसके कारण हजारों लोगों को अपना घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। दमकल विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। कैलिफोर्निया वन एवं अग्नि संरक्षण विभाग की ओर से जारी बयान के मुताबिक वाहन की निकास प्रणाली से जलता हुआ कार्बन निकलने की वजह से चैरी वैली में ओक ग्लेन रोड पर शुक्रवार को कई स्थानों पर आग लग गई थी और अधिकारियों ने ऐसे वाहन को देखने वाले किसी भी व्यक्ति को जांचकर्ताओं से संपर्क करने को कहा था। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कैलिफोर्निया के कई जंगलों में लगी आग में से, रिवरसाइड काउंटी में उठी लपटों ने शुक्रवार से अब तक 106 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र की सूखी झाड़ियों और लकड़ियों को जलाकर खाक कर दिया है। अमेरिकी रेड क्रॉस के प्रवक्ता जॉन मेडिना ने कहा कि सोमवार दोपहर तक, आग पर महज पांच प्रतिशत तक काबू पाया जा सका था और इस आग तथा कोरोना वायरस को लेकर उठाए जा रहे एहतियाती कदमों के कारण एक आश्रय स्थल पर और तनाव पैदा कर दिया है। प्रभावित क्षेत्र से लोगों को निकालने वाले स्वयंसेवियों को शारीरिक दूरी के इस समय में उनसे करीब से संपर्क में आना पड़ा। यह आग उस वक्त लगी जब पूर्वी लॉस एंजिलिस से करीब 137 किलोमीटर दूर बियूमॉन्ट शहर के पास ग्रामीण इलाके में आग लगने की दो और घटनाएं हो रही थी। आग की लपटें तेजी से बढ़ते हुए घरों के करीब तक आ गईं।

# अवध के गांवों में राम और अयोध्या का गुणगान करते भक्ति लोक गीतों की बहार

अमृत मोहन। लखनऊ



**अयोध्या** में श्री राम मंदिर के पांच अगस्त को होने वाले भूमि पूजन कार्यक्रम से पहले अवध के गांवों में राम और अयोध्या का गुणगान करते भक्ति लोक गीतों की बहार आ गई है। ये गीत न सिर्फ मंदिरों, बल्कि घरों और चौपालों पर भी पूरी भक्ति, उल्लास और उत्साह के साथ गाए जा रहे हैं।

प्रसिद्ध लोक गायक राम कैलाश यादव की आवाज के जादू से सजा राम लखन जब आए नगर में हो, पूछन लागीं सब नारी, सीता राम से भजौ प्रमुखता से गाया जा रहा है। यादव प्रतापगढ़ के हैं और जिले में हर जगह ए गीत सुनाई पड रहा है। अयोध्या में इस समय जय जय गगन धुन छाई हो, राम आए अवध में भजन की भी धूम है। राम और राम नगरी अयोध्या पर गीतों को लेकर तमाम प्रयोग करने वाले गीतकार विजय चंचल ने बताया कि इस भजन को शिवधान ने ठेठ अवधी अंदाज में गाया है। चंचल बताते हैं कि अयोध्या की गलियों और गांवों से गुजरते वक्त ए गीत अकसर सुनाई पड जाता है। शिशु जन्म पर गाए जाने वाले और फिलहाल अयोध्या के हर घर में इस सोहर की धूम है।

चंचल के अनुसार अवध के हर तीज त्योहार, विवाह, पवित्र कार्य, मानवीय संबंधों के ताने बाने और नौटंकी एवं रामलीला सहित सांस्कृतिक धार्मिक कार्यक्रमों में राम और उनकी महिमा का बखान अवश्य होता है। शिशु जन्म पर गाए जाने वाले गीत भी राममय होते हैं। उन्होंने कहा कि अवधी लोकगीतों पर लंबे समय से काम कर रही अनुजा शुक्ला ने लखनऊ विश्वविद्यालय में अनुसंधान के दौरान उपहार सीरीज में भी इसका उल्लेख किया है। अयोध्या निवासी रत्नाकर दुबे ने बताया कि गीतकार एवं गायक बाबा देवेन्द्र दास देवेन्द्र पाठक द्वारा गाया गीत कौशल्या के जन्मे ललनवा, अवध में बाजे बजनवा हो, दशरथ के जन्मे ललनवा, अवध में बाजे बजनवा हो भी इस समय अयोध्या की गली गली में गाया जा रहा है। दुबे ने बताया कि बिहार में मानस के प्रसिद्ध गायक स्वर्गीय गायत्री कुमार जी ठाकुर की रचना ऐसन मनोहर मंगल मूरत, सुहावन सुंदर सूरत हो, जो सोहर है, खूब सुनी सुनाई जा रही है। समाजसेवी शिवम कुमार ने कहा कि पूरी अयोध्या राममय हो चुकी है। मूल रूप से अयोध्या के रहने वाले कुमार दो दिन पहले ही वहां से लौटे हैं। उन्होंने कहा कि रामचंद्र बनरा बने, राघव जी के गउवा बडा नीक लागे, तन में राम मन में राम, जैसे गीत और अवध की खुशबू से जुड़े राम, राम की अयोध्या के गीत हर गली और हर नुक्कड पर सुनाई पड रहे हैं। कोविड19 के चलते सामाजिक दूरी के नियम का पालन किया जा रहा है लेकिन फिलहाल अयोध्या राम की भक्ति और भक्तिरस में डूब चुकी है।

## अयोध्या में रामधुन से भाव-विभोर कर रही आशा एंड कंपनी

**प्रयागराज।** पिछले आठ दशकों से कुम्भ, अर्धकुम्भ और माघ मेले में लाउस्पीकर के जरिए सूचना का प्रसार करती आ रही यहां की आशा एंड कंपनी ने अयोध्या और फैजाबाद में लोगों को रामधुन के रस से सराबोर कर दिया है। कंपनी ने सोमवार से रामधुन बजाना शुरू किया है जो बुधवार तक चलेगा। आशा एंड कंपनी के प्रबंध निदेशक प्रवीण मालवीय ने अयोध्या से फोन पर बताया कि अयोध्या और फैजाबाद में करीब 3,000 लाउडस्पीकर लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इन लाउडस्पीकरों पर सुबह शहनाई की धुन बजाई जाती है जिसके बाद दिनभर भजन बजते हैं। इस दौरान हरिओम शरण, पंडित भीमसेन जोशी, लता मांगेशकर, जगजीत सिंह जैसे गायकों के भजन बजाए जाते हैं और रात 10 बजे आरती के साथ गीत समाप्त होते हैं। मालवीय ने बताया कि कंपनी तीन दिन की इस सेवा का कोई शुल्क नहीं लेगी।

# राम मंदिर भूमि पूजन के लिए दुल्हन की तरह सजाई अयोध्या

### सड़कें भगवान राम के प्रस्तावित मंदिर और रामलला के बड़े-बड़े पोस्टरों और होर्डिंग से सजी

अरुनव सिन्हा। अयोध्या



**पांच** अगस्त को होने वाले भूमि पूजन कार्यक्रम के लिए भगवान राम की नगरी अयोध्या को दुल्हन की तरह सजाया गया है।

भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए होने वाले एतिहासिक भूमि पूजन कार्यक्रम में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। राज्य की राजधानी लखनऊ तथा अन्य पड़ोसी जनपदों से अयोध्या जाने वाली अधिकतर सड़कें भगवान राम के प्रस्तावित मंदिर और रामलला के बड़े-बड़े पोस्टरों, बैनरों और होर्डिंग से सजी हैं। अयोध्या जाने वाले वाहनों की जांच उससे पहले पड़ने वाले जिले बाराबंकी से ही शुरू हो जाती है और रास्ते में चार स्थानों पर सख्त जांच की जा रही है। अयोध्या में प्रवेश करने वाले वाहनों में सवार लोगों के मोबाइल नंबर और वाहनों का पूरा ब्यौरा भी पुलिसकर्मी नोट कर रहे हैं।

अयोध्या में उन्हीं लोगों को प्रवेश करने दिया जा रहा है जिन्हें आधिकारिक स्वीकृति मिली हुई है। मंगलवार को अयोध्या पहुंचने वालों को कई स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था से होकर गुजरना पड़ा। हनुमानगढ़ी इलाके में पुलिस और प्रशासन के वाहनों के सायरन दूर से ही सुनाई देने लगते है। इसके साथ ही भगवान राम के भजनों की मधुर आवाज भी कानों में रस घोलने लगती है। हनुमानगढ़ी जाने वाले मार्ग पर जगह-जगह लकड़ी की बल्लियों से मार्ग अवरोधक लगाए गए हैं। कई स्थानों पर लोहे के अवरोधक भी लगाए गए हैं। हनुमानगढ़ी जाने वाला मार्ग पूरी तरह से साफ सुथरा है और जगह-जगह पर पानी का छिड़काव भी किया गया है।

सुरक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार ने बताया, जहां तक पांच अगस्त की बात है तो हम कोविड-19 नियमों का पूरी तरह से पालन कर रहे हैं। इसलिए हम किसी भी बाहरी व्यक्ति को अयोध्या में प्रवेश नही दे रहे है, शहर में एक जगह पांच व्यक्तियों को एकत्र होने की अनुमति भी नहीं है। हम पूरी कोशिश कर रहे हैं कि कोविड-19 के नियमों का सख्ती से पालन हो।

उन्होंने बताया, जहां तक प्रधानमंत्री की यात्रा की बात है, उसके लिए कई सुरक्षा एजेंसियां काम कर रही हैं। जहां तक शहर की जनता का सवाल है, शहर की दुकानें और बाजार कोविड नियमों को ध्यान में रखते हुए खुले रहेंगे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पांच अगस्त को अयोध्या में प्रवेश करने वालों के लिए मार्ग में परिवर्तन किया है लेकिन अयोध्या में रहने वाले लोगों को अपना पहचान पत्र दिखाने पर रोका नहीं जाएगा लेकिन बाहरी लोगों को शहर में प्रवेश की अनुमति नही होगी। शहर में जगह जगह मार्ग अवरोधक लगाए गए हैं और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

उन्होंने बताया, हम अयोध्या में रहने वाले लोगों की औचक जांच कर रहे हैं ताकि कोई बाहरी व्यक्ति यहां न रहे। शहर के मंदिर-मस्जिद खुले रहेंगे लेकिन भूमि पूजन कार्यक्रम के अलावा शहर में किसी भी आयोजन की अनुमति नहीं है। इस बीच हनुमानगढ़ी मार्ग के प्रवेश द्वार पर कुछ मजदूर पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्मारक की टूटी दीवार को ठीक करने में लगे हैं। हनुमानगढ़ी मंदिर के पास भारी सुरक्षाकर्मी तैनात है। हनुमानगढ़ी को नए रंग-रोगन के साथ काफी खूबसूरती से संजाया गया है। इसके आसपास की दुकानों को भी गहरे पीले रंग से रंगा गया है जो देखने में काफी मनोरम लग रहा है।

## प्रधानमंत्री का राम मंदिर का भूमि पूजन करना एक स्वर्णिम पल : शिवसेना



**मुम्बई।** शिवसेना ने मंगलवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के भूमि पूजन को लेकर पूरा देश उत्साहित है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इसकी नींव रखने से बड़ा स्वर्णिम पल और कोई नहीं हो सकता। शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना के सम्पादकीय में कहा कि देश में कोविड-19 संकट जारी है लेकिन भगवान राम के आशीर्वाद से वह भी खत्म हो जाएगा। उसने कोरोना वायरस से संक्रमित केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में शामिल न होने पर उसके थोड़ा फीका पड़ने की बात भी कही। शाह ने रविवार को ही कोरोना वायरस से अपने संक्रमित होने की जानकारी दी थी। शिवसेना ने कहा कि वह उनके जल्द ठीक होने की कामना करती है। साथ ही उसने कहा कि शाह के बीमार होने से राजस्थान में अशोक गहलोत सरकार पर मंडरा रहा खतरा कम नहीं हो जाता। गहलोत को इससे खुश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि भाजपा नेता कहीं भी हों, वह अपनी राजनीति जारी रखेंगे। मराठी दैनिक पत्र ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी खुद अयोध्या जाकर भूमि पूजन करेंगे। उसने कहा कि राम मंदिर निर्माण को लेकर एक लंबी लड़ाई लड़ने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता एलके अडवाणी और मुरली मनोहर जोशी दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इसमें हिस्सा लेंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी लोगों से छुआछूत का कलंक मिटाने का संकल्प लेने को कहें : गहलोत

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए एक अवसर है कि वह लोगों को छुआछूत का कलंक मिटाने व दलितों और आदिवासियों के साथ समानता का व्यवहार करने का आह्वान करें। गहलोत ने दो ट्वीट कर यह बात कही। एक ट्वीट में उन्होंने लिखा है, पांच अगस्त को होने वाला राम मंदिर शिलान्यास प्रधानमंत्री के लिए साहस दिखाने तथा लोगों को यह संकल्प लेने के लिए कहने का एक अवसर है कि मानवता पर लगे छुआछूत के कलंक को मिटाएं तथा दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों के साथ समानता का व्यवहार करें। गहलोत के अनुसार, ऐसा करके हम मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को पूरा कर सकते हैं और उनकी भावना पर खरे उतर सकते हैं।

## पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया कोरोना संक्रमित अस्पताल में भर्ती

**बेंगलुरू।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने मंगलवार को बताया कि वह कोरोना वायरस से संक्रमित हैं और डॉक्टरों की सलाह पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिद्धरमैया को मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल ने एक बयान में कहा कि राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता (71) का इलाज जारी है और उनकी हालत अब स्थिर है। सिद्धरमैया ने ट्वीट किया, कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद डॉक्टरों की सलाह पर एहतियाती तौर पर मैं अस्पताल में भर्ती हुआ हूं।

## अयोध्या भूमि पूजन कार्यक्रम के मद्देनजर नेपाल सीमा पर सुरक्षा बढ़ाई गई

**बलरामपुर (उप्र)।** अयोध्या में बुधवार को राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने के मद्देनजर बलरामपुर जिले से सटी नेपाल सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा ने मंगलवार को बताया कि बुधवार को अयोध्या में प्रस्तावित भूमि पूजन कार्यक्रम के मद्देनजर जिले से लगी नेपाल की 87 किलोमीटर की सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और पुलिस की संयुक्त गश्त जारी है। जंगल से सटे इलाकों में भी गश्त कर अवांछनीय गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि पांच स्तर की सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है और ऐसे 41 प्वाइंट चिन्हित किए गए हैं जो नेपाल बार्डर से मिलते हैं। इनमें कच्चे रास्ते और पगडंडियां भी शामिल हैं। पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम इन मार्गों से आने जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सघन चेकिंग कर रही है।उन्होंने बताया कि नेपाल सीमा से लगे थानों की पुलिस द्वारा भी चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। नेपाल सीमा से सटे इलाकों में स्थित चौराहों पर भी पुलिस की पैनी नजर है।

# शरीफ चाचा को भी मिला शिलान्यास कार्यक्रम का निमंत्रण



**अयोध्या।** पिछले करीब 27 बरस से लावारिस शवों का अंतिम संस्कार कर मानवता की सेवा करने वाले अयोध्या के मकबूल बाशिंदे पद्मश्री मोहम्मद शरीफ उर्फ शरीफ चाचा को भी बुधवार को होने वाले राम मंदिर शिलान्यास कार्यक्रम में शिरकत का न्योता मिला है।

शरीफ के बेटे मोहम्मद सगीर ने मंगलवार को बताया कि करीब 82 वर्षीय उनके पिता को श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से भेजा गया निमंत्रण मंगलवार को दोपहर में मिला है। हालांकि उन्होंने यह कहा कि उनके पिता जो पिछले कुछ समय से गुर्दों की बीमारी के कारण काफी परेशानी हो रही है और वह ठीक से चल भी नहीं पा रहे, लिहाजा वह कार्यक्रम में शरीक हो पाएंगे, इसमें संदेह है। सगीर ने बताया कि शरीफ चाचा का अल्ट्रासाउंड कराया जा रहा है और उनकी हालत देखने के बाद तय किया जाएगा कि वह कार्यक्रम में शामिल हो पाएंगे या नहीं।

सगीर के मुताबिक उनके पिता हिंदू, मुस्लिम समेत सभी धर्मों से जुड़े लोगों के लावारिस शवों का उनकी आस्था के मुताबिक अंतिम संस्कार करते हैं। अब तक वह करीब 25,000 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार कर चुके हैं।

# बिहार सरकार ने सीबीआई जांच की सिफारिश की

### रिया के वकील ने अधिकार क्षेत्र से परे बताया



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य सरकार ने मंगलवार को सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में सीबीआई जांच की सिफारिश की है, जिसे अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती के वकील ने चुनौती देते हुए कहा कि राज्य को इस तरह की सिफारिश करने का अधिकार नहीं है। नीतीश ने ट्वीट किया, राज्य सरकार ने दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत के पिता के के सिंह द्वारा दर्ज मामले में सीबीआई जांच के लिए अपनी सिफारिश भेजी है। राजपूत की सनसनीखेज मौत के मामले में कानून के तहत जांच करने के अधिकार को लेकर पटना और मुंबई पुलिस के बीच खींचतान चल रही है। इस बीच नीतीश कुमार ने कहा था कि उनकी सरकार ने सुशांत के पिता की मंजूरी के बाद मामला केंद्रीय जांच एजेंसी को सौंपने का फैसला किया है।

राजपूत के पिता ने पटना में 25 जुलाई को रिया चक्रवर्ती और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ अभिनेता को खुदकुशी के लिए उकसाने के आरोप में शिकायत दर्ज कराई है। नीतीश कुमार ने संवाददाताओं से कहा, आज सुबह ही हमारे डीजीपी (गुप्तेश्वर पांडेय) से उनकी (के के सिंह) बातचीत हुई है और उन्होंने अपनी सहमति दे दी है, जिसकी सूचना डीजीपी ने दी तथा तुरंत सीबीआई जांच के लिए अनुशंसा यहां से जा रही है। सुशांत के पिता जी ने यहां प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसके आधार पर बिहार पुलिस ने जांच का काम शुरू किया।

## रावण मंदिर के पुजारी को भी है राम मंदिर शिलान्यास का इंतजार

**अयोध्या।** अयोध्या से 650 किलोमीटर दूर नोएडा में रावण के मंदिर के पुजारी को भी राम नगरी में भव्य मंदिर के शिलान्यास की घड़ी का बेसब्री से इंतजार है गौतम बुद्ध नगर के बिसरख इलाके में रावण का मंदिर स्थित है। उसके पुजारी महंत रामदास का कहना है कि पांच अगस्त को अयोध्या में राम मंदिर के भूमि पूजन का उन्हें बेसब्री से इंतजार है और यह रस्म संपन्न होने के बाद वह लोगों में मिठाई बाटेंगे।

महंत रामदास ने टेलीफोन पर बातचीत में कहा कि अगर रावण न होता, तो कोई भी श्री राम को नहीं जानता और अगर राम नहीं होते तो दुनिया को रावण के बारे में नहीं पता चलता। उन्होंने कहा कि वह अयोध्या में राम मंदिर के शिलान्यास को लेकर बेहद प्रसन्न हैं। शिलान्यास के बाद वह लोगों में लड्डू बांट कर खुशी मनाएंगे। मंदिर का शिलान्यास एक बहुत शुभ घटनाक्रम है।

# राष्ट्रीय एकता, बंधुत्व और सांस्कृतिक समागम का कार्यक्रम बने भूमि पूजन : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को कहा कि भगवान राम सबमें हैं और सबके हैं तथा ऐसे में पांच अगस्त को अयोध्या में मंदिर निर्माण के लिए होने जा रहा भूमि पूजन राष्ट्रीय एकता, बंधुत्व और सांस्कृतिक समागम का कार्यक्रम बनना चाहिए। गौरतलब है कि अयोध्या में बुधवार को राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने का कार्यक्रम है। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका ने एक बयान में कहा, दुनिया और भारतीय उपमहाद्वीप की

### संस्कृति में रामायण की गहरी और अमिट छाप है

संस्कृति में रामायण की गहरी और अमिट छाप है। भगवान राम, माता सीता और रामायण की गाथा हजारों वर्षों से हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक स्मृतियों में प्रकाशपुंज की तरह आलोकित है। उनके मुताबिक, भारतीय मनीषा रामायण के प्रसंगों से धर्म, नीति, कर्तव्यपरायणता, त्याग, उदात्तता, प्रेम, पराक्रम और सेवा की प्रेरणा पाती रही है। उत्तर से दक्षिण,



पूरब से पश्चिम तक रामकथा अनेक रूपों में स्वयं को अभिव्यक्त करती चली आ रही है। श्रीहरि के अनगिनत रूपों की तरह ही रामकथा हरिकथा अनंता है। उन्होंने कहा, युग-युगांतर से भगवान राम का चरित्र भारतीय भूभाग में मानवता को जोड़ने का सूत्र रहा है। भगवान राम आश्रय हैं और त्याग भी। राम सबरी के हैं, सुग्रीव के भी। राम वाल्मीकि के हैं और भास के भी। राम कंबन के हैं और एषुत्तच्छन के भी। राम कबीर के हैं, तुलसीदास के हैं, रैदास के हैं। सबके दाता राम हैं। प्रियंका ने कहा, गांधी के रघुपति राघव राजा राम सबको सन्मति देने वाले हैं। वारिस अली शाह कहते हैं जो रब है वही राम है। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त राम को निर्बल का बल कहते हैं। महाप्राण निराला वह एक और मन रहा राम का जो न थका की कालजई पंक्तियों से भगवान राम को शक्ति की मौलिक कल्पना कहते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, राम साहस हैं, राम संगम हैं, राम संयम हैं, राम सहयोगी हैं। राम सबके हैं, राम सबमें हैं। भगवान राम सबका कल्याण चाहते हैं। इसीलिए वे मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। कांग्रेस महासचिव ने कहा, पांच अगस्त, 2020 को रामलला के मंदिर के भूमिपूजन का कार्यक्रम रखा गया है। भगवान राम की कृपा से यह कार्यक्रम उनके संदेश को प्रसारित करने वाला राष्ट्रीय एकता, बंधुत्व और सांस्कृतिक समागम का कार्यक्रम बने। जय सियाराम।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व न्यायाधीश हेगड़े ने धार्मिक सदभाव की अपील की

बेंगलुरू। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए बुधवार को होने वाले भूमि पूजन से पहले उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एन संतोष हेगड़े ने धार्मिक सद्‌भाव, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने और विभिन्न धर्मों के प्रति सम्मान का आह्वान किया है। यह पूछे जाने पर कि क्या मंदिर को राष्ट्रीय एकता, सामाजिक और सांप्रदायिक सद्‌भाव के प्रतीक के रूप में प्रचारित किया जाना चाहिए तो इसपर भारत के पूर्व सॉलिसिटर जनरल ने कहा, मंदिर का वह उद्देश्य बनाया जाना एक अच्छा विचार है, ताकि दुनिया में शांति कायम हो सके। हेगड़े ने कहा कि आज टकराव का सबसे खतरनाक कारण धर्म है। कर्नाटक के पूर्व लोकायुक्त ने मंगलवार को कहा, इसलिए, किसी न किसी को शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और विभिन्न धर्मों के प्रति सम्मान के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा, विभिन्न धर्मों के बीच सौहार्द विकसित करने के लिए या उसके एक संकेतक के रूप में भूमि पूजन को देखना एक अच्छा विचार है। उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल नवम्बर में राम मंदिर निर्माण को हरी झंडी दे दी थी और नई मस्जिद बनाने के लिए सुन्नी वक्फ बोर्ड को पांच एकड़ जमीन आवंटित करने का केंद्र को आदेश दिया था। उत्तर प्रदेश सरकार ने मस्जिद के निर्माण के लिए, अयोध्या की सोहावल तहसील के धनीपुर गांव में पांच एकड़ जमीन आवंटित कर दी है।

### त्रिपुरा के मुख्यमंत्री परिवार के दो सदस्य पॉजिटिव

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब की मंगलवार को आई रिपोर्ट में उनके कोरोना वायरस से संक्रमित ना होने की पुष्टि हुई है लेकिन उनके परिवार के दो सदस्य हालांकि कोरोना वायरस से संक्रमित हैं। देब ने अगले सात दिनों के लिए पृथक-वास में रहने का फैसला किया है। उन्होंने सोमवार देर रात ट्वीट किया, मेरे परिवार के दो सदस्यों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। कोई अन्य सदस्य संक्रमित नहीं है। देब ने बताया कि दोनों संक्रमित सदस्य घर पर ही पृथक-वास में हैं। मुख्यमंत्री ने मंगलवार सुबह ट्वीट किया, कोविड-19 की जांच में मेरे संक्रमित ना होने की पुष्टि हुई है। अगले सात दिन तक में पृथक-वास में रहूंगा और अन्य दिशा-निर्देशों का पालन करूंगा। मैं घर से ही काम करूंगा। मैं त्रिपुरा के लोगों का उनकी शुभकामनाओं और दुआओं के लिए शुक्रिया करता हूं। कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी और हम इसे एक साथ जीतेंगे।

### एमपी के उपचुनाव क्षेत्र में पांच लाख लड्डू बांटेगी भाजपा

**इंदौर।** अयोध्या में बुधवार को राम मंदिर शिलान्यास के मौके पर मध्यप्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा ने इंदौर जिले के सांवेर विधानसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर करीब पांच लाख लड्डुओं का प्रसाद बांटने की घोषणा की है। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस क्षेत्र में उपचुनाव होने वाले हैं। उधर, प्रमुख विपक्षी कांग्रेस ने घर-घर लड्डू बांटे जाने से कोविड-19 का संक्रमण फैलने के खतरे का हवाला देते हुए प्रशासन से मांग की है कि चुनावी राजनीति से प्रेरित भाजपा के इस कार्यक्रम पर तत्काल रोक लगाई जाए। भाजपा की जिला इकाई के अध्यक्ष राजेश सोनकर ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया कि अयोध्या में भगवान राम की जन्मभूमि पर उनके भव्य मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम को हम महोत्सव की तरह मनाएंगे। इसके तहत सांवेर क्षेत्र के 252 गांवों में विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ ही लोगों के घर-घर जाकर प्रसाद के रूप में करीब पांच लाख लड्डू बांटे जाएंगे। सोनकर ने दावा किया कि लड्डू वितरण कार्यक्रम की विशेषता यह होगी कि सांवेर क्षेत्र के हर परिवार की भागीदारी के बावजूद इसमें कोविड-19 से बचाव के दिशा-निर्देशों का राई के दाने के बराबर भी उल्लंघन नहीं होगा। गौरतलब है कि राज्य के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट को सांवेर क्षेत्र के आगामी उपचुनावों में भाजपा का टिकट मिलना तय माना जा रहा है, जबकि पूर्व लोकसभा सांसद प्रेमचंद बौरासी 'गुड्डू' कांग्रेस खेमे से उम्मीदवारी के तगड़े दावेदार हैं।पखवाड़े भर में सिलावट और गुड्डू, दोनों कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। संक्रमित पाए जाने से पहले दोनों प्रतिस्पर्धी नेता आगामी उपचुनावों के मद्देनजर सांवेर क्षेत्र के सघन दौरे कर रहे थे। इस बीच, भाजपा के लड्डू वितरण कार्यक्रम पर निशाना साधते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता नीलाभ शुक्ला ने कहा, भगवान राम में हमारी पूरी आस्था है। लेकिन भाजपा महज अपनी चुनावी राजनीति चमकाने के लिए कोरोना वायरस संक्रमण के खतरे को नजरअंदाज करते हुए सांवेर के लोगों की सेहत से खिलवाड़ करना चाहती है। उन्होंने कहा, हम इस खतरे के मद्देनजर जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि वह भाजपा का घोषित लड्डू वितरण कार्यक्रम तत्काल रुकवाए।

### माकपा नेता राजैया की कोविड-19 की वजह से मृत्यु हुई

**हैदराबाद।** तेलंगाना में माकपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक सुन्नम राजैया की कोविड-19 की वजह से मृत्यु हो गई। वह 62 वर्ष के थे। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। माकपा के सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि राजैया की सोमवार देर रात विजयवाड़ा में अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। उन्होंने विधानसभा में तीन बार (1999, 2004 और 2014) में भद्राचलम सीट का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने बताया कि उनके परिवार में पत्नी और चार बच्चे हैं। राजैया को आदिवासियों की समस्याएं उठाने के लिए याद किया जाता है। उन्होंने सादगी भरा जीवन जीया। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव, भाकपा के पूर्व महासचिव एस सुधाकर रेड्डी और कई अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं ने राजैया के निधन पर शोक व्यक्त किया।

### क्षेत्र में दखलअंदाजी नहीं कर सकती बिहार सरकार : सुरजेवाला

**जैसलमेर।** अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत आत्महत्या मामले में महाराष्ट्र पुलिस द्वारा सहयोग नहीं किए जाने के बिहार सरकार के आरोप पर पलटवार करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने मंगलवार को यहां कहा कि बिहार सरकार महाराष्ट्र के अधिकार क्षेत्र में दखलअंदाजी नहीं कर सकती। इस बारे में पूछे गए एक सवाल पर सुरजेवाला ने यहां कहा, इस देश का संविधान और कानून यह कहता है किसी प्रदेश के अंदर कानून व्यवस्था की जिम्मेवारी प्रदेश की सरकार की है। महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी महाराष्ट्र सरकार की है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को संविधान दोबारा पढ़ना चाहिए। नीतीश कुमार या बिहार सरकार जबरन पुलिस भेज कर महाराष्ट्र के अधिकार क्षेत्र यानी परिधि के अंदर दखलअंदाजी नहीं कर सकते क्योंकि अगर एक प्रांत की पुलिस दूसरे प्रांत के अंदर जाकर जांच करेगी तो फिर अराजकता फैल जाएगी।

### कैदियों की अंतरिम जमानत 45 दिन बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर यहां की जेलों भीड़भाड़ कम करने के लिए मंगलवार को 2,901 विचाराधीन कैदियों की अंतरिम जमानत की अवधि 45 दिन के लिए बढ़ा दी। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति तलवंत सिंह ने उच्चाधिकार प्राप्त समिति के इस अवलोकन के मद्देनजर यह आदेश जारी किया कि इस वक्त अदालत के सामान्य कामकाज शुरू होने की कोई समय सीमा का अनुमान नहीं किया जा सकता। साथ ही, इस बारे में भी निश्चितता नहीं है कि महामारी का खतरा कब जा कर सामाजिक दूरी में कमी लाने की जरूरत को कम करेगा। अदालत ने कहा कि इन विचाराधीन कैदियों की अंतरिम जमानत राहत समाप्त होने की तारीख से पूर्व के समान नियम एवं शर्तों पर 45 दिन के लिए बढ़ाई जाती है। वीडियो कांफ्रेंस के जरिए सुनवाई करते हुए पीठ ने महानिदेशक (कारागार) को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी 2,901 विचाराधीन कैदियों को टेलीफोन एवं अन्य उपलब्ध माध्यम से अदालत के आदेश से अवगत कराया जाए। बहरहाल, अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 18 सितंबर की तारीख निर्धारित कर दी। उल्लेखनीय है कि न्यायाधीश हिमा कोहली की अध्यक्षता वाली समिति ने 31 जुलाई की अपनी बैठक में कहा था कि उसका यह विचार है कि अंतरित जमानत की अवधि बढ़ाने और इसकी सिफारिश करने के लिए एक न्यायिक आदेश की जरूरत होगी। सुनवाई के दौरान पीठ ने महामारी के मद्देनजर अब तक जमानत पर रिहा किए गए विचाराधीन कैदियों की संख्या और जेल में मौजूद कैदियों की संख्या के बारे में भी पूछा। दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव कंवल जीत अरोड़ा ने पीठ को बताया कि 30 जुलाई तक कुल 4,439 विचाराधीन कैदियों, दोषियों को अंतरित जमानत या पैरोल या सजा में कमी करते हुए रिहा किया गया तथा करीब 14,000 कैदी अभी जेल में हैं, जबकि जेल की क्षमता 10,026 कैदियों की है। जेलों में भीड़भाड़ कम करने से पहले यह संख्या 18,000 थी। इस पर, पीठ ने कहा, आप अवश्य ही इसे उच्चाधिकार प्राप्त समिति के संज्ञान में लाएं।

## कोरोना के खिलाफ जंग

# बंद नहीं होंगी मुफ्त योजनाएं खर्चे घटाएगी दिल्ली सरकार

### महामारी से लड़ेगी लेकिन लोगों को परेशानी में डालकर राजस्व नहीं बढ़ाएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



देश दुनिया के साथ राजधानी दिल्ली में भी कोरोना वायरस कहर बरपाया है। मार्च से लेकर अब तक कोविड-19 महामारी के चपेट में आने से 4 हजार 33 लोगों की मौत हो चुकी है। साथ ही पिछले तीन महीनों के दौरान हजारों करोड़ का आर्थिक नुकसान भी हुआ है। जून से आंशिक रूप से लॉकडाउन तब खोला गया जब काफी नुकसान हो चुका था। बावजूद इसके सरकार द्वारा जारी बिजली, पानी समेत अन्य मुफ्त योजनाएं बंद नहीं होंगी। दिल्ली सरकार खर्चे घटाकर कोरोना से लड़ेगी।

दिल्ली को वैश्विक बाजार से जोड़ने के लिए केजरीवाल सरकार ने कई कदम उठाए हैं। उम्मीद कि अगले कुछ दिनों में और भी कई कदम उठाए जाएंगे। आम आदमी पार्टी की सरकार राजधानी के सभी औद्योगिक क्षेत्रों को विश्व बाजार से जोड़ने की योजना तैयार कर रही है। इसी के मद्देनजर युवाओं को रोजगार देने के लिए हाल ही में जॉब पोर्टल भी शुरू कर दिया है। यह पोर्टल नौकरी देने और पाने वालों के लिए एक प्लेटफॉर्म है।

सूत्रों के अनुसार राजस्व में भारी गिरावट आने के बावजूद दिल्ली सरकार मुफ्त योजनाओं को जारी रखने के पक्ष में है। इस बीच मुख्यमंत्री ने ऐलान किया है कि दिल्ली के राजस्व में काफी कमी आई है। इसको लेकर उनकी सरकार अपने खर्च में कई तरह से कटौती की है। इसके बावजूद सरकारी योजनाएं जो पहले से चल रही हैं उसमें किसी तरह के कोई फेरबदल फिलहाल नहीं होगी। आम लोगों को परेशानी में डालकर राजस्व में बढ़ोतरी नहीं करेंगे। इसके लिए तरीके खोजे जा रहे हैं। उनकी पहली प्राथमिकता आम लोगों के जेब में पैसे डालने की है न कि पैसे निकालने की है।

केजरीवाल सरकार लगातार मांग कर रही है कि राजस्व बढ़ाने के लिए अब मेट्रो का चलना जरूरी है। दिल्ली की स्थिति काफी हद तक नियंत्रण में आ चुकी है। यहां एक्टिव केस लगातार घट रहे हैं। पहले एक्टिव मामले 30 हजार के पार पहुंच गए थे। उसमें अब काफी गिरावट आ गई है। पिछले कुछ दिनों से एक्टिव केस 9 से 10 हजार के आसपास रह रहे हैं। ऐसे में अब औद्योगिक गतिविधियों को पूरी तरह से खोलने पर विचार कर रहे हैं।

मालूम हो कि पिछले दिनों सीएम केजरीवाल ने 28 से अधिक औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की थी। इस बैठक में अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार का साथ देने का अनुरोध किया था। केजरीवाल ने इस बात पर जोर दिया था कि कैसे एक साथ मिलकर कोरोना को हराया और अब अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की दिशा में काम करने के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत है।

भारतीय उद्योग परिसंघ, बादली इंडस्ट्रियल एस्टेट एसोसिएशन, नरेला इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स वेलफेयर एसोसिएशन, ओखला चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज, एपेक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स और बवाना मैन्युफैक्चरर्स वेलफेयर एसोसिएशन सहित कुल 28 औद्योगिक संगठनों ने मुख्यमंत्री केजरीवाल को सुझाव दिए।

## फैक्ट्री में घर बनाकर रहने वालों पर होगी कार्रवाई

**नोएडा।** शहर के औद्योगिक क्षेत्रों में कंपनी और फैक्ट्रियों के लिए आवंटित भूखंडों पर बड़ी संख्या में लोग घर बनाकर रह रहे हैं। पूर्व में इन भूखंडों पर कंपनी और फैक्ट्रियों का निर्माण किया गया था, लेकिन अब बड़ी संख्या में फैक्ट्रियां बन्द हो चुकी हैं। वहां घरों के तौर पर इनका इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे तमाम आवंटन का पता लगाने के लिए विकास प्राधिकरण ने एक बड़ी मुहिम शुरू की है। इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

शहर में सेक्टर 1, 2, 3, 4 5 और 6 पूरी तरह औद्योगिक सेक्टर है। यहां चल रही फैक्ट्री और कंपनियां बड़ी संख्या में बंद हो चुकी हैं। इमारतों का अलग-अलग तरह से इस्तेमाल किया जा रहा है। कहीं कमर्शियल उपयोग में फैक्ट्री और कंपनी की इमारत उपयोग हो रही है। बड़ी संख्या में आवंटियों ने अपने घर बना लिए हैं। घर बनाकर किराए पर दे रखे हैं। ऑफिस खोल लिए हैं। किराए पर ऑफिस भी चल रहे हैं।

## प्रदूषण रोकने को आनंद विहार में लगेगा स्मॉग टावर

### उच्च न्यायालय ने केंद्र को दिया जल्द काम शुरू करने का निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार में प्रदूषण पर लगाम लगाने के मकसद से स्मॉग टावर बनेगा। उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को स्मॉग टावर जल्द लगाने निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति अरूण मिश्रा की अध्यक्षता वाली पीठ को केन्द्र की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने जानकारी दी कि वायु प्रदूषण कम करने के लिये विशाल आकार के एयर प्यूरीफायर का ढांचा तैयार करने और स्मॉग टावर लगाने में दस महीने का वक्त लगेगा और प्राधिकारी यह समय-सीमा कम करने की स्थिति में नहीं हैं। पीठ ने कहा ठीक है लेकिन यह काम जल्द से जल्द शुरू होना चाहिए।

शीर्ष अदालत ने तुषार मेहता से कहा कि वह इस परियोजना की समय-सीमा के बारे में 10 अगस्त को न्यायालय को जानकारी दें और यह भी बतायें कि स्मॉग टावर लगाने का काम कब तक शुरू हो सकता है। इस मामले की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सुनवाई के दौरान मेहता ने कहा कि यह काम आईआईटी, मुंबई की देखरेख में किया जायेगा जबकि इसके लिये धन सरकार मुहैया करायेगी। इससे पहले, केन्द्र ने 30 जुलाई को न्यायालय को सूचित किया कि आनंद विहार में स्मॉग टावर लगाने के लिये सहमति पत्र तैयार हो गया है और इस पर सभी हितधारक हस्ताक्षर करेंगे।

न्यायालय ने सरकार से जानना चाहा था कि इस परियोजना को तीन महीने के भीतर पूरा करने के उसके 13 जनवरी के आदेश का अनुपालन क्यों नहीं हुआ। शीर्ष अदालत को बताया गया था कि पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार में स्मॉग टावर परियोजना से आईआईटी मुंबई पीछे हट गया है। न्यायालय ने इस घटनाक्रम पर निराशा जताई थी और कहा था कि उसे न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करने और पीछे हटने के मामले में आईआईटी, मुंबई और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ेगी क्योंकि यह आदेश उसी के आधार पर दिया गया था।

सॉलिसीटर जनरल ने पीठ को बताया था कि केन्द्र ने आईआईटी, मुंबई और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित अन्य से संपर्क किया था और अब इस परियोजना के लिये सहमति पत्र तैयार हो गया है। अदालत ने दिल्ली एनसीआर में बड़ी संख्या में निर्माण कार्य, खदानों में खनन और ऐसी ही अन्य गतिविधियों की वजह से वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुये स्मॉग टावर लगाने का निर्देश दिया था।

## नाबालिग ने कबूला-नानी और मां कराती हैं अपराध

### पुलिस ने जब्त किए 1.10 लाख रुपये, मां फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली के आंबेडकर नगर में खड़ी एक कार से 1.20 लाख रुपयों से भरे बैग को चुराते हुए पकड़े गए नाबालिक ने खुलासा किया कि मां और नानी उससे चोरी कराती हैं। मामले में लड़के की नानी को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि उसकी मां अभी फरार है।

डीसीपी अतुल कुमार ठाकुर के अनुसार गत 27 जुलाई को कृष्णा पार्क देवली निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने बड़ी मस्जिद मदनगीर के निकट अपनी कार खड़ी कर कहीं काम से गया था। कुछ देर बाद लौटकर आया तो देखा कि उसमें रखा बैग गायब था। बैग में एक लाख बीस हजार रुपये थे। जांच के दौरान, सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। सोमवार को नाबालिग की पहचान हुई और पुलिस उसे पकड़कर पूछताछ की।

पूछताछ के दौरान नाबालिग ने खुलासा किया कि अपनी मां के कहने पर उसने एक गाड़ी में से वह बैग चुराया था। उसने बताया कि मां और नानी उससे चोरी कराती हैं।

## 45 दिन बढ़ी विचाराधीन कैदियों की अंतरिम बेल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने कोविड-19 महामारी के मद्देनजर जेलों में भीड़भाड़ कम करने के लिये मंगलवार को 2,901 विचाराधीन कैदियों की अंतरिम जमानत की अवधि 45 दिन के लिये बढ़ा दी।

न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति तलवंत सिंह ने उच्चाधिकार प्राप्त समिति के इस अवलोकन के मद्देनजर यह आदेश जारी किया कि इस समय अदालत के सामान्य कामकाज शुरू होने की कोई समय सीमा का अनुमान नहीं किया जा सकता। साथ ही इस बारे में भी निश्चितता नहीं है कि महामारी का खतरा कब तक सामाजिक दूरी में कमी लाने की जरूरत को कम करेगा। अदालत ने कहा कि इन विचाराधीन कैदियों की अंतरिम जमानत राहत समाप्त होने की तारीख से पहले के समान नियम एवं शर्तों पर 45 दिन के लिये बढ़ाई जाती है।

वीडियो कांफ्रेंस के जरिये सुनवाई में पीठ ने महानिदेशक को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी 2,901 विचाराधीन कैदियों को टेलीफोन एवं अन्य उपलब्ध माध्यम से अदालत के आदेश से अवगत कराया जाए। मामले की अगली सुनवाई 18 सितंबर को होगी।

## पेड़ पर लटका मिला ड्राइवर का शव

**गाजियाबाद।** विजयनगर थाना क्षेत्र में तिगरी गोल चक्कर ताज हाईवे के पास एक 45 वर्षीय व्यक्ति का पेड़ से लटका शव मिला जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सवेरे मॉर्निंग वॉक करने निकले लोगों ने बताया कि शव कपड़े की रस्सी बनाकर पेड़ से लटका हुआ था। शव को देखने के बाद वहां से गुज़र रहे लोगों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पेड़ पर लटके मिले इस शव की जेब से उसका आधार कार्ड पुलिस को मिला है जिससे उसकी पहचान 48 उमेश पुत्र कृष्ण कुमार, मूल निवासी हरदोई के रूप में हुई है। उमेश ड्राइवर का काम करता था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक विजयनगर थाना क्षेत्र के बागू इलाके में किराये पर रहता था। बीती सोमवार शाम बहरामपुर इलाके में रहने वाली अपनी मौसी के लड़कों से मिलने गया था।

## पड़ोसी के तंज कसने से परेशान युवक ने लगाई छत से छलांग

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

विजयनगर थाना क्षेत्र की अकबरपुर-बहरामपुर कॉलोनी में सोमवार को एक अजीबो गरीब मामला उस वक्त सामने पेश आया,जब पड़ोसी के तंज कसने से नाराज एक युवक ने छत से ही छलांग लगा दी लेकिन, वह घर के बाहर जा रहे बिजली के तारों में फंस गया और काफी देर बाद वह जमीन पर गिरा।

गनीमत यह रही कि तारों पर पीवीसी चढ़े होने के कारण युवक को बिजली का करंट नहीं लगा, वरना उसकी मौत हो सकती थी। इस घटना के समय मौके पर बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई जिसे देखकर सभी की सांस अटक गई थी। मोनू नाम के इस युवक ने बताया कि वह पिछले 4 साल से अकबरपुर बहरामपुर कॉलोनी ने अपने मकान में रहता है तथा प्रिंटिंग का कार्य करता है और उसके पिताजी दिल्ली चावड़ी बाजार में नौकरी करते हैं। पूरा परिवार पिछले 4 साल से यहीं रहता है। आरोप है कि पड़ोसियों द्वारा किसी न किसी बात को लेकर लगातार उस पर तंज कसा जाता है। इससे परेशान होकर उसने नशे की हालत में घर की छत से छलांग लगा दी और वह बिजली के तारों में फस गया।



**छत से छलांग लगाने के बाद तारों में फंसा युवक और जमा लोगों की भीड़।**

## डीयू ऑनलाइन परीक्षा को लेकर छात्र परेशान

**नई दिल्ली।** डीयू के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष की ऑनलाइन ओपन बुक परीक्षा 10 अगस्त से शुरू होने वाली है लेकिन कई छात्र इंटरनेट और बिजली की समस्या की शिकायत कर रहे हैं। बिहार के मुजफ्फरपुर के रहने वाले छात्र रौशन कुमार ने फोन पर बातचीत में बताया, यहां बाढ़ की वजह से स्थिति बहुत खराब है। बिजली नहीं है। मैं ऐसे में कैसे परीक्षा दे पाएंगे। दिल्ली विश्वविद्यालय के सत्यवती कॉलेज के छात्र रोशन ने कहा, वह दो-ढाई दिन से अपने फोन की बैट्री तक चार्ज नहीं कर पाए हैं क्योंकि बिजली नहीं है। जिनके पास इंटरनेट है भी, वह भी कह रहे हैं कि उन्हें परीक्षा देने में समस्या आएगी। कुमार ने दावा किया कि कई विद्यार्थी ऑनलाइन क्लास करने में भी सक्षम नहीं हो पाए थे। एक अन्य छात्र ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया, विवि यह कह रहे हैं कि वे विद्यार्थियों को ऑफ लाइन परीक्षा में हिस्सा लेने के लिए दूसरा मौका देंगे।

## दिल्ली में बूथ स्तर तक आप को मजबूत बनाने की तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने दिल्ली इकाई का विधानसभा, जिला, वार्ड, मतदान केंद्र और बूथ स्तर पर पुनर्गठन करने का निर्णय लिया है। इसका फैसला वर्ष 2022 में निर्धारित निकाय चुनाव को देखते हुए लिया गया है।

दिल्ली के संयोजक राय ने कहा कि यह बुधवार को शुरू होगा और 20 अगस्त तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि पार्टी उन लोगों को नई जिम्मेदारियां देगी जिन्होंने इस वर्ष की शुरुआत में हुए विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया था। पार्टी अपने नेताओं के काम की समीक्षा भी करेगी।

गोपाल राय ने कहा कि पांच स्तरों पर अपने नेताओं के काम की हम समीक्षा करेंगे और फिर पार्टी फैसला लेगी। कोविड-19 महामारी के दौरान जिन लोगों ने अच्छा काम किया। उन्हें नई जिम्मेदारियां दी जाएंगी। वर्ष 2017 में हुए निकाय चुनाव में आप हार गई थीं। हालांकि इसी वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में उसने 70 में से 62 सीटें जीती थीं।



## शराब पीकर सगे भाइयों ने ले ली एक दूसरे की जान

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र की राजीव कॉलोनी में शराब पीकर दो सगे भाइयों में झगड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों भाइयों ने धारदार हथियार लेकर एक दूसरे की जान लेने पर उतारू हो गए। दोनों भाइयों ने एक दूसरे पर कई हमले किए। झगड़े को बढ़ता देख आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों भाइयों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार सागर और मोहनलाल दोनों भाई दिहाड़ी मजदूरी का काम करते थे।

## सोशल मीडिया पर हथियार दिखाना पड़ेगा महंगा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

हथियारों के दुरूपयोग की घटनाएं अब सोशल मीडिया पर भी काफी देखी जा रही हैं। इसी के मद्देनजर गाजियाबाद पुलिस ने भी सोशल मीडिया पर अवैध असलहों के साथ फोटो शूट करने वालों, फायरिंग की वीडियो अपलोड कर दबंगई दिखाने जैसे मामलों में कार्रवाई करना शुरू कर दिया है।

पुलिस एक तरफ सोशल मीडिया पर निगाह रखे है तो दूसरी तरफ पुलिस ने अपना सीयूजी नंबर 9454403434 जारी कर लोगों से अपील की है कि वे उस पर हथियारों के दुरुपयोग की वीडियो, आरोपी का नाम, पता भेज जानकारी दे सकते हैं। सूचना देने वाले का नाम पता भी गोपनीय रखा जा रहा है।



पुलिस को इसमें काफी कामयाबी भी मिली है। पिछले डेढ़ महीनों में तकरीबन ऐसे ही 50 लोगों के खिलाफ शिकायत मिलने के बाद मुकदमा दर्ज किया जा चुका है।

### सूचना देने के लिए जारी किया सीयूजी नंबर

आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। साथ ही उन के खिलाफ आर्म्स ऐक्ट में भी मुकदमा दर्ज किया गया है। एसएसपी कलानिधि नैथानी ने बताया है कि जो लोग अपने लाइसेंसी हथियार से फायरिंग करते हैं, उनके खिलाफ भी आर्म्स ऐक्ट की धारा 30 के तहत मुकदमा दर्ज कर चार्जशीट कोर्ट में दायर की जाती है। इसके बाद आरोपियों के हथियार के निरस्तीकरण की रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाती है।

## दोस्तों ने चोरी के लिए बनाया गैंग गिरफ्तार, 7 वाहन-तमंचा बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को एनसीआर में सक्रिय ऐसे वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है जिसे छह दोस्त मिलकर चला रहे थे। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर इनके कब्जे के एक तमंचा, तीन चाकू व चोरी के सात दो पहिया वाहन बरामद किए हैं।

पुलिस क्षेत्राधिकारी राकेश मिश्रा ने बताया कि कोतवाली पुलिस जीटी रोड स्थित कबाड़ी कट पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी एक स्कूटी पर सवार दो युवक वहां पहुंचे मगर वे पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने जैसे ही उनकी पीछा किया तो उनकी स्कूटी फिसल गई और दोनों नीचे गिर गए जिन्हें पुलिस ने दबोच लिया और उनसे पूछताछ की। पूछताछ ने उन्होंने बताया कि वे वाहन चोर हैं और ये स्कूटी भी चोरी की है। पुलिस ने उन्हें थाने ले जाकर विस्तृत जांच की तो पता चला कि ये दोनों युवक एनसीआर में सक्रिय वाहन चोर गिरोह के सदस्य हैं।

पूछताछ के आधार पर इनके चार अन्य साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। जिनमें त्यागी मार्केट घूकना मोड निवासी गुडडू उर्फ प्रवीण, विपिन, पंकज, समाना गांव निवासी अमन तथा रविदास मूर्ति के पास शिब्बनपुरा निवासी शिवम हैं। इनकी निशानदेही पर सात दुपहिया वाहन, एक तमंचा व तीन चाकू बरामद किए हैं।

मिश्रा ने बताया कि यह छह दोस्त हैं, जिन्होंने अपना चोरी का गैंग बना रखा है और दिल्ली-एनसीआर में चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं।

## शर्तों के साथ मेट्रो को जल्द चलाने के संकेत

### सरकारी, स्वास्थ्य और अन्य जरूरी सेवाओं से जुड़े कर्मियों को ही मिलेगी सफर की अनुमति : पुरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

लॉकडाउन के चलते पिछले चार महीने से बंद दिल्ली मेट्रो जल्द पटरियों पर दौड़ सकती है। केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इसको लेकर संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा है कि मेट्रो के परिचालन को लेकर सरकार अगले सप्ताह फैसला लेगी। शुरु में आम लोगों को सफर करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सरकारी कर्मचारी, स्वास्थ्य कर्मी और जरूरी सेवाओं से जुड़े लोगों को ही इसमें सफर की अनुमति मिलेगी।

हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि मेट्रो में क्षमता के 50 फीसदी यात्रियों को ही सफर करने की अनुमति मिल सकती है। केंद्र सरकार देशभर में एक साथ मेट्रो खोलने पर विचार कर रही है। मेट्रो चालू होने के बाद सरकारी कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और अनिवार्य सेवाओं से जुड़े अन्य लोगों को ही मेट्रो से यात्रा करने की अनुमति दी जाएगी।



मेट्रो नियमित रूप से अपने सिस्टम की जांच-परख कर रही है। वह मेट्रो का परिचालन शुरू करने के लिए बिल्कुल तैयार है। अब इंतजार इस महीने आने वाली अगले चरण के अनलॉक की गाइडलाइंस का है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली मेट्रो के संचालन को लेकर कई बार हामी भर चुके हैं। साथ ही वह यह भी कह चुके हैं कि मेट्रो के परिचालन का अधिकार केंद्र सरकार के पास है। ऐसे में वही इसके बारे में फैसला कर सकती है।

मालूम हो कि कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के चलते गत 25 मार्च से मेट्रो बंद है। अनलॉक 1 के साथ ही सड़कों पर सभी गाड़ियों को चलने की अनुमति दे दी गई, पर अभी तक सिर्फ मेट्रो का संचालन ही शुरू नहीं हो पाया है। ऐसे में अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के मकसद से दिल्ली सरकार राज्य में हर चीज खोलना चाहती है। इसी कड़ी में दिल्ली मेट्रो का संचालन भी शामिल है।

## संक्षिप्त समाचार



**प्रधानमंत्री आवासीय योजना व टैक्सटाइल सेंटर योजना का निरीक्षण करतीं एचपीडीए उपाध्यक्ष अर्चना वर्मा।**

### 264 ईडब्ल्यूएस भवनों का होगा निर्माण

**हापुड़।** प्रधानमंत्री आवासीय योजना के तहत हापुड़-पिलखुआ विकास प्राधिकरण 264 ईडब्ल्यूएस भवनों का निर्माण करेगा। भवनों के निर्माण में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होगी और उनकी गुणवत्ता पर भी विशेष रूप से ध्यान रखा जायेगा। इस सिलसिले में प्राधिकरण की नवनियुक्त उपाध्यक्ष अर्चना वर्मा ने सोमवार को कार्यभार सभालते ही पीएम आवास योजना के निर्माण स्थल, हिण्डालपुर तथा टैक्सटाइल सेन्टर योजना, पिलखुवा का निरीक्षण किया। इसके अलावा उपाध्यक्ष ने प्राधिकरण की विभिन्न विकास योजनाओं व प्राधिकरण में चल रहे प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा की। अर्चना वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण विकास क्षेत्र में जो भी अनाधिकृत निर्माण है, उनका मानचित्र शमन योजना-2020 के अन्तर्गत स्वीकृत कराने के निर्देश जारी कर दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत जो अनाधिकृत निर्माणकर्ताओं योजना का लाभ नहीं उठाया जाता है, योजना की समाप्ति के बाद उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

### गायनी सोसायटी मना रही ब्रेस्टफीडिंग वीक

**गाजियाबाद।** स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए विश्व भर में 1 अगस्त से ब्रेस्टफीडिंग वीक मनाया जा रहा है। 7 अगस्त तक मनाए जाने वाले इस वीक के अंतर्गत ही गाजियाबाद गायनी सोसायटी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को अपने नवजात बच्चों को स्तनपान करने के लिए जागरूक कर रही है। सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. अल्पना कंसल ने बताया कि यह बेहद चौंकाने वाली बात है कि विश्व भर में कुल 30प्रतिशत मां ही अपने बच्चे को स्तनपान कराती हैं। जबकि मां का दूध शिशु के लिए उत्तम आहार है। शिशु के लिए यह एक प्राकृतिक टीका है, जिसके माध्यम से बच्चे को बहुत सारी बीमारियों से लड़ने की क्षमता मिलती है। बच्चे के पैदा होते ही आधे घंटे के अंदर ही शिशु को स्तनपान कराना आवश्यक है,इससे मां और बच्चे का अलौकिक संबंध भी बनता है।



### नगरायुक्त ने लिया गौवंशों की रक्षा का संकल्प

**गाजियाबाद।** रक्षाबंधन पर नगरायुक्त डॉ. दिनेश चंद्र ने नंदी पार्क पहुंचकर गौवंशों की पूजा कर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान उन्होंने नन्दी पार्क में गौवंशों के लिए उचित चारे, पीने के लिए पानी व साफ-सफाई की व्यवस्था देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नंदी पार्क में काम करने वाले सेवादारों, कर्मचारियों की जमकर तारीफ की और उनको मिठाई बांटकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त एवं वरिष्ठ प्रभारी प्रमोद कुमार, प्रभारी नंदी पार्क डॉ अनुज कुमार सिंह एवं अशोक पाल एसएफआई नगरायुक्त के साथ मौजूद रहे।



बीसीसीआई महिला क्रिकेट के बारे में सोच रहा

# संवाद में विस्तृत ब्योरा देने की जरूरत : अंजुम चोपड़ा

**अभिषेक होरे।** नई दिल्ली

महिला टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा का मानना है कि महिला क्रिकेट को लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पास योजना है लेकिन बोर्ड को इससे जुड़े विचारों को ज्यादा विस्तार से बताने की जरूरत है।

क्रिकेटर से सफल कमेंटेटर बनीं चोपड़ा ने बात करते हुए कहा बीसीसीआई महिला क्रिकेट की प्रगति के बारे में सोच रहा है। चोपड़ा ने कहा, ऐसा नहीं है कि बीसीसीआई महिला क्रिकेट के बारे में नहीं सोच रहा है। मुझे केवल यह लगता है कि उन्हें महिला क्रिकेट के बारे में विस्तृत ब्योरा देने की जरूरत है। उन्होंने कहा,

## बोलीं पूर्व कप्तान महिला क्रिकेट को सुर्खियों में देखना खुशी की बात है

मेरा दृढ़ विश्वास है कि वे महिला क्रिकेट के बारे में सोच रहे होंगे, लेकिन यह सब ऐसा ही होना चाहिए जैसे कि पुरुष क्रिकेट के लिए विस्तृत ब्योरे में होता है।

बीसीसीआई को उस वक्त आलोचना का समाना करना पड़ा जब उसने कोविड-19 महामारी के मद्देनजर सितंबर में महिला टीम के इंग्लैंड दौरे को रद्द कर दिया था।



चोपड़ा ने कहा कि यह अच्छा नहीं था, लेकिन नवंबर में महिला आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) से भारतीय खिलाड़ियों को अगले साल होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए तैयारी का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा, महिला क्रिकेट को सुर्खियों में देखना खुशी की बात है। उन्हें उस इंग्लैंड दौरे का हिस्सा होना चाहिए था और शुरुआत में मुझे यह अच्छा नहीं लगा था, लेकिन महिला आईपीएल भी विश्व कप की तैयारियों में मददगार होगी। क्रिकेट के किसी भी प्रारूप से तैयारी की जा सकती है।

उन्होंने कहा, किसी भी टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध नहीं होना अच्छी बात नहीं है, लेकिन तार्किक रूप से इसके पीछे कई मुद्दे हो सकते हैं। और आप कम तैयारियों के साथ टीम नहीं भेज सकते। चोपड़ा ने सौरव गांगुली की अगुवाई वाली बीसीसीआई द्वारा आईपीएल के साथ-साथ यूएई में महिलाओं के आईपीएल के आयोजन के फैसले का स्वागत किया। पुरुषों का आईपीएल 19 सितंबर से 10 नवंबर तक चलेगा। महिला आईपीएल पुरुष लीग के आखिरी चरण में होगा। उन्होंने कहा, मैं निश्चित रूप से खुश हूं, दुनिया भर में कहीं भी किसी भी प्रकार के क्रिकेट का हिस्सा बनना हमेशा अच्छा होता है। चोपड़ा ने सफलतापूर्वक 17 साल तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला है और उन्होंने रिकार्ड छह विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वह 100 एकदिवसीय खेलने वाली पहली महिला क्रिकेटर हैं।

# धोनी जैसा कोई नहीं : रोहित

## मेरा मानना है कि इस तरह तुलना नहीं की जा सकती, प्रत्येक व्यक्ति अलग होता है

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा का मानना है कि महेंद्र सिंह धोनी अपनी तरह के अकेले खिलाड़ी हैं। रोहित ने इस तरह दो बार के पूर्व विश्व कप विजेता कप्तान के साथ अपनी नेतृत्व शैली और धैर्य की तुलना को अधिक तवज्जो नहीं दी।

भारतीय टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज सुरेश रैना ने सुपर ओवर पोडकास्ट में रोहित शर्मा को भारतीय क्रिकेट टीम का अगला महेंद्र सिंह धोनी कहा था। भारत की सीमित ओवरों की टीम के उप कप्तान और इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियन्स की अगुआई करने वाले रोहित ने अपनी नेतृत्व क्षमता की तुलना धोनी से करने पर प्रतिक्रिया




दी। एक प्रशंसक के सवाल के जवाब में ट्विटर पर पोस्ट वीडियो में रोहित ने कहा, हां, मैंने सुरेश रैना की टिप्पणी सुनी है। उन्होंने कहा, महेंद्र सिंह धोनी अपनी तरह के अकेले हैं और कोई भी उनकी तरह नहीं हो सकता और मेरा मानना है कि इस तरह तुलना नहीं की जा सकती, प्रत्येक व्यक्ति अलग होता है और उसके अपने मजबूत पक्ष और कमजोरियां होती हैं।

रैना आईपीएल में रोहित की अगुआई में मुंबई इंडियन्स के चार आईपीएल खिताब जीतने के रिकॉर्ड से प्रभावित हैं जो धोनी की कप्तानी में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिताबों से एक अधिक है। विराट कोहली की गैरमौजूदगी में रोहित की अगुआई में भारत ने 2018 में श्रीलंका में निदाहस ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट और 50 ओवरों के एशिया कप का खिताब जीता। रोहित ने 10 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 19 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का नेतृत्व किया और इस दौरान क्रमश: आठ और 15 मैच जीते।

रैना ने कहा, मैंने उसे देखा है, वह धैर्यवान रहता है, उसे दूसरों की बात सुनना पसंद है.... जब हमने बांग्लादेश में एशिया कप जीता था तो मैं उसके नेतृत्व में खेला था। उन्होंने कहा, महेंद्र सिंह धोनी शानदार था। उसने (रोहित ने) धोनी से अधिक आईपीएल खिताब जीते हैं लेकिन दोनों में काफी समानता है। कप्तान के रूप में दोनों को दूसरों की बात सुनना पसंद है। रैना ने कहा, जब आपका कप्तान सुन रहा हो तो आप काफी समस्याओं का हल निकाल सकते हो। इसलिए मेरी नजर में वे दोनों शानदार हैं।

# पनेसर ने कहा, बिलिंग्स को नियमित तौर पर वनडे टीम में होना चाहिए

**नई दिल्ली।** बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर ने इंग्लैंड की एकदिवसीय टीम में सैम बिलिंग्स को नियमित तौर पर जगह नहीं मिलने पर हैरानी जताते कहा कि आयरलैंड के खिलाफ प्रदर्शन को देखते हुए उनको शीर्ष छह में स्वत: जगह मिलनी चाहिए।

इंग्लैंड के लिए 2015 में पदार्पण करने वाले 29 साल के बिलिंग्स ने अब तब महज 16 एक दिवसीय और 26 टी20 खेले हैं। जो डेनली के चोटिल होने के कारण टीम में शामिल किए गए बिलिंग्स ने आयरलैंड के खिलाफ पहले दो एक दिवसीय में 67 और 46 रन की नाबाद पारियां खेली। इंग्लैंड के लिए 50 टेस्ट और 26 एकदिवसीय खेलने वाले 38 साल के पनेसर ने स्पोर्ट्सटाइगर के कार्यक्रम क्रिकेट टॉक्स विद मोंटी पनेसर में कहा, बिलिंग्स जब भी एकदिवसीय टीम में रहते हुए क्रीज पर होते हैं तो वह काफी सहज दिखते है। मुझे आश्चर्य होता है कि वह नियमित तौर पर एकदिवसीय टीम में क्यों नहीं रहते हैं। टेस्ट में 167 विकेट लेने वाले पनेसर का मानना है कि एकदिवसीय श्रृंखला को अपने नाम करने के बाद तीसरे मैच में उपकप्तान मोइन अली को इंग्लैंड का नेतृत्व करना चाहिए, मैं मोइन अली को तीसरे वनडे में कप्तानी करते देखना चाहूंगा।

मुझे लगता है कि वह स्वाभाविक रूप से उप-कप्तान से ज्यादा कप्तान है। इयोन मोर्गन को आराम दिया जा सकता है या कप्तानी में बदलाव की कोशिश करके देख सकते हैं कि वह किस तरह से नेतृत्व करते हैं। इस 38 साल के खिलाड़ी ने कहा कि तीसरे एकदिवसीय में टीम को अधिक युवाओं को मौका देकर बेंच स्ट्रेंथ का आकलन करना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### सात खिलाड़ी, छह स्टाफ सदस्य कोरोना पॉजिटिव

**न्यूयॉर्क।** सेंट लुई कार्डिनल्स के सात खिलाड़ी और स्टाफ के छह सदस्य कोरोना वायरस पॉजिटिव पाए गए हैं जिसके बाद मेजर लीग बेसबॉल (एमएलबी) ने डेट्रॉयट में टीम की चार मैचों की श्रृंखला स्थगित कर दी है। यह श्रृंखला कोमेरिका पार्क में मंगलवार से गुरुवार तक खेली जानी थी। कार्डिनल्स के महाप्रबंधक जॉन मोजेलियाक ने सोमवार को कहा कि पॉजिटिव लोगों में से पांच में कोई लक्षण नहीं दिखाई दे रहे थे जबकि अन्य को सिरदर्द, खांसी और हल्का बुखार था।

### दूसरे डिविजन के रद्द फुटबॉल मैच खेलने का आदेश

**मैड्रिड।** स्पेन के फुटबॉल महासंघ ने कोरोना वायरस से खिलाड़ियों के संक्रमित होने के बाद दूसरे डिविजन में डेपोर्टिवो ला कोरुना और फुएंलब्राडा के बीच मैच को रद्द करने के फैसले को खारिज कर मुकाबले को इसी सप्ताह आयोजित करने को कहा है। यह मैच इसलिए भी अहम है कि क्योंकि फुएंलब्राडा के पास शीर्ष लीग में क्वालीफाई करने का मौका है। इस मैच को 20 जुलाई को खेला जाना था लेकिन फुएंलब्राडा के खिलाड़ियों के कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के बाद स्पेनिश लीग इसे रद्द करना चाहता था। महासंघ की प्रतियोगिता समिति ने हालांकि कहा कि शीर्ष लीग में क्वालीफाई करने के लिए प्लेऑफ में अंतिम योग्यता स्थान तय करने के लिए इसे खेला जाना चाहिए। प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए फुएंलब्राडा को इस मैच को कम से कम ड्रा करना होगा। डेपोर्टिवो ला कोरुना की टीम पहले ही तीसरे डिविजन में रेलिगेट हो गई है। फुएंलब्राडा के कोच जोस रैमोन सैंडोवल ने कहा, हमारे साथ न्याय हुआ है। हम मैदान पर प्रतियोगिता के नतीजे को तय करने के अधिकार के लिए लड़े और अब ऐसा ही होगा।

### अक्टूबर में होने वाली टी20 श्रृंखला स्थगित

**मेलबर्न।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने मंगलवार को कहा कि उसने वेस्टइंडीज के खिलाफ अक्टूबर में होने वाली तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला को स्थगित कर दिया है। टी20 मैचों का आयोजन टाउन्सविल, केर्न्स और गोल्ड कोस्ट में क्रमश: चार, छह और नौ अक्टूबर को होना था। यह श्रृंखला टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए आयोजित हो रही थी लेकिन इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को पिछले महीने वैश्विक स्वास्थ्य संकट के कारण स्थगित कर दिया गया जिसके बाद दोनों देश के बोर्ड ने टी20 श्रृंखला को भी स्थगित करने का फैसला किया। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने ट्वीट किया, वेस्टइंडीज क्रिकेट के साथ मिलकर हम टी20 श्रृंखला को स्थगित करने पर सहमत हो गए है जिसका आयोजन अक्टूबर में क्वीन्सलैंड में होना था। बोर्ड ने कहा, यह श्रृंखला आईसीसी टी20 विश्व कप की तैयारी थी और अब इसका आयोजन आस्ट्रेलिया में 2021 या 2022 में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले ही किया जाएगा। दोनों देशों के शीर्ष खिलाड़ी अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में हिस्सा लेंगे जिसका आयोजन यूएई में 19 सितंबर से 10 नवंबर के बीच किया जाएगा। आस्ट्रेलिया की जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला को भी स्थगित कर दिया गया जो रविवार से शुरू होनी थी। आस्ट्रेलिया को अब सितंबर की शुरुआत में इंग्लैंड का सीमित ओवरों का दौरा करना है लेकिन यह देखना होगा कि श्रृंखला का आयोजन होता है या नहीं। पिछले हफ्ते दक्षिण अफ्रीका ने सितंबर में होने वाला वेस्टइंडीज का दौरा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया था क्योंकि उसके खिलाड़ी आईपीएल में व्यस्त होंगे। वेस्टइंडीज सितंबर में दो टेस्ट या पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी की उम्मीद कर रहा था।

### खांसने पर फुटबॉल खिलाड़ी को दिखाया जा सकता है लाल कार्ड

**ज्यूरिख।** फुटबॉल खिलाड़ी अगर किसी अन्य खिलाड़ी या मैच अधिकारी करीब जाकर जानबूझकर खांसता है जो उसे लाल कार्ड दिखाया जा सकता है। फुटबॉल के नियम बनाने वाले अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल संघ बोर्ड (आईएफएबी) ने कोरोना वायरस महामारी के बाद अपने दिशानिर्देशों को अपडेट करते हुए यह जानकारी दी। रैफरी हालांकि तभी खिलाड़ी को लाल कार्ड दिखा सकता है जब वह सुनिश्चित हो कि जानबूझकर खांसा गया है। इस दौरान पीला कार्ड दिखाने का विकल्प भी रहेगा। इस नियम को आक्रामक, अपमानजनक या अभद्र भाषा और इशारे के इस्तेमाल के अंतर्गत जगह दी गई है। आईएफएबी ने कहा, बाकी सभी अपराधों की तरह रैफरी को फैसला करना होगा कि अपराध की असल प्रकृति क्या है। उन्होंने कहा, अगर यह दुर्घटनावश है तो रैफरी कोई कार्रवाई नहीं करेगा और ना ही तब जब खिलाड़ियों से काफी अधिक दूरी पर खांसा जाएगा। बोर्ड ने कहा, हालांकि जब यह इतना करीब होगा कि अपराध लगे तो रैफरी कार्रवाई कर सकता है।

### दिल्ली इकाई को मार्गदर्शन देने के लिए तैयार है एआईएफएफ

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव कुशल दास ने कहा है कि महासंघ दिल्ली प्रदेश इकाई को मार्गदर्शन देकर उसका सही दर्जा दिलाने के लिए तैयार है। उन्होंने भारतीय कप्तान सुनील छेत्री के 36वें जन्मदिन पर सोमवार को एक कार्यक्रम के दौरान फुटबॉल दिल्ली की मदद का वादा किया। इस आनलाइन बैठक में दास ने फुटबॉल दिल्ली से दीर्घ और अल्पकालिन लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि फुटबॉल दिल्ली बहुत फायदेमंद स्थिति में है। एआईएफएफ मुख्यालय ज्यादा दूर नहीं है। एआईएफएफ अपनी लीग और स्पर्धाओं के जरिए हर सत्र में करीब 1500 मैच कराता है और 30000 से अधिक गोल्डन बेबी लीग होती हैं।

## लीग फाइनल में पहुंची टीमों ने वायरस नियमों की धज्जियां उड़ाई

**साओ पाउलो।** साओ पाउलो राज्य लीग फाइनल में इस हफ्ते हिस्सा लेने वाली दोनों टीमों पर कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए जारी स्वास्थ्य सिफारिशों की जानबूझकर अनदेखी करने का आरोप लगाया गया है।

गत साओ पाउलो राज्य चैंपियन कोरिनथियांस ने सोमवार को दोबारा परीक्षण से इनकार कर दिया जबकि उसके चिर प्रतिद्वंद्वी पालमेइरास की मैचों के बाद खिलाड़ियों और स्टाफ को घर जाने की स्वीकृति देने के लिए आलोचना की गई। राज्य फाइनल का पहला चरण बुधवार को जबकि दूसरा चरण शनिवार को खेला जाएगा। साओ पाउलो फुटबॉल संघ के कोविड-19 से जुड़े नियम वहीं हैं जो अगले सप्ताहांत शुरू हो रही ब्राजील चैंपियनशिप के दौरान लागू होंगे।

## पालेर्मो लेडीज ओपन के साथ शीर्ष स्तर के टेनिस की वापसी

**पालेर्मो।** कोरोना वायरस के कारण पांच महीने के ब्रेक के बाद सोमवार को पालेर्मो लेडीज ओपन के साथ टूर स्तर की टेनिस प्रतियोगिता बहाल हुई। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को अपने तौलिए अपने पास रखने होंगे और विरोधी खिलाड़ी के साथ हाथ नहीं मिलाना होगा।

कोरोना वायरस से जुड़े कड़े नियमों के अनुसार खिलाड़ियों को स्टेडियम में शॉवर लेने और प्रशंसकों को आटोग्राफ देने या उनके साथ फोटो खिंचवाने की स्वीकृति नहीं होगी। एकल मुख्य ड्रॉ में 16 यूरोपीय देशों और अर्जेन्टीना के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पंद्रह सौ दर्शकों की क्षमता वाले स्टेडियम में सीमित संख्या में दर्शकों को आने की इजाजत होगी और इस दौरान सामाजिक दूरी के नियमों का पालन किया जाएगा। मार्च



की शुरुआत के बाद पुरुषों या महिलाओं के लिए आयोजित हुए पहले आधिकारिक मैच में क्रोएशिया की छठी वरीय डोना वेकिच ने नीदरलैंड की अरांत्जा रस को 6-1, 6-2 से हराया।

## हॉकी इंडिया के कोचों के लिए कार्यशाला आयोजित करेगा एएचएफ

**नई दिल्ली।** एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) हॉकी इंडिया के कोचों और तकनीकी अधिकारियों के लिए इस महीने दूसरी आनलाइन शैक्षिक कार्यशाला का आयोजन करेगा।

पंद्रह से अधिक कोचों और तकनीकी अधिकारियों का समूह कुल पांच कार्यशालाओं में हिस्सा लेगा। इस कार्यशाला का लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय मैचों और टूर्नामेंटों में अधिकारी की भूमिका निभाने और प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की तकनीकी विशेषज्ञता और जानकारी देना है। इस कार्यशाला का आयोजन प्रतिनिधित्व पेश करने वाले उम्मीदवारों के लिए मुफ्त किया जाएगा। तकनीकी अधिकारियों के लिए कार्यशाला में ध्यान मुख्य रूप से आचार संहिता पर दिया जाएगा जिसमें खिलाड़ियों द्वारा



विरोध करना भी शामिल है। कोचों के लिए जो फाइव-ए-साइड हॉकी में कोचिंग, शारीरिक फिटनेस की जरूरतों, मैच रणनीति और गोलकीपर की भूमिका पर ध्यान दिया जाएगा।

हॉकी इंडिया ने भारत में फाइव-ए-साइड टूर्नामेंटों में हिस्सा लेने वाली अपनी आठ सदस्य इकाइयों से दो-दो कोच (एक महिला और एक पुरुष) को नामित करने को कहा है।

## खेल पंचाट ने एशियाई कप में कतर की जीत के खिलाफ यूएई की अपील खारिज

**लुसाने।** खेल पंचाट (कैस) ने यूएई के इन आरोपों को खारिज कर दिया है कि कतर ने 2019 एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जीत के दौरान अयोग्य खिलाड़ी को मैदान पर उतारा था।

कतर ने अबु धाबी में सेमीफाइनल में 4-0 से जीत दर्ज की थी और बाद में पहली बार एशियाई कप का खिताब जीतने में सफल रहा। यूएई ने सेमीफाइनल में हार के बाद विरोध दर्ज कराया था कि कतर के स्टार फारवर्ड अलमोइज अली और डिफेंडर बसाम अल रावी अयोग्य थे क्योंकि उनकी माता का जन्म कतर में नहीं हुआ था। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) और फिर उसकी



अपील समिति ने यूएई के विरोध को खारिज कर दिया था।

यूएई महासंघ ने इसके बाद खेल पंचाट का दरवाजा खटखटाया लेकिन उसने अल रावी के खिलाफ विरोध वापस ले लिया क्योंकि उन्हें सेमीफाइनल के दौरान निलंबित कर दिया गया था। कैस ने मार्च में सुनवाई की थी और उसने कहा कि अली की मां का जन्म कतर में हुआ और उनके पास कतर और सूडान की दोहरी नागरिकता है।

## अमेरिकी महिला एमेच्योर चैंपियनशिप में अनिका वर्मा संयुक्त 55वें स्थान पर

**रॉकविले।** चार अगस्त (एपी) अनिका वर्मा अमेरिकी महिला एमेच्योर चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली पहली भारतीय गोल्फर बनी। सोलह साल की अनिका की शुरुआत हालांकि प्रभावी नहीं रही और वह पहले दौर में तीन ओवर 75 के स्कोर से संयुक्त 55वें स्थान पर चल रही हैं। स्ट्रोक प्ले के दो दौर के बाद शीर्ष 64 खिलाड़ी चैंपियनशिप के मैच प्ले वर्ग में जगह बनाएंगी। अनिका ने दो बर्डी की लेकिन वह पांच बोगी भी कर गई जिससे उनका स्कोर तीन ओवर रहा। राशेल कुएन और लिली स्मिथ ने चार अंडर 68 के स्कोर से संयुक्त बढ़त बना ली है। दोनों अपने पहले महिला एमेच्योर टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही हैं।



## पूर्व टेनिस खिलाड़ी पुएर्टा ने कैस को डोपिंग पर झूठ बोलने की बात स्वीकार की

**ब्यूनर्स आयर्स।** संन्यास ले चुके टेनिस खिलाड़ी मारियानो पुएर्टा ने स्वीकार किया है कि दूसरी बार डोप परीक्षण में पॉजिटिव पाए जाने के बाद अपने निलंबन को कम करने के लिए उन्होंने खेल पंचाट (कैस) को झूठ बोला था।

फ्रेंच ओपन 2005 के फाइनल में जगह बनाने के चार महीने के बाद अर्जेन्टीना के इस खिलाड़ी को एटाइलफ्राइन के लिए पॉजिटिव पाया गया था जो प्रतिबंधित पदार्थ है। उन्हें 2003 में भी प्रतिबंध एनाबोलिक स्टेरायड के इस्तेमाल का दोषी पाया गया था। पुएर्टा को शुरुआत में आठ साल के लिए निलंबित किया गया था लेकिन बाद में उनकी सजा को



घटाकर दो साल का कर दिया गया और इसके पीछे का कारण बचाव पक्ष की रणनीति थी लेकिन उन्होंने अब कहा है कि यह झूठ थी। पुएर्टा ने सोमवार को ला नेसियोन समाचार पत्र में प्रकाशित साक्षात्कार में कहा, लेकिन मैंने खेल से जुड़ा कोई फायदा नहीं उठाया। मैं नहीं चाहता था कि मुझे धोखेबाज के रूप में देखा जाए।



# स्टार्क को आईपीएल में नहीं खेल पाने का मलाल नहीं

## कोविड-19 के कारण प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को स्थगित कर दिया गया

**मेलबर्न।** बाएं हाथ के आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क को इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का हिस्सा नहीं बनने का मलाल नहीं है और उन्होंने कहा कि वह आगामी गर्मियों के सत्र की तैयारी करके सहज हैं।

स्टार्क आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप पर ध्यान लगाने के लिए आईपीएल से हट गए थे लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को स्थगित कर दिया गया। दो साल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की ओर से खेलने वाले 30 साल के स्टार्क के हवाले से क्रिकेट.कॉम.एयू ने कहा, मुझे पता है कि दूरदर्शिता शानदार चीज है और अब आईपीएल अलग समय पर हो रहा है लेकिन नहीं, मैं अपना फैसला नहीं बदलूंगा। उन्होंने कहा, खिलाड़ी जब सितंबर में आईपीएल में खेल रहे होंगे तो मुझे ट्रेनिंग में समय बिताकर खुशी होगी। मैं गर्मियों के लिए तैयार हो रहा हूं। स्टार्क ने कहा, अगले साल आईपीएल होगा और मुझे अगर खेलने की इच्छा होगी या मेरे आसपास के लोग चाहेंगे तो निश्चित तौर पर मैं इस पर विचार करूंगा लेकिन इस साल मैं अपने फैसले को लेकर काफी सहज हूं। स्टार्क को 2018 आईपीएल नीलामी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीदा था लेकिन वह चोट के कारण सत्र से बाहर हो गए थे और अंतत: नवंबर में उन्हें रिलीज कर दिया गया। यह तेज गेंदबाज इस समय न्यू साउथ वेल्स की टीम के अपने साथियों के साथ ट्रेनिंग कर रहा है और आस्ट्रेलिया के इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे की पुष्टि होने का इंतजार कर रहा है। आस्ट्रेलिया को इंग्लैंड दौरे पर तीन टी20 और इतने ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं। श्रृंखला चार सितंबर से खेली जानी है लेकिन यह देश की सरकार की स्वीकृति पर निर्भर करेगी।

## इनफेंटिनो के खिलाफ जांच से फीफा की छवि को हुए नुकसान को नहीं बदला जा सकता

**ज्यूरिख।** विश्व फुटबॉल के संचालन को लेकर जियानी इनफेंटिनो की स्विट्जरलैंड के विशेष अभियोजक द्वारा जांच किए जाने से फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा को लग रहा है उसकी छवि खराब हुई है जिसे बदला नहीं जा सकता है।

घोटालों से फीफा की खराब हुई छवि को उस समय और धक्का लगा जब उसके अध्यक्ष और अधिकारियों के बीच हुई गुप्त बैठक के बारे में पता चला। फीफा के उप महासचिव अलसादेयर बेल ने द एसोसिएटेड प्रेस



से सोमवार को कहा, यह अब रिकॉर्ड में है कि आपराधिक जांच हो रही है, हम इसे झुठला नहीं सकते। उन्होंने कहा, इससे छवि को जो नुकसान हुआ है उसे बदला नहीं जा सकता।



# खुराक पर दें ध्यान

**विभिन्न कारण हो सकते हैं कि महिलाएं मेनोपॉज या रजोनिवृत्ति के दौरान क्यों लगातर थकान महसूस करती हैं। स्वास्थ्यवर्द्धक खाने और समस्या बचने के लिए कुछ तरीके बताते हैं रोहित शेलाट्कर**

रजोनिवृत्ति या मेनोपॉज वो स्थिति है, जब महिला की माहवारी या मासिक धर्म आना बंद हो जाता है। मासिक धर्म आम तौर पर अनियमित होना शुरू होते हैं या उनके पूरी तरह बंद होने के कुछ महीनों या सालों पहले उनकी आवृत्ति कम होने लगती है। ऐसा आम तौर पर 45 और 55 वर्ष की आयु के बीच होता है, लेकिन ऐसा इस आयु सीमा से पहले या बाद में भी हो सकता है।

मेनोपॉज के कुछ लक्षण हैं चेहरे व छाती पर गर्मी महसूस करना, रात में पसीना आना, एकाग्रताभंग की स्थिति, योनि में सूखापन, बेचैनी, अस्थिर मूड आदि। महिलाओं के लिए यह ऐसा समय है, जो अत्यधिक थकाऊ और उनके मूड और समग्र स्वास्थ्य में बड़े बदलाव का कारण बन सकता है। हार्मोनल बदलाव होता है, जो चेहरे व छाती में गर्मी महसूस होने का कारण बनता है और रात में पसीना आना आपके मूड और ऊर्जा स्तरों को प्रभावित भी कर सकता है, जो फिर मेनोपॉज थकान की ओर ले जाता है।

स्वास्थ्यवर्द्धक खुराक बनाए रखने और नियमित व्यायाम करने से महिलाओं को बेहतर महसूस करने और दूरगामी रूप में अपना स्वास्थ्य सुधारने में सहायता हो सकती है। मेनोपॉज से संबंधित कुछ दूरगामी और अल्पकालिक स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। क्योंकि हम स्वीकार करें कि हममें से अधिकांश को खराब खुराक मिली होती है या हमने मामूली मगर महत्वपूर्ण जानकारियों पर हम बमुश्किल ध्यान दिया होता है। और यह एक बड़ी समस्या है। और यह शायद अनिवार्यतया सच्चाई न लगे कि आप हर समय गलत चीजें खा रही हैं, लेकिन हम आजकल इस दौर में व्यस्त लोग हैं। हम चलते फिरते खाते रह सकते हैं। आपने लंच के दौरान या शाम को तेजी से सैंडविच को सिर्फ हलक से उतारा हो सकता है। हममें से ज्यादातर लोग मेनोपॉज अवधि के दौरान निराहारी रहने की कोशिश करती हैं, क्योंकि हमारा वजन बढ़ रहा होता है और यदि आप मेनोपॉज में पर्याप्त खाना नहीं खाती हैं, तो यह आपको थकाने वाला होता है और पस्ती देता है। इसलिए ध्यान देने वाली कुछ बातें इस प्रकार हैं।

## अल्पकालिक

पहली और सबसे महत्वपूर्ण बात है धूम्रपान, शराब सेवन, मसालेदार भोजन खाने, चाकलेट और कोका कोला जैसे ड्रिंक्स से परहेज करें, क्योंकि इनसे मेनोपॉज लक्षणों में इजाफा हो सकता है। सोया खाना मेनोपॉज लक्षणों में सहायक बन सकता है, क्योंकि सोया में आइसोफ्लेवोंस होता है, जो ओएस्ट्रोजन के सदृश काम कर सकता है।

**एक महत्वपूर्ण टिप:** सुनिश्चित करें कि आप पर्याप्त खाना खा रही हैं लेकिन यह भी देखें कि क्या खा रही हैं। यदि आप अत्यंत मीठे या अत्यंत नमकीन आहारों आदि को खाने के बाद उन ब्लड शूगर सामग्रियां खाते हैं या काफी मात्रा में कैफीन पी रहे हैं, तो उससे भी थकान हो सकती है। और याद रखें, पानी!

## दूरगामी

दूरगामी स्तर पर, मेनोपॉज के पुनरावर्ती लक्षण ओस्टियोपोरोसिस या हृदयधमनीगत समस्यओं का कारण बन सकते हैं। नींद की अच्छी आदतें डालना तथा काफी आराम करना अत्यावश्यक है। विशेषज्ञ पेडू पटल को



मजबूत करने वाले व्यायाम करने की पुरजोर सलाह देते हैं। अन्य व्यायामों में प्राणायाम व ध्यान करना शामिल हैं क्योंकि इनसे तन और मन को राहत मिलने में सहायता मिलती है।

हड्डियों के स्वास्थ्य की खुराक लेना हड्डियों की मजबूती व सघनता बनाए रखने में मदद के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है। ओस्टियोपोरोसिस की रोकथाम के लिए, व्यक्ति को कैल्शियम, विटामिन डी और मेग्निशियम से समृद्ध भोजन खाना चाहिए। यहां कुछ तत्व हैं जिन्हें खाना अत्यावश्यक है।

## कैल्शियम

- दुग्ध उत्पाद, मसलन दूध, योगर्ट या पनीर (कम वसायुक्त विकल्पों का चुनाव करें)
- जलकुंभी और करम साग जैसी हरी पत्तीदार सब्जियां
- सूखी अंजीर
- मछली (जो सारडीन जैसी हड्डियों के साथ खाई जाती है )
- विटामिन डी
- तैलीय मछली
- अंडे
- मेग्निशियम
- पालक और करम साग जैसी हरी पत्तीदार सब्जियां
- अंजीर, केला और रूचिरा और रसबेरियों जैसे फल मेग्निशियम का विशेष स्रोत हैं।
- बादाम और बीज
- काले बीज, छोले और कीडनी बीन्स जैसी फलियां
- मटर, ब्रोकली, गोभी, हरा मटर, चुकंदर, शतावर, बंदगोभी जैसी सब्जियां।
- सामन, मैकेरल, टूना जैसी मछलियां ओमेगा तीन का अच्छा स्रोत भी हैं।
- ब्राउन राइस और ओट्स जैसे अनाज
- डार्क चाकलेट भी तनाव और मूड अस्थिरता में सहायता करते हैं।
- बेरीज न केवल प्राकृतिक मिठास का अच्छा स्रोत हैं बल्कि वे मोटापे से लड़ने, जलन घटाने और हृदय रोग का खतरा घटाने में मददगार हैं।

## हृदय स्वास्थ्य और पौष्टाहार की कमी को सुधारना

खराब खुराक का ज्यादा संबंध पौष्टाहार की कमी से है और आपको हर समय थकान महसूस कराता है। और यदि आप सोच भी लें कि आप अच्छी खुराक ले रहे हैं तो भी, थकान महसूस होती है। आप सचमुच आपके स्वास्थ्य को ढालने की जरूरत है।

- सेचुरेटेड वसा में कटौती करें और उसकी जगह बिना सेचुरेटेड वसा का सेवन करें
- मक्खन के बजाय जैतून तेल तथा भोजन में वसा का उपयोग करें।
- नमक खाने में कमी लाएं
- खुराक में साबुत अनाज और उच्च-फाइबर शामिल करें, मसलन होलग्रेन ब्रेकफास्ट सीरियल्स, होलग्रेन व्हीट पास्ता और मटर। फल और सब्जियां अच्छे फाइबर प्रदाता भी हैं।

– **(लेखक वीटाबायोटिक्स लिमिटेड के उपाध्यक्ष, फिटनेस एंड न्यूट्रिशन विशेषज्ञ हैं।**

# सामूहिक रूप में जैविक खेती

**छत्तीसगढ़ के छह आदिवासी गांवों में विभिन्न किसानों ने प्राकृतिक कृषि तरीकों को अपनाया है और वे विभिन्न प्रकार का मोटा अनाज और चावल उत्पादित कर रहे हैं।**

छत्तीसगढ़ के उत्तरी बस्तर क्षेत्र में कांकेर जिले से 66 किमी दूर स्थित दुर्गकोंडल ब्लॉक में गोतुलमुडा गांव एक जैविक क्रांति का गवाह बन रहा है। इस अनधिसूचित गांव में, 450 से अधिक किसानों ने सामूहिक जैविक खेती को एक अग्रगामी राह के रूप में चुना है। एक साथ काम करते हुए ये किसान इलाके में खुश्बूदार चावल की नौ विभिन्न प्रजातियों की खेती के अलावा, मोटा अनाज व अन्य दालें व तिलहन फसलें उत्पादित कर रहे हैं।

इस क्रांति के बीज साल 2016-17 में बोए गए थे, जब लगभग 200 किसानों ने कृषि विभाग के सहयोग से किसान विकास समिति नामक संमूह का गठन किया। प्राकृतिक पारिस्थितिकी को बचाना, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखना और अच्छी क्वालिटी वाली फसलें उगाना इन किसानों के साझा लक्ष्य थे, जिन्होंने उन्हें एक साथ मिलकर काम करने के लिए प्रेरित किया। स्वस्थ उगाएंगे, स्वस्थ खिलाएंगे मिशन के साथ, छह आदिवासी बहुल गांवों के इन 200 किसानों ने खेती की जैविक तकनीकों को सामूहिक रूप से लागू करना शुरू किया। इनके समर्पण को देखकर, जिला प्रशासन ने कमेटी को हरित क्रांति योजना, किसान समृद्धि योजना और सोएल हेल्थ कार्ड योजना जैसी योजनाओं के साथ जोड़ दिया। प्रशासन ने किसानों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया।

स्वयं शुरुआती चरण में, कमेटी ने जैविक फसलों की अच्छी क्वालिटी सुनिश्चित करने के लिए समझदारीपूर्ण प्रक्रिया को अपनाया था। पहला कदम था प्रत्येक किसान की जमीन का विश्लेषण करना। विशिष्ट गुणों के आधार पर, किसानों ने ऐसी फसलें उगाईं, जो उनकी भूमि के अनुकूल थीं। इसके बाद जैविक खाद की तैयारी की गई, जिसे किसानों द्वारा संयुक्त रूप से भी किया गया। गाय का गोबर पौधों की पत्तियों, गेहूं और चावल के भूसा को जलाने के बजाय, उन्होंने इसे मिलाया और सबको खाद बनाने के लिए सड़ा दिया। केमिकल कीटनाशकों द्वारा किए गए नुकसान को समझते हुए, उन्होंने फसल को किटाणुओं से दूर रखने के लिए करंजा, यूकोलिप्टस, अदरक और मिर्च जैसे जैविक रसायनों को अपनाया। इन प्राकृतिक कीटनाशकों से फसल और जमीन को किसी प्रकार का कोई हानिकारक असर नहीं होता था। इसके बाद था खेतों की निर्बाध सिंचाई को सुनिश्चित करना। इसके लिए, कमेटी ने नहर में पंप लगाया और गांव में कुछ स्थानों पर ट्यूबवेल लगाए।

लगभग चार सालों के बाद भी, कमेटी नियमित रूप से हर किसान के खेत देखने जाती है और उनकी जांच करती



है। सकारात्मक जांच त्वरित प्रतिक्रिया तथा कमेटी स्तर पर किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान प्रदान करती है। कटाई के बाद, सदस्य अपनी फसलों को कमेटी के पास लाते हैं और उसे बाजार में या सरकार को सामूहिक रूप से बेचते हैं। प्राप्त धनराशि को सभी किसानों में बराबर बराबर बांट दिया जाता है।

कमेटी की सदस्य और किसान रत्नी बाई बताती हैं,' हम सभी समूची प्रक्रिया में समर्पित भाव से काम करते हैं। कंपोस्टिंग से लेकर, प्राकृतिक कीटनाशक तैयार करने व खेती के लिए बीज उत्पादन तक हर काम हम एक साथ मिलकर पूरा करते हैं। यह लागत घटाता है और मुनाफा बढ़ाता है।'

गोतुलमुंडा के किसान नौ किस्म के खुशबूदार चावल- चिरइनाखि, विष्णुभोग, रामजीरा, बस्ताभोग, जावाफूल, कर्लागातो, सुंदरवर्णिम, लुचाई और दुबराज उगाते हैं। हालिया समय में, स्थानीय स्तर पर उपजे कोदो, कुट्की और रागी जैसे मोटे अनाजों की मांग भी बढ़ गयी है। पहले गरीब का खाद्य अनाज माने जाने वाले, मगर इसके औषधीय व पौष्टिक लाभों ने इन मोटे अनाजों को आज पूरी दुनिया के अमीरों में लोकप्रिय बना दिया है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कोदू की मांग पूरी करने के लिए किसान विकास समिति ने सरकार से बीस मेट्रिक टन का आर्डर प्राप्त किया है। किसान विकास समिति के संयोजक डीके भास्कर ने कहा कि पहले साल में इसमें 200 किसान थे, लेकिन आज 456 से अधिक किसान सामूहिक जैविक खेती की इस अवधारणा से लाभान्वित हो रहे हैं। उनके मुताबिक, 'रासायनिकों का उपयोग पर्यावरण की क्षति का कारण बनता है। और इसके लिए इंसान जिम्मेदार है। हमारी कमेटी का उद्देश्य ऐसे हानिकारक रासायनिकों का उपयोग बंद करना है और इस परियोजना को लाभकारी बनाकर जैविक खेती के लाभों को प्रोत्साहित करना है।'

कृषि विज्ञान केंद्र, कांकेर के कृषि वैज्ञानिक बीरबल साहू कहते हैं कि, 'हमारे किसान जैविक खेती नामक इस प्राचीन कृषि तकनीक की ओर वापस लौट रहे हैं। दुनिया भर में जैविक उत्पादों की मांग बढ़ने से, यह प्राकृतिक पद्धति धीरे-धीरे किसानों में एक लाभकारी सौदे के रूप में स्वीकृत हो रही है। हमारा लक्ष्य उन्हें पहचान व लाभ दोनों प्रदान करना है।'

गोतुलमुंडा गांव के किसानों ने जो जैविक कृषि तकनीक का पालन करते हैं, दस से बारह कुंतल चावल उत्पादन करने के लिए प्रति एकड़ 4000 रुपये खर्च करने पड़ते हैं। इसके विपरीत, रासायनिक खेती की लागत किसानों के लिए लगभग 17 से 18 कुंतल चावल के उत्पादन पर 8000 से 9000 के बीच आती है। मिट्टी की उत्पादकता पर, इंसानों के स्वास्थ्य तथा पर्यावरण पर रसायनों का बुरा असर बेइंतहा है। जैविक खेती के आर्थिक, पर्यावरणीय व स्वास्थ्य फायदों को अंतर्राष्ट्रीय मंचों समेत देश में पहचान मिल रही है। छत्तीसगढ़ में किसान निसंदेह इस पहचान से लाभांवित हो रहे हैं, हालांकि, उन्हें अभी भी लगता है कि उन्हें अपनी फसलों के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं। विभिन्न योजनाओं की घोषणाओं के जरिए जैविक खेती को लोकप्रिय बनाने के अलावा, केंद्र और राज्य सरकार दोनों को किसानों को उनकी जैविक फसलों के उचित दाम प्रदान करने हेतु कदम उठाने की जरूरत है।

– **चरखा फीचर्स**

